Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

# सितम्बर

# 2023

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न

**1. 'चंद्रमा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्लू मून उस स्थिति का वर्णन करता है जब एक ही महीने में पूर्णिमा दो बार दिखाई देती है।
2. सुपर मून तब होता है जब चंद्रमा पेरिगी पर होता है।
3. पेरिगी(उपभू) अपनी अण्डाकार कक्षा में चंद्रमा का पृथ्वी से सबसे दूर का बिंदु है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**2. वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (AQLI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AQLI जीवन प्रत्याशा पर कणीय प्रदूषण के प्रभाव को मापता है।
2. इसे शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान (EPIC) द्वारा जारी किया गया है।
3. दक्षिण एशिया में वर्ष 2013 से 2021 तक कणीय प्रदूषण में कमी आई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**3. 'स्वतंत्र पार्टी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना सी. राजगोपालाचारी द्वारा की गई थी, जो भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के नेता थे।
2. एन.जी. रंगा ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में भी शामिल थे और मद्रास प्रांत से इसके सदस्य बने।
3. स्वतंत्र पार्टी का सबसे पहले और मुख्य रूप से सभी लोगों के लिये सामाजिक न्याय एवं समानता पर केंद्रित है, चाहे वे किसी भी धर्म, जाति, व्यवसाय या राजनीतिक झुकाव के हों।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A.केवल एक
B.केवल दो
C.सभी तीन
D.कोई नहीं

**4. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. अल्बानिया
2. ब्राज़ील
3. फ्राँस
4. घाना

**उपर्युक्त में से कितने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के स्थायी सदस्य हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

नोट :

**5. '15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दक्षिण अफ्रीका द्वारा आयोजित 15वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भू-राजनीतिक परिवर्तनों और वैश्विक आर्थिक गतिशीलता की पृष्ठभूमि में महत्वपूर्ण महत्व रखता है।
2. इस शिखर सम्मेलन का विषय "ब्रिक्स और अफ्रीका: पारस्परिक रूप से त्वरित विकास, सतत् विकास तथा समावेशी बहुपक्षवाद के लिये साझेदारी" है।
3. कतर और जॉर्डन ब्रिक्स के नए सदस्य बन गए हैं, जिससे समूह की समावेशिता और प्रतिनिधित्व में वृद्धि हुई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**6. एशिया कप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एशिया कप, 2022 टूर्नामेंट की मेजबानी संयुक्त अरब अमीरात ने की थी।
2. इसका आयोजन एशियन क्रिकेट काउंसिल द्वारा किया जाता है।
3. यह वनडे (ODI) या T20 फॉर्मेट में खेला जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**7. निम्नलिखित में से किसे साहित्य में नोबेल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया गया है?**

A. एनी एर्नाक्स
B. अब्दुलरजाक गुरनाह
C. जॉन एफ. क्लॉसर
D. एलेन एस्पेक्ट

**8. कॉन्ग्रेस के नागपुर अधिवेशन, 1920 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस ने सविनय अवज्ञा आंदोलन को मज़बूत करने का प्रयास किया।
2. कॉन्ग्रेस को आगे बढ़ाने के लिये 15 सदस्यों की एक कॉन्ग्रेस कार्य समिति (CWC) की स्थापना की गई।
3. गांधीजी ने घोषणा की कि यदि सविनय अवज्ञा आंदोलन पूरी तरह से लागू किया गया, तो एक वर्ष के भीतर स्वराज हासिल किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**9. 'लोकसभा चुनाव' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लोकसभा का अध्यक्ष वह सदस्य होता है जो सदन के सदस्यों में से चयनित किया जाता है।
2. 41वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा लोकसभा सीटों की संख्या 525 से बढ़ाकर 545 कर दिया गया।
3. 61वें संशोधन अधिनियम, 1989 द्वारा लोकसभा के लिये मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**10. 'संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ( UNFPA )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNFPA, संयुक्त राष्ट्र की यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य एजेंसी है।
2. यह लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है और महिलाओं, लड़कियों तथा युवाओं को अपने शरीर एवं अपने भविष्य पर नियंत्रण रखने हेतु सशक्त बनाता है।
3. इसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक परिवार नियोजन की अपूर्ण/अपूरित आवश्यकता, निवारक मातृ मृत्यु तथा लैंगिक हिंसा, बाल विवाह एवं महिला जननांग विकृति को समाप्त करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**11. 'संसद के सत्र' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्थगन से सदन की बैठक समाप्त हो जाती है, जो अगली बैठक के लिए निर्धारित समय पर फिर से शुरू होती है।
2. यदि अगली बैठक के लिये कोई निश्चित समय/तिथि निर्धारित किये बिना बैठक समाप्त कर दी जाती है, तो इसे अनिश्चित कालीन स्थगन कहा जाता है।
3. संविधान ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों के लिये बहुमत के रूप में सदस्यों की संख्या का दसवाँ हिस्सा तय किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**12. चंद्रयान-3 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें एक स्वदेशी लैंडर मॉड्यूल (LM), प्रोपल्शन मॉड्यूल (PM) और एक रोवर शामिल है जिसका उद्देश्य अंतर ग्रहीय मिशनों के लिये आवश्यक नई प्रौद्योगिकियों को विकसित एवं प्रदर्शित करना है।
2. लैंडर पर वैज्ञानिक पेलोड का उद्देश्य चंद्रमा के पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करना है।
3. चंद्रयान-3 को लॉन्च करने के लिये LVM3 -D1 लॉन्चर का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**13. निम्नलिखित पेलोड ( Payload ) पर विचार कीजिये:**

1. विज़िबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (VELC)
2. प्लाज़्मा एनालाइज़र पैकेज
3. इंस्ट्रूमेंट फॉर लूनर सिस्मिक एक्टिविटी (ILSA)
4. स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री ऑफ हैबिटेबल प्लैनेट अर्थ (SHAPE)

नोट :

**आदित्य L1 मिशन में कितने उपकरण या पेलोड शामिल हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**14. दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी के योगदान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने डरबन में भारतीयों को संगठित किया और भारतीयों के लिये मतदान के अधिकार की वकालत करने के लिये वर्ष 1894 में नेटाल इंडियन कॉन्ग्रेस की स्थापना की।
2. उन्होंने भारतीयों के कल्याण के लिये समर्थन जुटाया और वर्ष 1903 में जोहान्सबर्ग में ट्रांसवाल ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की।
3. गांधीजी ने वर्ष 1906 में जोहान्सबर्ग में एशियाई लोगों पर प्रतिबंध लगाने वाले अध्यादेश के खिलाफ अपना पहला सत्याग्रह (अहिंसक प्रतिरोध) अभियान शुरू किया।

**उपर्यक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**15. 'लैग्रेंज पॉइंट' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लैग्रेंज पॉइंट्स अंतरिक्ष में वह विशेष स्थान हैं जहाँ सूर्य और पृथ्वी जैसे दो बड़े परिक्रमा करने वाले पिंडों की गुरुत्वाकर्षण शक्तियाँ एक दूसरे को संतुलित करती हैं।
2. इनका उपयोग अंतरिक्ष यान द्वारा अपने स्थान पर बने रहने के लिये आवश्यक ईंधन की खपत को कम करने के लिये किया जा सकता है।
3. लैग्रेंज पॉइंट ऐसी अवस्थितियाँ हैं जहाँ दो बड़े द्रव्यमानों का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव एक छोटी वस्तु को उनके साथ गतिमान रहने के लिये आवश्यक केन्द्राभिमुख बल के बराबर नहीं होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**16. कोडैकानल सौर वेधशाला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कोडैकानल सौर वेधशाला ने पुरानी तस्वीरों आदि से प्राप्त डिजीटल डेटा की सहायता से सूर्य सदियों से किस प्रकार से घूर्णन करता रहा है, इसका अनुमान लगाया है।
2. यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का एक स्वायत्त संस्थान है।
3. इस अनुमान से सूर्य के आंतरिक भाग में उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र, जिस कारण सनस्पॉट बनता है, का अध्ययन करने में मदद मिलेगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**17. 'बॉडी मास इंडेक्स' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वजन (किलोग्राम) को ऊँचाई (मीटर) के वर्गमूल से भाग देने से प्राप्त मान को बॉडी मास इंडेक्स कहा जाता है।
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देश के अनुसार 18.5 से 24.9 के बीच के मान को सामान्य माना गया है।
3. किसी व्यक्ति की ऊँचाई और बॉडी मास इंडेक्स बचपन तथा किशोरावस्था के दौरान वातावरण के स्वास्थ्य और इससे प्राप्त पोषण की गुणवत्ता के मानवशास्त्रीय माप हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितनेसही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**18. निम्नलिखित घटक संकेतकों पर विचार कीजिये:**

1. बेरोज़गारी
2. चाइल्ड स्टंटिंग
3. कम उपयोग किये गए संसाधन
4. कीमत में वृद्धि

**उपयुक्त में से कितने वैश्विक भूख सूचकांक में शामिल हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**19. जनगणना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जनगणना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत संघ सूची में है।
2. भारत की जनगणना जनगणना अधिनियम 1948 में उल्लिखित नियमों के अनुसार की जाती है।
3. जनगणना प्रत्येक दस वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**20. 'उपासना स्थल ( विशेष प्रावधान ) अधिनियम,1991' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम किसी पूजा स्थल को, पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से, एक धार्मिक संप्रदाय से दूसरे में अथवा एक ही संप्रदाय के भीतर परिवर्तित करने की रोकथाम करता है।
2. यह अधिनियम सुनिश्चित करता है कि पूजा स्थल की धार्मिक पहचान वही रहेगी जो 15 अगस्त, 1947 को थी।
3. इस अधिनियम के प्रावधानों में अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद के नाम से जाना जाने वाला पूजा स्थल शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**21. लखनऊ संधि, 1916 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लखनऊ संधि भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) और अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के बीच एक समझौता है।
2. गोपाल कृष्ण गोखले ने वर्ष 1916 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के लखनऊ अधिवेशन की अध्यक्षता की।
3. इस समझौते का उद्देश्य स्वशासन तथा केंद्र सरकार में एक तिहाई मुस्लिम प्रतिनिधित्व का समर्थन करके हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देना था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**22.'भारत के राष्ट्रपति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति के चुनाव के संबंध में सभी संदेहों एवं विवादों की जाँच और निर्णय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कियेजाते हैं जो अंतिम होते हैं।
2. राष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति के चुनाव को इस आधार पर चुनौती दी जा सकती है कि निर्वाचक मंडल अधूरा था।
3. वर्तमान व्यवस्था राष्ट्रपति को संघ और राज्यों का समान रूप से प्रतिनिधि बनाती है।

**उपर्युक्त कथनो में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. ये तीनों
D. इनमें से कोई नहीं

**23. पर्यावरण प्रभाव आकलन ( EIA ) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में पर्यावरण प्रभाव आकलन वैधानिक रूप से जैविक विविधता अधिनियम, 2002 द्वारा समर्थित है।
2. इन्वेंटरी विश्लेषण और खतरे की संभावना तथा सूचकांक EIA प्रक्रियाओं का हिस्सा हैं।
3. वर्ष 2006 के EIA संशोधन द्वारा विकासात्मक परियोजनाओं को दो श्रेणियों, यानी श्रेणी A और श्रेणी B में वर्गीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. इनमें से कोई नहीं

**24. राष्ट्रीय हरित अधिकरण ( NGT ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत की गई है।
2. NGT को मामले दर्ज होने के 6 महीने के भीतर आवेदनों या अपीलों का अंतिम निपटान करने का आदेश दिया गया है।
3. इसके सदस्य 5 वर्ष की अवधि के लिये पद पर बने रहेंगे और पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**नोट :**

**25.'उच्च न्यायालय' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. भारत में उच्च न्यायालय की संस्था की शुरुआत वर्ष 1862 में हुई जब कलकत्ता, बॉम्बे और मद्रास में उच्च न्यायालय स्थापित किये गए।
2. उच्च न्यायालय का क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार राज्य के क्षेत्र के साथ-साथ समाप्त होता है।
3. वर्ष1956 के सातवें संशोधन अधिनियम ने संसद को दो या दो से अधिक राज्यों या दो या दो से अधिक राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के लिये एक सामान्य उच्च न्यायालय स्थापित करने हेतु अधिकृत किया।

**उपर्युक्त कथनो में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. इनमें से कोई नहीं

**26. EIA के निम्नलिखित चरणों पर विचार कीजिये:**

1. स्क्रीनिंग
2. स्कोपिंग
3. जन सुनवाई
4. मूल्यांकन

**वर्ष 2006 के संशोधन के बाद उपर्युक्त में से कितने चरणों को EIA चक्र में शामिल किया गया है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**27. 'स्व-रोज़गार महिला संघ ( SEWA )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'स्व-रोज़गार महिला संघ (SEWA)' की शुरुआत वर्ष 1920 में अनसूया साराभाई और महात्मा गांधी द्वारा स्थापित टेक्सटाइल लेबर एसोसिएशन (TLA) से हुई थी।
2. SEWA बैंक की स्थापना वर्ष 1974 में गरीब महिलाओं को लघु ऋण प्रदान करने के लिये की गई थी।
3. यह एक पहल है जिसे वर्ल्ड बैंक द्वारा माइक्रोफाइनेंस आंदोलन के रूप में मान्यता दी गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**28. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय संविधान की संघीय विशेषता है ?**

A. न्यायपालिका की स्वतंत्रता
B. एकल संविधान
C. संविधान का लचीलापन
D. एकल नागरिकता

**29. 'मौलिक कर्त्तव्यों' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मौलिक कर्त्तव्य भारतीय संविधान के भाग IV-A में अनुच्छेद 51A के तहत अंतर्निहित हैं।
2. मौलिक कर्त्तव्यों की अवधारणा जर्मनी के संविधान से ली गई है।
3. निदेशक सिद्धांत गैर-न्यायसंगत हैं लेकिन कर्त्तव्य प्रकृति में न्यायसंगत हैं।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A.केवल एक

B.केवल दो

C.सभी तीन

D.कोईभी नहीं

**30. लॉर्ड मैकाले के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मैकाले की इच्छा थी कि सरकार पाश्चात्य शिक्षा और प्राच्य शिक्षा दोनों पर पैसा खर्च करे।
2. उन्होंने डाउनवर्ड फिल्टरेशन नीति का भी समर्थन किया, जिसके तहत सरकार केवल थोड़ी संख्या में भारतीयों को शिक्षित करेगी जो बाद में बाकी आबादी को शिक्षित करेगी।
3. उनकी रुचि भारतीयों का एक ऐसा समूह विकसित करने में थी जो ब्रिटिश उद्देश्यों का समर्थन कर सके और उनका पालन कर सके।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोईभी नहीं

**31. 'गैबॉन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गैबॉन, पश्चिम में अटलांटिक महासागर से घिरा एक देश है।
2. यह कैमरून, इक्वेटोरियल गिनी और कांगो गणराज्य के साथ भूमि सीमा साझा करता है।
3. लोन्गो नेशनल पार्क इस देश के सर्वश्रेष्ठ वन्यजीव-दर्शन स्थलों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोईभी नहीं

**32. निम्नलिखित में से कौन-सा एक संवैधानिक निकाय नहीं है?**

A. केंद्रीय सतर्कता आयोग

B. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

C. वस्तु एवं सेवा कर परिषद

D. भाषाई अल्पसंख्यकों के लिये विशेष अधिकारी

**33. किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम बच्चे को ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है जिसकी आयु 18 वर्ष से कम है।
2. यह बच्चों की विभिन्न श्रेणियों को भी परिभाषित करता है, जिनमें अनाथ, आत्मसमर्पण करने वाले और परित्यक्त बच्चे शामिल हैं।
3. इस अधिनियम का लक्ष्य बच्चों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय के उद्देश्यों को प्राप्त करना है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**नोट :**

**34. संविधान में मौज़ूद निम्नलिखित विचारों पर विचार कीजिये:**

1. अन्य संविधानों से लिये गये विभिन्न प्रावधान
2. भारतीय राज्य की प्रकृति
3. सरकार की चुनाव प्रक्रिया
4. इसके अंगीकरण की तिथि

**उपरोक्त में से कितने विचारों का उल्लेख प्रस्तावना में किया गया है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**35. 'पीर पंजाल रेंज' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पीर पंजाल रेंज बाह्य हिमालय क्षेत्र में पहाड़ों का एक समूह है।
2. पीर पंजाल दर्रा कश्मीर घाटी को राजौरी और पुंछ से जोड़ता है।
3. जवाहर सुरंग बनिहाल दर्रा के नीचे पीर पंजाल पर्वत से होकर गुजरती है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**36. 'राजा राम मोहन राय' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राजा राम मोहन राय आधुनिक भारत के पुनर्जागरण के जनक और समाज सुधारक थे।
2. उन्हें दिल्ली के मुगल सम्राट बहादुर शाह द्वितीय द्वारा 'राजा' की उपाधि दी गई थी।
3. 'तुहफात-उल-मुवाहिद्दीन' का प्रकाशन राजा राम मोहन राय द्वारा किया गया था।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**37. भारत के सर्वोच्च न्यायालय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चार्टर अधिनियम, 1813 की घोषणा से कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना हुई।
2. मद्रास और बंबई में सर्वोच्च न्यायालयों की स्थापना किंग जॉर्ज तृतीय द्वारा क्रमश: वर्ष 1800 और 1823 में की गई थी।
3. भारत के संघीय न्यायालय की स्थापना भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**38. भारत में आपदा प्रबंधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अनुसार NDMA भारत में आपदा प्रबंधन के लिये सर्वोच्च वैधानिक निकाय है।
2. आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय नीति, 2009 को जैविक विविधता अधिनियम, 2002 के अनुरूप और उसके अनुसरण में तैयार किया गया है।
3. NDMA को उसके कार्यों के निष्पादन में सहायता करने के लिये सचिवों की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (NEC) बनाई गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**39. महिलाओं के लिये' ग्लोबल क्लाइमेट रेजिलिएंस फंड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महिलाओं के लिये ग्लोबल क्लाइमेट रेजिलिएंस फंड, क्लिंटन ग्लोबल इनिशिएटिव (CGI) और सेल्फ एम्प्लॉयड वुमेन्स एसोसिएशन (SEWA) की एक पहल है।
2. इसका उद्देश्य धूप में काम करने वाली महिलाओं (विशेष रूप से निर्माण, अपशिष्ट पुनर्चक्रण, प्लास्टिक, खेती आदि जैसे अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों) की समस्याओं का समाधान प्रदान करना है।
3. महिलाओं के लिये ग्लोबल क्लाइमेट रेजिलिएंस फंड का वित्तीय तंत्र क्योटो प्रोटोकॉल और पेरिस समझौते पर भी कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**40. 'ग्रीनहाउस गैस' ( GHG )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GHG वे गैसें हैं जो पृथ्वी के वायुमंडल में ऊष्मा को रोकती हैं, जिससे ग्रह गर्म होता है।
2. ग्रीनहाउस गैसें पृथ्वी की सतह से UV विकिरण को अवशोषित करती हैं तथा इसे वापस सतह पर विकीर्ण कर देती हैं।
3. ग्रीनहाउस प्रभाव के बिना, पृथ्वी का औसत तापमान 14°C से घटकर -18°C तक हो जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**41. 'QUAD' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य "मुक्त, स्पष्ट और समृद्ध" इंडो-पैसिफिक क्षेत्र सुनिश्चित करना और समर्थन करना है।
2. भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका तथा जापान इस "चतुर्भुज" गठबंधन का हिस्सा हैं।
3. यह एक सैन्य गठबंधन है तथा अन्य देशों के लिये खुला है जो अपने मूल्यों और हितों को साझा करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**42. हैजा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हैजा एक तीव्र, दस्त संबंधी बीमारी है जो विब्रियो कॉलेरी जीवाणु से आँत के संक्रमण के कारण होती है।
2. यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के खाँसने, छींकने, बोलने, गाने या साँस लेने पर उसके मुँह या नाक से छोटे तरल कणों के माध्यम से फैल सकती है।
3. WHO द्वारा पूर्व-योग्य तीन के मौखिक हैजा टीके (OCV), डुकोरल, शंचोल और यूविचोल-प्लस हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**43. बाह्य अंतरिक्ष संधि, 1967 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संधि एक गैर-बाध्यकारी संधि है जो अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष कानून की नींव रखती है।
2. यह संधि विश्व के देशों को पृथ्वी की कक्षा में 'परमाणु हथियार या सामूहिक विनाश के किसी अन्य प्रकार के हथियारों को ले जाने वाले किसी भी पिंड' को स्थापित करने से निषिद्ध करती है।
3. कोई भी राष्ट्र बाह्य अंतरिक्ष, चंद्रमा या अन्य खगोलीय पिंडों पर संप्रभुता का दावा नहीं कर सकता।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभीतीनों
D. कोई भी नहीं

**44.'ट्रांसजेंडर लोगों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2014 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपना निर्णय सुनाते हुए कहा कि ट्रांसजेंडर लोगों को लिंग की तीसरी श्रेणी के रूप में माना जाना चाहिये।
2. राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ वह मामला है जिसमें ट्रांसजेंडर को तीसरा लिंग घोषित किया गया है।
3. ट्रांसजेंडर व्यक्ति अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामाजिक तथा शैक्षिक रूप से पिछड़े समुदायों (SEBC) के लिये उपलब्ध प्रवेश और सरकारी नौकरियों में मौजूदा 50% आरक्षण में से किसी का भी लाभ नहीं उठा सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**45. नागरिक परमाणु दायित्व पर कानूनों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नागरिक परमाणु दायित्व पर कानून यह सुनिश्चित करते हैं कि परमाणु घटना या आपदा के कारण परमाणु क्षति के लिये पीड़ितों को मुआवज़ा उपलब्ध हो।
2. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व पर कई अंतर्राष्ट्रीय कानूनी दस्तावेज़ों के लिये डिपॉज़िटरी के रूप में कार्य करती है।
3. भारत ने पूरक मुआवज़े पर अभिसमय (CSC) का अनुमोदन नहीं किया है, जिसे वर्ष 1997 में न्यूनतम राष्ट्रीय मुआवज़ा राशि स्थापित करने के उद्देश्य से अपनाया गया था।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**46. 'डॉ.एस.वी. राधाकृष्णन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने UNESCO में राजदूत का पद संभाला।
2. वह भारत के पहले उपराष्ट्रपति और स्वतंत्र भारत के दूसरे राष्ट्रपति बने।
3. वह साहित्य अकादमी फेलोशिप से सम्मानित होने वाले पहले व्यक्ति थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**47. डॉ. बी. आर. अंबेडकर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने वर्ष 1923 में बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना की जो वंचितों के बीच शिक्षा एवं संस्कृति का प्रचार करने के लिये समर्पित थी।
2. अंबेडकर ने वर्ष 1927 तक अस्पृश्यता के खिलाफ सक्रिय आंदोलन शुरू करने का फैसला किया था।
3. पूना समझौता, 1932 एम. के गांधी और बी. आर. अंबेडकर के बीच यरवदा सेंट्रल जेल में हस्ताक्षरित एक समझौता था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**48. निम्नलिखित सिद्धांतों पर विचार कीजिये:**

1. सभी राष्ट्रों की स्वतंत्रता, संप्रभुता, समानता, क्षेत्रीय समेकता और राष्ट्रीय पहचान के लिये पारस्परिक सम्मान।
2. एक दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप।
3. प्रत्येक राज्य को अपने राष्ट्रीय अस्तित्त्व को बाहरी हस्तक्षेप, तोड़फोड़ या ज़बरदस्ती से मुक्त होकर जीने का अधिकार।
4. मतभेदों या विवादों का शांतिपूर्ण ढंग से या सेना के प्रयोग से निपटारा करना।

**उपर्युक्त में से कितने आसियान के मूल सिद्धांत हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. सभी चार

**49. महाबलीपुरम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह तत्कालीन सातवाहन वंश का एक महत्त्वपूर्ण शहर है जिसने 275 ई. से 897 ई. तक दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों पर शासन किया था।
2. महाबलीपुरम की स्थापना 7वीं शताब्दी ईस्वी में राजा नरसिंहवर्मन प्रथम ने की थी।
3. "अर्जुन की तपस्या", गुफा मंदिर और महाबलीपुरम में तट मंदिर प्रसिद्ध वास्तुशिल्प स्थल हैं।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**50. निम्नलिखित भाषाओं पर विचार कीजिये:**

1. नेपाली
2. अंग्रेज़ी
3. भोजपुरी
4. अवधी

**उपर्युक्त में से कितनी भाषाएँ भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित 22 भाषाओं का हिस्सा हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**51. 'पुरानी पेंशन योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पुरानी पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों को पूर्व निर्धारित फॉर्मूले के तहत पेंशन मिलती है जो अंतिम आहरित वेतन के 50% के बराबर होती है।
2. पुरानी पेंशन योजना में एक वर्ष में महँगाई राहत में बदलाव का कोई प्रावधान नहीं था।
3. पुरानी पेंशन योजना के तहत सामान्य भविष्य निधि का प्रावधान किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**52. AUKUS के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ऑस्ट्रेलिया, यू.के. और यू.एस. के बीच इंडो-पैसिफिक के लिये एक त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी है।
2. इसका इंडो-पैसिफिक झुकाव इसे दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामक कार्रवाइयों के खिलाफ गठबंधित करता है।
3. AUKUS सदस्यों का उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे कि एप्लाइड ए.आई. क्वांटम प्रौद्योगिकियों और समुद्र के नीचे की क्षमताओं में सहयोग है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**53. 'ग्लोबल स्टॉकटेक' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'ग्लोबल स्टॉकटेक' पेरिस जलवायु सम्मेलन समझौते के तहत प्रस्तावित देशों के जलवायु परिवर्तन कार्यों के प्रभाव की पंचवर्षीय समीक्षा है।
2. यह जलवायु कार्यों के निवल परिणाम का आकलन करेगा जो वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्य के अनुरूप है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**54. डार्क पैटर्न के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्रिटिश 'यूजर एक्सपीरियंस शोधकर्त्ता' हैरी ब्रिग्नुल ने वर्ष 2010 में डार्क पैटर्न शब्द गढ़ा था।
2. इन्हें भ्रामक पैटर्न भी कहा जाता है तथा इनका उपयोग जानबूझकर उपयोगकर्ताओं को ऐसे विकल्प चुनने हेतु हेरफेर करने के लिए किया जाता है जो उनके लिये सर्वोत्तम हितकारी न हों।
3. भारत में यूरोपीय संघ (EU) की तर्ज़ पर डार्क पैटर्न से संबंधित औपचारिक तथा विशिष्ट नियम हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. कोई भी नहीं

**55. एक राष्ट्र, एक चुनाव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्र द्वारा तत्कालीन केरल सरकार को बर्खास्त करने के लिये अनुच्छेद 356 लागू किये जाने के समय पेहली बार ONOE चक्र वर्ष 1959 में टूटा था।
2. न्यायमूर्ति बी.एस. चौहान की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने बताया कि संविधान के मौजूदा ढाँचे के भीतर एक साथ चुनाव कराना संभव नहीं हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लद्दाख भारत का एकमात्र स्थान है जहाँ सिंधु नदी बहती है।
2. वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेज़ाग ला की लड़ाई लद्दाख में लड़ी गई थी।
3. पैंगोंग त्सो एक खारे जल की झील है जो नियंत्रण रेखा के पास लद्दाख में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. कोई भी नहीं

**57. 'आसियान' (ASEAN) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंडोनेशिया, मलेशिया और फिलीपींस के साथ म्याँमार को आसियान के संस्थापक सदस्यों में से एक माना जाता है।
2. इंडोनेशिया ने वर्ष 2023 के लिये आसियान की अध्यक्षता संभाली है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**58. 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जैव ईंधन के उपयोग में तेज़ी लाने के लिये सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और व्यापार के बीच एक गठबंधन के विकास का नेतृत्त्व भारत द्वारा किया जा रहा है।
2. इसमें कुल 19 देश और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठन शामिल हैं जिनमें G20 सदस्य तथा गैर-सदस्य देश दोनों शामिल हैं।
3. भारत, ब्रिटेन और अमेरिका इस गठबंधन के संस्थापक देश हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**59. जैव ईंधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पहली पीढ़ी के जैव ईंधन का उत्पादन चावल, गेहूँ, बायो-अल्कोहल के लिये चीनी या बायोडीजल के लिये वनस्पति तेल से किया जाता है।
2. दूसरी पीढ़ी के जैव ईंधन मुख्य रूप से गैर-खाद्य फीडस्टॉक जैसे वन, उद्योग, कृषि अपशिष्ट या प्रयुक्त वनस्पति तेलों से प्राप्त किये जाते हैं।
3. चौथी पीढ़ी के जैव ईंधन को 'शैवाल ईंधन' के रूप में जाना जाता है और ये बायोडीजल और बायोअल्कोहल दोनों के रूप में शैवाल से प्राप्त होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**60.'भारत-मध्य पूर्व-यूरोप मेगा आर्थिक गलियारे' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस परियोजना में भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्राँस, इटली, जर्मनी और अमेरिका शामिल हैं।
2. परियोजना भारत को मध्य पूर्व और यूरोप से जोड़ने वाला एक रेल तथा शिपिंग गलियारा बनाएगी।
3. रेल और शिपिंग कॉरिडोर ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट (PGII) के लिये साझेदारी का हिस्सा नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**61. अफ्रीकी संघ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अफ्रीकी संघ (AU) महाद्वीपीय निकाय है, इसमें अफ्रीका के 55 सदस्य देश शामिल हैं।
2. इसका उद्देश्य अफ्रीकी देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक एकीकरण को मज़बूत करना है।
3. विदेशी मामलों के मंत्रियों से बनी कार्यकारी परिषद नीतिगत मामलों को संभालती है और विधानसभा में सिफारिशें करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**62. निम्नलिखित राष्ट्रों पर विचार कीजिये:**

1. ऑस्ट्रेलिया
2. ब्राज़ील
3. यूरोपीय संघ
4. अफ्रीकी संघ

**उपरोक्त में से कितने राष्ट्र G20 समूह के सदस्य हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**63. निम्नलिखित में से कौन-सा देश G7 समूह का सदस्य नहीं है?**

A. ऑस्ट्रेलिया

B. कनाडा

C. फ्राँस

D. जर्मनी

**64. निम्नलिखित चैम्पियनशिप्स पर विचार कीजिये:**

A. ऑस्ट्रेलियन ओपन

B. फ्रेंच ओपन

C. विम्बलडन

D. US ओपन

**उपरोक्त में से कितने ग्रैंड स्लैम में शामिल हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**65. चक्रवात बिपरजॉय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ओडिशा और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में आया एक अत्यंत भयंकर चक्रवाती तूफ़ान था।
2. चक्रवात बिपरजॉय बंगाल की खाड़ी के ऊपर विकसित हुआ।
3. इस चक्रवात का प्रभाव सामान्य से अधिक समय तक बना रहा है, असामान्य वार्मिंग इसका कारण माना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

नोट :

**66. 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सेंडाई फ्रेमवर्क'( Sendai Framework for Disaster Risk Reduction-SFDRR ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र संगठन के सदस्य राज्यों ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर तीसरे विश्व सम्मेलन में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सेंडाई फ्रेमवर्क को मंज़ूरी दी।
2. आपदा न्यूनीकरण के लिये संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय रणनीति (UNISDR) को सेंडाई फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन, अनुवर्ती कार्रवाई, समर्थन तथा समीक्षा का कार्यभार सौंपा गया है।
3. सभी हस्ताक्षरकर्त्ताओं को इस संधि के कानूनी मानकों का पालन करना अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**67. 'विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति 2023' रिपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति' रिपोर्ट, खाद्य और कृषि संगठन द्वारा प्रकाशित की जाती है।
2. खाद्य और कृषि संगठन द्वारा सबसे गहन जाँच के साथ तैयार की जाने वाली यह रिपोर्ट प्रत्येक वर्ष विश्व भर में कुपोषित लोगों की संख्या प्रस्तुत करती है।
3. इस रिपोर्ट में मैन्युअल वर्कर के औसत वेतन में 38% और वेतनभोगी कर्मचारी के औसत वेतन में 28% की वृद्धि दर्ज की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**68. डीप UV फोटोलिथोग्राफी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फोटोलिथोग्राफी के लिये डीप UV तकनीक विशेष रूप से प्रोजेक्शन ऑप्टिक्स पर आधारित है।
2. यह लेज़र से निकलने वाले प्रकाश को निर्देशित और नियंत्रित करने के लिये लेंस (अपवर्तक) और दर्पण (परावर्तक) दोनों का उपयोग करता है।
3. इस प्रकार की प्रणाली क्रोमेटिक एबेरेशन को सीमित करते हुए स्रोत लेज़र प्रकाश की एक विस्तृत बैंडविड्थ को समायोजित करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**69. 'आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढाँचे के लिये गठबंधन ( CDRI )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CDRI राष्ट्रीय सरकारों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और कार्यक्रमों की एक वैश्विक साझेदारी है।
2. इसे वर्ष 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था।
3. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के बाद यह संयुक्त राष्ट्र की दूसरी प्रमुख वैश्विक पहल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

नोट :

**70. 'निजता के अधिकार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पुट्टास्वामी निर्णय में कहा गया है कि निजता का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत एक मौलिक संवैधानिक अधिकार के रूप में संरक्षित है।
2. वैश्विक मानवाधिकार ढाँचे के प्रति भारत की प्रतिबद्धता में निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार करना शामिल है।
3. निजता के इस अधिकार पर प्रतिबंध केवल उन राज्य कार्यों के माध्यम से लगाया जा सकता है जो इन तीन मानदंडों को पूरा करते हैं: विधायी जनादेश, एक वैध राज्य उद्देश्य और आनुपातिकता।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**71. निम्नलिखित में से कौन-सा DNA परीक्षण का एक हिस्सा है?**

A. केशिका वैद्युतकणसंचलन
B. स्कोपिंग
C. स्क्रीनिंग
D. वर्णमिति

**72. 'गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) 1967' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विधि के अनुसार गैरकानूनी गतिविधि से तात्पर्य किसी व्यक्ति या संघ द्वारा भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को बाधित करने के इरादे से किये गए किसी कार्य से है।
2. इसके तहत मृत्युदंड और आजीवन कारावास सर्वोच्च सज़ा है।
3. वर्ष 2004 के संशोधन द्वारा संगठनों के निषेध को प्रतिबंधित करने के लिये उपयोग किये जाने वाले अपराधों की सूची से "आतंकवादी अधिनियम" को हटा दिया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**73. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को अपनी शक्तियाँ और अधिकार दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 से प्राप्त होते हैं।
2. इस आयोग के गठन की सिफारिश भ्रष्टाचार निवारण समिति (संथानम समिति के नाम से प्रसिद्ध) द्वारा की गई थी।
3. हालाँकि, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय, राज्य की सहमति से देश में कहीं भी किसी अपराध की जाँच करने का आदेश CBI को दे सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**74. 'सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66A' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ (2015) में सर्वोच्च न्यायलय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66A को असंवैधानिक ठहराया।
2. सर्वोच्च न्यायलय के अनुसार धारा 66A में वर्णित शब्द "अत्यधिक आक्रामक" अस्पष्ट है तथा इसमें परिशुद्धता की कमी है।
3. धारा 66A में कंप्यूटर या किसी अन्य संचार उपकरण का उपयोग करके आपत्तिजनक संदेश भेजना अपराध माना गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**75. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विवादों के निपटारे के संबंध में भारतीय संघ की निम्नलिखित इकाइयों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्र और एक या एक से अधिक राज्यों के बीच।
2. एक तरफ केंद्र और किसी राज्य या राज्यों के बीच तथा दूसरी तरफ एक या एक से अधिक अन्य राज्य।
3. दो या दो से अधिक राज्यों के बीच।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आते हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**76. एक राष्ट्र, एक चुनाव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक राष्ट्र, एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य सभी राज्यों में पंचायती राज तथा राज्य विधानसभा चुनावों के चुनाव प्रकरण समय को एक समान करना है।
2. एक साथ चुनाव कराने के मत का समर्थन वर्ष 1999 में बी.पी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने किया था।
3. एक साथ चुनाव की प्रक्रिया पहली बार वर्ष 1959 में बंद हुई जब केंद्र ने तत्कालीन केरल सरकार को बर्खास्त करने के लिये अनुच्छेद 356 लागू किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**77. 'हरामी नाला' निम्नलिखित में से किसके लिये प्राकृतिक सीमा के रूप में कार्य करता है?**

A. भारत- चीन
B. भारत- पाकिस्तान
C. भारत- नेपाल
D. भारत- बांग्लादेश

**78. सर क्रीक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर क्रीक भारत और पाकिस्तान की सीमा पर सिंधु नदी डेल्टा के निर्जन दलदली भूमि में 96 किमी लंबा ज्वारीय मुहाना है।
2. यह क्रीक अरब सागर में खुलती है और सामान्यत: गुजरात के कच्छ क्षेत्र को पाकिस्तान के सिंध प्रांत से विभाजित करती है।
3. इसका मूल नाम बाण गंगा था और औपनिवेशिक काल में इसका नाम सर क्रीक रखा गया था।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**79. 'निपाह वायरस' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक ज़ूनोटिक वायरस है जो जानवरों से इंसानों में फैलता है।
2. यह वायरस चमगादड़ के मूत्र और संभावित रूप से चमगादड़ के मल, लार एवं जन्म के समय तरल पदार्थों में मौजूद होता है।
3. निपाह वायरस एन्सेफलाइटिस का कारण बनने वाला जीव एक डी-ऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA) वायरस है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**80. 'बाढ़ के मैदान' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बाढ़ का मैदान नदी के किनारे स्थित एक क्षेत्र है जो सामान्यत: नदी के जल स्तर में वृद्धि होने पर बाढ़ का अनुभव करता है।
2. बाढ़ का मैदान बाढ़ के रास्ते से परे मौजूद है और बाढ़ के बाहरी किनारों से लेकर नदी घाटी के किनारे या ऊँचे किनारों तक फैला हुआ है।
3. बाढ़ का किनारा एक प्राथमिक नदी चैनल है, जो रुक-रुक कर मौसमी हो सकता है, यह दर्शाता है कि वर्ष की कुछ अवधि के दौरान चैनल शुष्क रहता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई नहीं

**81. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC+) प्लस समूह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. OPEC प्लस पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) और कज़ाकिस्तान, अज़रबैजान को छोड़कर अन्य तेल उत्पादक देशों के बीच गठबंधन को संदर्भित करता है।
2. OPEC प्लस देशों में 13 OPEC सदस्य और अज़रबैजान, बहरीन, ब्रुनेई, कज़ाकिस्तान, मलेशिया, मैक्सिको, ओमान, रूस, दक्षिण सूडान एवं सूडान शामिल हैं।
3. गठबंधन का गठन वर्ष 2016 में वैश्विक बाज़ारों में तेल की अत्यधिक आपूर्ति को संबोधित करने के लिये किया गया था, जिसके कारण तेल की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट आई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. इनमें से कोई नहीं

**नोट :**

**82.करेवाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. करेवा कश्मीर की घाटी में पाए जाने वाले झीलीय भंडार हैं।
2. ये सपाट शीर्ष वाले टीले हैं जो कश्मीर घाटी को चारों तरफ से घेरते हैं।
3. ये स्तनधारी जीवों के जीवाश्मों और पीट (एक प्रकार की घास) से मिलकर बनते है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**83. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से जुड़ा कार्यालय है।
2. व्यवस्थित भूवैज्ञानिक मानचित्रण (SGM) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा आयोजित किया जाने वाला सबसे महत्त्वपूर्ण और बुनियादी मानचित्रण कार्यक्रम है।
3. GSI द्वारा संचालित खनिज संसाधन मूल्यांकन परियोजनाओं में लौह खनिज, आधार धातु, कीमती धातु और अन्य खनिज शामिल हैं, लेकिन अलौह खनिज नहीं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. इनमें से कोई नहीं

**84. 'जलवायु परिवर्तन के लिये राष्ट्रीय अनुकूलन कोष ( NAFCC )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना भारत के उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (UT) में अनुकूलन गतिविधियों का समर्थन करने के लिये की गई थी जो जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति संवेदनशील हैं।
2. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, इस निधि के लिये नामित राष्ट्रीय कार्यान्वयन इकाई (NIE) के रूप में कार्य करता है।
3. यह एक केंद्रीय क्षेत्र योजना है जिसे वर्ष 2015-16 में स्थापित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. इनमें से कोई नहीं

**85. पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (EIA) एक प्रस्तावित विकासात्मक परियोजना के संभावित पर्यावरणीय प्रभावों के मूल्यांकन की एक प्रक्रिया है।
2. यह लाभकारी और प्रतिकूल दोनों तरह के अंतर-संबंधित सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक एवं मानव-स्वास्थ्य प्रभावों को ध्यान में रखता है।
3. EIA रिपोर्ट में पर्यावरण प्रबंधन योजना (EMP) शामिल है लेकिन सामान्य दर्शकों के लिये गैर-तकनीकी सारांश नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. इनमें से कोई नहीं

**नोट :**

**86. 'शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार ( SSB )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार भारत में सर्वोच्च बहुविषयक विज्ञान पुरस्कार हैं।
2. इस पुरस्कार का नाम DRDO के संस्थापक एवं निदेशक शांति स्वरूप भटनागर के नाम पर रखा गया है।
3. भारत के प्रवासी नागरिक (OCI) तथा भारत में काम करने वाले भारतीय मूल के व्यक्ति (PIO) इस पुरस्कार के लिये पात्र नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**87. निम्नलिखित राष्ट्रों पर विचार कीजिये:**

1. भारत
2. बांग्लादेश
3. म्याँमार
4. भूटान

**उपर्युक्त राष्ट्रों में से कितने में कुकी जनजातियाँ निवास नहीं करती हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**88 . रज़ाकार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रज़ाकार एक निजी सैन्य संगठन था जो हैदराबाद के निज़ाम मीर उस्मान अली खान के शासन का समर्थन करता था।
2. रज़ाकार नामक सशस्त्र हिंसक कट्टरपंथियों ने वर्ष 1948 में हैदराबाद के हिंदू निवासियों को निशाना बनाया।
3. उन्होंने हैदराबाद राज्य के भारत के डोमिनियन में एकीकरण का विरोध किया।

**उपर्य्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**89. 'जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ( UNFCCC )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNFCCC पर वर्ष 1992 में मानव और पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में हस्ताक्षर किये गए थे।
2. UNFCCC एक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडलीय सांद्रता को कम करना है।
3. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय पार्टियों का सम्मेलन (COP) है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**नोट :**

**90. निम्नलिखित संगठनों पर विचार कीजिये:**

1. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
2. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
4. पशु स्वास्थ्य के लिए विश्व संगठन

**उपर्युक्त में से कितनी संस्थाओं ने वन हेल्थ जॉइंट एक्शन प्लान लॉन्च किया?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**91. पीर पंजाल श्रेणी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पीर पंजाल श्रेणी लघु हिमालय क्षेत्र में पहाड़ों का एक समूह है।
2. पीर पंजाल श्रेणी भारत के हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर राज्य में पूर्व-दक्षिणपूर्व (ESE) से पश्चिम-उत्तरपश्चिम (WNW) तक विस्तृत है।
3. पीर पंजाल लघु हिमालय की सबसे छोटी शृंखला है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**92. 'प्रतिजैविक/एंटीबॉडी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रतिजैविक/एंटीबॉडी, जिसे इम्युनोग्लोबुलिन भी कहा जाता है, एक सुरक्षात्मक प्रोटीन है जो शरीर में किसी बाह्य पदार्थ के प्रवेश की अनुक्रिया में प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा उत्पादित होता है।
2. एंटीबॉडीज़ एंटीजन की पहचान कर उन्हें शरीर से निकालने के लिये उन पर हमला करते हैं।
3. IgG मूलभूत Y-आकार की संरचनाओं की पाँच इकाइयों से निर्मित रक्त में मुख्य एंटीबॉडी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**93. 'राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन(NRF) भारतीय विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (SERB) को प्रतिस्थापित करने वाली इकाई है।
2. यह भारत में विकास संबंधी गंभीर चुनौतियों का समाधान करने हेतु अंत:विषय अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगा।
3. NRF की अध्यक्षता भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव द्वारा की जाएगी एवं इसमें 10 प्रमुख निदेशालय शामिल होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**94. 'भारत निर्वाचन आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत निर्वाचन आयोग इस अर्थ में एक अखिल भारतीय निकाय है कि यह केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और पंचायती राज संस्थान दोनों के लिये सामान्य है।
2. चुनाव आयुक्तों और क्षेत्रीय आयुक्तों की सेवा की शर्तें तथा कार्यालय का कार्यकाल संविधान द्वारा निर्धारित किया जाता है।
3. मुख्य चुनाव आयुक्त और/या दो अन्य चुनाव आयुक्तों के बीच मतभेद की स्थिति में, मामले का निर्णय आयोग द्वारा बहुमत से किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**95. प्रेषण के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रेषण धन हस्तांतरण है जो प्रवासी अपने गृह देशों में अपने परिवारों और दोस्तों को भेजते हैं।
2. वे कई विकासशील देशों के लिये आय और विदेशी मुद्रा का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं।
3. वर्ष 2022 में प्रेषण के लिये शीर्ष पाँच प्राप्तकर्ता देश भारत, मैक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**96. 'डिकिंसोनिया' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डिकिंसोनिया एक विलुप्त आदिम जंतु है जो ऑस्ट्रेलिया, चीन, रूस, यूक्रेन के आसपास समुद्री तटों पर निवास करता है।
2. वर्ष 2021 में भारत के भीमबेटका रॉक शेल्टर्स में डिकिंसोनिया के जीवाश्म पाए जाने की सूचना मिली है।
3. जीवाश्मों में कोलेस्ट्रॉल अणुओं की खोज के बाद इसे एक जंतु के रूप में वर्गीकृत किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**97. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) भारत सरकार का एक संवैधानिक निकाय है जो प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 को लागू करने के लिये उत्तरदायी है।
2. एकाधिकार और प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार अधिनियम (MRTP Act), 1969 को निरस्त कर इसे प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है।
3. आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय (Quasi-Judicial Body) है जो वैधानिक अधिकारियों को परामर्श देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**नोट :**

**98.निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान ने आठ अफ्रीकी चीतों के आगमन की पहली वर्षगाँठ मनाई ?**

A. मानस राष्ट्रीय उद्यान

B. कूनो राष्ट्रीय उद्यान

C. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान

D. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान

**99. 'अज्ञात उड़ने वाली वस्तु ( Unidentified flying object - UFO )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UFO एक उड़ने वाली वस्तु है जिसके विषय में आम तौर पर कोई जानकारी स्पष्टत: ज्ञात नहीं है।
2. विश्व UFO दिवस संगठन (WUFODO) ने 2 जुलाई को आधिकारिक विश्व UFO दिवस घोषित किया।
3. UFO दिवस 1947 में रोसवेल, न्यू मैक्सिको में UFO दुर्घटना की याद में मनाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. इनमें से कोई नहीं

**100 'यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) द्वारा मान्यता प्राप्त विशिष्ट सांस्कृतिक एवं भौतिक महत्त्व वाली साइट्स हैं।
2. यह वर्ष 1972 में UNESCO द्वारा विश्व सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण के लिये अभिसमय की स्वीकृति के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।
3. प्राकृतिक और सांस्कृतिक दोनों महत्त्व के घटकों से युक्त एक मिश्रित विश्व विरासत स्थल भारत के पश्चिम बंगाल में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीनों
4. इनमें से कोई नहीं

**101. निम्नलिखित में से कौन-सा मंत्रालय भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण की गतिविधियों को नियंत्रित करता है ?**

A. संस्कृति मंत्रालय

B. खान मंत्रालय

C. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

D. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**102 शांतिनिकेतन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शांतिनिकेतन, जो पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित एक शहर है, यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल है।
2. यह यूनेस्को सूची में शामिल होने वाला पश्चिम बंगाल का पहला सांस्कृतिक प्रतीक होगा।
3. शांतिनिकेतन में संपूर्ण विश्वभारती विश्वविद्यालय परिसर शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A.केवल एक

B.केवल दो

C.सभी तीनों

D.इनमें से कोई नहीं

**नोट :**

**103. निम्नलिखित साहित्य पर विचार कीजिये:**

1. घरे-बैरे
2. मानसी
3. बालाका
4. सोनार तोरी

**उपर्युक्त रचनाओं में से कितनी रचनाएँ रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा लिखी गई हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**104. 'गांधी के असहयोग आंदोलन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह आंदोलन मूल रूप से भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक शांतिपूर्ण और अहिंसक विरोध था।
2. शासन व्यवस्था को आतंरिक रूप से निष्क्रिय बनाने के लिये भारतीयों से अपने पद का त्याग करने को कहा गया, किंतु स्थानीय निकायों में नामांकित सीटों से इस्तीफा न देने का भी आह्वान किया गया।
3. जनता से विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने और केवल भारत में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने के लिये कहा गया।

**उपरोक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**105. 'कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

1. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) की स्थापना एक अधिनियम, कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 द्वारा की गई थी।
2. EPFO श्रम और रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रशासित है।
3. संगठन को ज़ोन्स में विभाजित किया गया है जिसका नेतृत्व एक अतिरिक्त केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**106. निम्नलिखित व्यक्तियों पर विचार कीजिये:**

1. सर हर्बर्ट बेकर
2. ली कार्बूज़ियर
3. सर एडविन लुटियंस
4. लुडविग मिस वैन डेर रोहे

**उपरोक्त में से किसने भारत में राष्ट्रपति भवन का डिज़ाइन तैयार किया है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

नोट :

**107. 'गेहूँ की खेती' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गेहूँ शीत ऋतु की फसल है, यह समशीतोष्ण जलवायु वाले क्षेत्रों में सबसे अच्छी तरह उगती है।
2. जौ और सरसों जैसी फसलों के अतिरिक्त यह भारत में एक प्रमुख खरीफ फसल है।
3. गेहूँ की सर्वोत्तम वृद्धि के लिये नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश उर्वरकों की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**108. 'संसदीय सरकार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति राष्ट्र का प्रमुख होता है, जबकि प्रधानमंत्री सरकार का प्रमुख होता है।
2. लोकसभा में बहुमत प्राप्त राजनीतिक दल के नेता को लोकसभा द्वारा प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया जाता है।
3. मंत्रीगण आम तौर पर विधायिका और कार्यपालिका दोनों के सदस्य होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**109.नोटा ( NOTA- None of the Above ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वह विकल्प है जो मतदाता को चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों के लिये आधिकारिक तौर पर अस्वीकृति का वोट दर्ज़ करने में सक्षम बनाता है।
2. भले ही NOTA विकल्प को चुनाव में सबसे अधिक वोट मिले, लेकिन यह चुनाव के नतीजे को प्रभावित नहीं करता है।
3. NOTA वोटों की कुल संख्या चुनाव परिणामों में प्रकाशित होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**110. निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिये:**

1. हिमाचल प्रदेश
2. जम्मू और कश्मीर
3. उत्तराखंड
4. मध्य प्रदेश

**उपर्युक्त राज्यों में से कितने बासमती चावल की खेती करते हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

नोट :

**111. खालिस्तान आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. खालिस्तान आंदोलन पंजाब में एक अलग, संप्रभु सिख राज्य के लिये लड़ाई है।
2. ऑपरेशन ब्लू स्टार और ऑपरेशन तलवार के बाद भारत में इस आंदोलन को दबा दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**112. 'एशिया कप' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एशिया कप एक क्रिकेट टूर्नामेंट है जिसमें एशिया के विभिन्न देशों की टीमें शामिल होती हैं।
2. यह इस क्षेत्र के प्रमुख क्रिकेट आयोजनों में से एक है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा आयोजित किया जाता है।
3. प्रारंभ में यह एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ODI) प्रतियोगिता थी, लेकिन हाल के वर्षों में एशिया कप के ऐसे संस्करण आए हैं जिनमें ट्वेंटी-20 (T20) मैच शामिल थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. इनमें से कोई नहीं

**113. निम्नलिखित महासागरों पर विचार कीजिये:**

1. अटलांटिक महासागर
2. प्रशांत महासागर
3. हिंद महासागर
4. आर्कटिक महासागर

**उपर्युक्त महासागरों में से कितने कनाडा के आसपास हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**114. 'नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह फ्रेमवर्क राष्ट्रीय शिक्षा नीति का एक अंग है।
2. इस क्रेडिट ट्रांसफर तंत्र के अनुसार कोई छात्र या शिक्षार्थी जब चाहे शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र में प्रवेश कर सकेगा और छोड़ सकेगा, लेकिन केवल व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिये।
3. यह फ्रेमवर्क विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तहत तैयार की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**115. निम्नलिखित में से कौन-सा शास्त्रीय नृत्य आंध्रप्रदेश से संबंधित है ?**

A. भरतनाट्यम

B. कुचिपुड़ी

C. कथकली

D. कथक

**116. राष्ट्रीय उच्च शिक्षा योग्यता फ्रेमवर्क ( NHEQF ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका लक्ष्य सभी उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान किया जाना सुनिश्चित करने के लिये उन्हें एक मानक बेंचमार्किंग स्तर पर लाना है।
2. प्रस्तावित रूपरेखा सीखने के प्रत्येक स्तर के लिये विभिन्न मापदंडों की रूपरेखा निर्धारित करती है जिनका उपयोग प्रत्येक स्तर पर विद्यार्थियों का आकलन करने के लिये किया जा सकता है।
3. एनएचईक्यूएफ में शिक्षण के परिणाम, संवैधानिक और नैतिक सिद्धांतों का ज्ञान, रोज़गार केंद्रित कौशल, उद्यमिता मानसिकता तथा ज्ञान व कौशल का व्यावहारिक उपयोग जैसे प्रमुख तत्त्व शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**117. वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य प्रासंगिक वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करना और सार्वभौमिक मूल्यों पर आधारित बुद्ध धम्म में इसका हल तलाशना है।
2. यह सार्वभौमिक शांति और सद्भाव की दिशा में काम करने के उद्देश्य से बुद्ध के शांति, करुणा तथा सद्भाव के संदेश को गहराई से समझने का प्रयास करता है।
3. इस शिखर सम्मेलन का विषय: समकालीन चुनौतियों के प्रति प्रतिक्रिया: दर्शनशास्त्र से अमल तक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**118. ब्रिक्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का विषय "ब्रिक्स और अफ्रीका: पारस्परिक रूप से त्वरित विकास, धारणीय विकास और समावेशी बहुपक्षवाद के लिये साझेदारी" है।
2. इस सम्मेलन के साथ ही मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया और अर्जेंटीना ब्रिक्स में शामिल हुए।
3. ब्रिक्स देशों में पाई जाने वाली बड़ी बिल्लियाँ इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस के तहत संरक्षित हैं क्योंकि वे इस संगठन के सदस्य हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**119. 'गुटनिरपेक्ष आंदोलन ' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह आंदोलन शीत युद्ध के दौरान उन राष्ट्रों के एक गठन के रूप में शुरू हुआ जो औपचारिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका या सोवियत संघ के साथ जुड़ना नहीं चाह रहे थे।
2. इस समूह की मूल अवधारणा वर्ष 1955 में इंडोनेशिया में आयोजित एशिया-यूरोपीय संघ बांडुंग सम्मेलन में हुई चर्चा के दौरान उत्पन्न हुई।
3. गुटनिरपेक्ष आंदोलन के सिद्धांत काफी हद तक पंचशील सिद्धांतों पर आधारित थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**120. सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन ( SWIFT ) प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व भर भर के बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के लिये एक विश्वसनीय संदेश प्रणाली है।
2. इसे G10 देशों के केंद्रीय बैंकों, यूरोपीय सेंट्रल बैंक और बेल्जियम के नेशनल बैंक द्वारा नियंत्रित किया जाता है।
3. यूक्रेन व रूस युद्ध की प्रतिक्रिया के रूप में अमेरिका तथा यूरोपीय आयोग द्वारा कई रूसी बैंकों को SWIFT संदेश प्रणाली से बाहर रखा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**121. 'अब्राहम समझौते' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह इज़राइल, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब तीनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिये हुए समझौते को संदर्भित करता है।
2. समझौतों के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन दूतावास स्थापित करेंगे तथा राजदूतों का आदान-प्रदान करेंगे।
3. अब्राहम समझौते ने विश्व के मुसलमानों के लिये इज़राइल में ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करने और जेरूसलम में अल-अक्स मस्जिद में शांतिपूर्वक प्रार्थना करने का द्वार भी खोल दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. इनमें से कोई भी नहीं

**122.**

1. सौर विकिरण प्रबंधन जलवायु इंजीनियरिंग का एक रूप है जिसका उद्देश्य पृथ्वी को ऊष्मित करने से पहले सौर विकिरणों को अंतरिक्ष में परावर्तित करके ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करना है।
2. स्ट्रैटोस्फेरिक एरोसोल इंजेक्शन के अंतर्गत मेसोस्फीयर में सल्फेट एरोसोल जैसे परावर्तक कणों को इंजेक्ट किया जाता है जिससे पृथ्वी पर आने वाले कुछ सौर विकिरण को वापस अंतरिक्ष में बिखेरने में मदद मिलती है।
3. समुद्री बादल ब्राइटनिंग (MCB) में समुद्र के ऊपर निम्न स्तर के बादलों में समुद्री जल की बारीक बूँदों का छिड़काव शामिल है, जहाँ वे बादलों की परावर्तनशीलता को बढ़ाएंगे।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**123. क्लाइमेट ओवरशूट कमीशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्लाइमेट ओवरशूट कमीशन को 1.5°C तापमान वृद्धि लक्ष्य को पार करने से जुड़े जोखिमों का आकलन करने का काम सौंपा गया है।
2. यह आयोग ओवरशूट जोखिमों को कम करने के लिये एक एकीकृत नीति प्रतिक्रिया की सुविधा हेतु मौजूदा बहुपक्षीय कानूनी ढाँचे की क्षमता की समीक्षा करता है।
3. यह आयोग सतत् विकास लक्ष्यों और अन्य प्रासंगिक शासन ढाँचे के संदर्भ में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**124. निम्नलिखित राष्ट्रों पर विचार कीजिये:**

1. भारत
2. इज़राइल
3. संयुक्तराज्य अमेरिका
4. संयुक्त अरब अमीरात

**उपर्युक्त राष्ट्रों में से कितने I2U2 समूह का हिस्सा हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**125. निम्नलिखित द्वीपों पर विचार कीजिये:**

1. दक्षिण ओर्कनेय द्वीप समूह
2. दक्षिण शेटलैंड द्वीप समूह
3. प्रतास द्वीप समूह
4. पार्सल द्वीप समूह

**उपर्युक्त में से कितने अंटार्कटिक क्षेत्र का हिस्सा हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चारों

**126. अंटार्कटिका में भारत के अनुसंधान स्टेशनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दक्षिण गंगोत्री भारतीय अंटार्कटिक कार्यक्रम के एक भाग के रूप में अंटार्कटिका में स्थापित पहला भारतीय वैज्ञानिक अनुसंधान बेस स्टेशन था।
2. मैत्री अंटार्कटिका में शिरमाकर ओएसिस नामक चट्टानी पहाड़ी क्षेत्र पर स्थित भारत का दूसरा स्थायी अनुसंधान केंद्र है।
3. हिमाद्रि वर्ष 2012 से अंटार्कटिका में भारत का नवीनतम अनुसंधान स्टेशन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. इनमें से कोई भी नहीं

**127. अंटार्कटिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कुल क्षेत्रफल की दृष्टि से अंटार्कटिका पाँचवाँ सबसे बड़ा महाद्वीप है क्योंकि यह ओशिनिया और यूरोप दोनों से बड़ा है।
2. अंटार्कटिका दक्षिणी गोलार्द्ध में अंटार्कटिक अभिसरण से घिरा एक ठंडा क्षेत्र है।
3. अंटार्कटिक अभिसरण अक्षांश की एक असमान रेखा है जहाँ ठंडा, उत्तर की ओर बहने वाला अंटार्कटिक जल विश्व के महासागरों के गर्म जल से मिलता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. इनमें से कोई भी नहीं

**128. 'उच्च रक्तचाप' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रक्तचाप शरीर की धमनियों की भित्तियों पर रक्त संचार द्वारा लगाया गया बल है।
2. उच्च रक्तचाप को सामान्यत: सिस्टोलिक रक्तचाप स्तर 90 mmHg से अधिक या उसके बराबरअथवा डायस्टोलिक रक्तचाप स्तर 140 mmHg से अधिक या उसके बराबर होने के रूप में परिभाषित किया जाता है।
3. भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल (IHCI) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा शुरू की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**129. 'आपातकाल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आपातकाल की उद्घोषणा को इसके जारी होने की तारीख से एक महीने के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये।
2. आपातकाल की उद्घोषणा को राष्ट्रपति किसी भी समय उत्तरोत्तर उद्घोषणा द्वारा रद्द कर सकता है। ऐसी उद्घोषणा के लिये संसदीय अनुमोदन की भी आवश्यकता होती है।
3. यदि संसद सत्र नहीं चल रहा हो तो राष्ट्रपति राज्य के विषयों पर अध्यादेश जारी नहीं कर सकते।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**130. 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) कार्य राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा शुरू किया गया था।
2. इसका उद्देश्य तीन महीने के अल्प समय अंतराल में केवल शहरी क्षेत्रों के लिये प्रमुख रोज़गार और बेरोज़गारी संकेतकों का 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' (CWS) के आधार पर अनुमान लगाना है।
3. श्रमिक जनसंख्या अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर तथा बेरोज़गारी दर CWS के तहत अनुमानित संकेतक हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**131. ग्लोबल बर्डन ऑफ डिज़ीज़ (GBD) अध्ययन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्लोबल बर्डन ऑफ डिज़ीज़ (GBD) अध्ययन राष्ट्रों, समयावधि, आयु समूहों और लिंगों में मृत्यु दर एवं विकलांगता का व्यापक अवलोकन प्रदान करता है।
2. ग्लोबल बर्डन ऑफ डिज़ीज़ (GBD) अध्ययन बीमारियों, चोटों और जोखिम कारकों से स्वास्थ्य हानि की मात्रा निर्धारित करने का सबसे बड़ा एवं विस्तृत वैज्ञानिक प्रयास है।
3. 5 वर्षसे कम उम्र के बच्चों में कुपोषण के कारण होने वाली मृत्यु दर में वर्ष 1990 से वर्ष 2017 तक दो-तिहाई की गिरावट आई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**132. माइक्रो एल.ई.डी. के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. माइक्रो-एल.ई.डी., स्व-प्रकाशमान डायोड हैं जिनमें ऑर्गेनिक लाइट एमिटिंग डायोड (OLED) डिस्प्ले तकनीक की तुलना में अधिक चमक और बेहतर रंग उत्पन्न होता है।
2. माइक्रो-एल.ई.डी. तकनीक नीलम के उपयोग पर आधारित है, जो अनिश्चित काल तक चमकने की क्षमता के लिये जानी जाती है।
3. माइक्रो-एल.ई.डी. डिस्प्ले में गैलियम नाइट्राइड जैसी अकार्बनिक सामग्री का उपयोग नहीं करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**133. निम्नलिखित उद्देश्यों पर विचार कीजिये:**

1. कूलिंग की मांग को कम करना।
2. तरल नाइट्रोजन का प्रयोग बंद करना।
3. सतत् कूलिंग प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना।
4. नीति और नियामक ढाँचे को मज़बूत करना।

**उपर्युक्त में से कितने इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान का हिस्सा नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

नोट :

**134. 'चरम जलवायु घटनाओं के लिये भारत को तैयार करने' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (CEEW) ने "चरम जलवायु घटनाओं के लिये भारत को तैयार करना" नामक रिपोर्ट जारी की।
2. यह पहली बार है कि इस रिपोर्ट में देश में चरम मौसम की घटनाओं वाले हॉटस्पॉट्स को मैप किया गया है।
3. इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2005 के बाद, चक्रवातों से प्रभावित ज़िलों की वार्षिक औसत संख्या तीन गुना हो गई, और चक्रवात की आवृत्ति दोगुनी हो गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**135. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान (ICAP) वर्ष 2037-38 तक सभी क्षेत्रों में कूलिंग की दिशा में एक एकीकृत दृष्टिकोण प्रदान करता है।
2. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो भारत का ऊर्जा दक्षता नियामक है।
3. मानक और लेबलिंग कार्यक्रम जिसे लोकप्रिय रूप से स्टार रेटिंग कार्यक्रम के रूप में जाना जाता है, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विकसित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**136. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की स्थापना वर्ष 1969 में की गई थी।
2. भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर रोवर उतारने वाला पहला देश है।
3. परमाणु ऊर्जा विभाग की स्थापना वर्ष 1980 के दशक की शुरुआत में की गई थी।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**137. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. वैकल्पिक विवाद समाधान से तात्पर्य उन तंत्रों से है जो विवादित पक्षों को न्यायालय के हस्तक्षेप के बिना अपने मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने में सक्षम बनाता है।
2. मध्यस्थता अधिनियम, 2023 के अनुसार प्रत्येक पक्ष को भारतीय न्यायालय में जाने से पहले मुकदमा-पूर्व मध्यस्थता के माध्यम से अपने विवादों को निपटाने का प्रयास करना अनिवार्य है।
3. इस अधिनियम के अनुसार न्यायालय और संबंधित संस्थानों को मध्यस्थों का एक पैनल का निर्माण करना अनिवार्य है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

**138. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के G20 महिला नेतृत्व वाले विकास एजेंडे के स्तंभों में से एक महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना था।
2. छठी आर्थिक जनगणना के अनुसार भारत में कुल उद्यमियों में महिला उद्यमियों की हिस्सेदारी लगभग 25% है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**139. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह खुदरा खरीदार के दृष्टिकोण से मूल्य परिवर्तन को मापता है।
2. इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी किया जाता है।
3. CPI के लिये आधार वर्ष 2016 है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 1, 2 और 3

**140. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी घरेलू वित्तीय बचत पर नवीनतम आँकड़ों के अनुसार भारत की सकल वित्तीय बचत दर वर्ष 2020-21 में लगभग 15% से घटकर वर्ष 2022-23 में 10% हो गई।
2. निम्न सकल बचत का आशय है कि लोग बचत कम कर रहे हैं और उपभोग अधिक कर रहे हैं।
3. उपभोग में वृद्धि का प्रमुख कारण कोरोना महामारी पर नियंत्रण के बाद मांग में वृद्धि को माना जा सकता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**141. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रीनवॉशिंग का सबसे अच्छा वर्णन है ?**

A. ग्रीनवॉशिंग तब होती है जब कोई संगठन वास्तव में अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने की तुलना में स्वयं को पर्यावरण के अनुकूल विपणन करने पर अधिक समय और पैसा खर्च करता है।

B. इसका तात्पर्य पर्यावरण अनुकूल निर्माण सामग्री के उपयोग से है।

C. यह वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिये NITI आयोग के सहयोग से भारत सरकार की पहल को संदर्भित करता है।

D. जब विनिर्माण की पर्यावरण अनुकूल तकनीकों को अपनाया जाता है तो उन्हें ग्रीनवॉशिंग कहा जाता है।

**142. 'बायोएथेनॉल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सड़क परिवहन वाहनों के लिये पेट्रोल विकल्प के रूप में उपयोग किया जाने वाला प्रमुख ईंधन बायोएथेनॉल है।
2. बायोएथेनॉल ईंधन मुख्य रूप से चीनी किण्वन प्रक्रिया द्वारा उत्पादित किया जाता है, हालाँकि इसे भाप के साथ एथिलीन की प्रतिक्रिया की रासायनिक प्रक्रिया द्वारा भी निर्मित किया जा सकता है।
3. इथेनॉल एक उच्च ऑक्टेन ईंधन है और इसने पेट्रोल में ऑक्टेन बढ़ाने वाले पदार्थ के रूप में सीसे का स्थान ले लिया है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**143. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. CBAM एक नीतिगत उपकरण है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करते हुए कार्बन उत्सर्जन को कम करना है कि आयातित वस्तु यूरोपीय संघ के भीतर उत्पादित उत्पादों के समान कार्बन लागत के अधीन हैं।
2. CBAM यह सुनिश्चित करेगा कि इन आयातित उत्पादों के जलवायु उद्देश्य कार्बन-सघन आयात से कमज़ोर न हों और शेष विश्व में स्वच्छ उत्पादन को बढ़ावा मिले।
3. CBAM का भारत द्वारा यूरोपीय संघ को लौह, इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों जैसे धातुओं के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**144. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. द्वितीय विश्व युद्ध के समापन पर संयुक्त राष्ट्र और ब्रेटन वुड्स प्रणाली, जिसमें IMF और विश्व बैंक शामिल थे, वैश्विक शासन के केंद्रीय स्तंभ के रूप में उभरे।
2. संयुक्त राष्ट्र चार्टर ने अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी है।
3. केवल अस्थायी सदस्यों की श्रेणी का विस्तार करने के लिये वर्ष 1965 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर में संशोधन किया गया था।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**145. वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (GBA) की घोषणा भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा नई दिल्ली में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन के मौके पर की गई थी।
2. यह पहल ऊर्जा संक्रमण के लिये जैव ईंधन अपनाने को बढ़ावा देने के लिये सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और उद्योग को एकजुट करने का प्रयास करती है।
3. संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राज़ील और भारत सहित GBA सदस्य का सामूहिक रूप से वैश्विक जैव ईंधन उत्पादन में योगदान लगभग 85% है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

**146. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) दो महाद्वीपों में विस्तृत एक अंतर्राष्ट्रीय रेल और नौपरिवहन मार्ग है।
2. इस गलियारे में रूस एक प्रमुख साझेदार है।
3. IMEC में दो अलग-अलग गलियारे शामिल होंगे - पूर्वी गलियारा जो भारत को अरब की खाड़ी से जोड़ता है और उत्तरी गलियारा जो अरब की खाड़ी को यूरोप से जोड़ता है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**147. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों ने भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद (SPC) की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता की।
2. रणनीतिक साझेदारी परिषद (SPC) का गठन अक्तूबर 2019 में प्रधानमंत्री मोदी की रियाद यात्रा के दौरान किया गया था।
3. सऊदी अरब में कुशल और अकुशल दोनों क्षेत्रों में बड़ी संख्या में भारत के प्रवासी कार्यरत हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**148. तीन नए आपराधिक कानून विधेयकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 और भारतीय साक्ष्य (BS) विधेयक, 2023 तीन नए पेश किये गए विधेयक हैं।
2. इन्हें क्रमशः मौजूदा भारतीय दंड संहिता, 1860, आपराधिक प्रक्रिया संहिता (CrPC), 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर प्रतिस्थापित किया जाएगा।
3. BNSS के तहत किसी भी पुलिस स्टेशन में संज्ञेय अपराध दर्ज करने का स्पष्ट प्रावधान है, चाहे अपराध किसी भी क्षेत्र में हुआ हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**149. संसद की कार्यवाही के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. भारतीय संविधान विशेष रूप से 'विशेष सत्र' शब्द को परिभाषित करता है।
2. यह शब्द कभी-कभी उन सत्रों को संदर्भित करता है जिन्हें सरकार विशिष्ट अवसरों के लिये बुलाती है, जैसे संसदीय अथवा राष्ट्रीय उपलब्धियों के स्मरणोत्सव के अवसर पर।
3. संविधान निर्दिष्ट करता है कि दो संसदीय सत्रों के बीच छह महीने का अंतराल नहीं होना चाहिये।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

नोट :

**150. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता वाले अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर किये।
2. I2U2 पहल अब्राहम समझौते के बाद भारत, इज़रायल, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात का एक नया समूह है।
3. I2U2 समूह मुख्यत: जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य तथा खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में संयुक्त निवेश पर केंद्रित होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**151. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में महिलाओं को एक तिहाई सीटें आवंटित करना है।
2. यह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित सीटों पर लागू नहीं होगा।
3. महिलाओं के लिये आरक्षित सीटों में प्रत्येक परिसीमन अभ्यास के बाद बदलाव किया जाएगा।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**152. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. परिसीमन का अर्थ है किसी देश अथवा विधायी निकाय वाले प्रांत में क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएँ तय करने का कार्य या प्रक्रिया।
2. ऐतिहासिक रूप से, चार अवसरों पर परिसीमन आयोग का गठन किया गया है।
3. भारत में परिसीमन आयोग एक शक्तिशाली निकाय है जिसके आदेश कानून के समान होते है और किसी भी न्यायालय के समक्ष उस पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**153. एडवांस्ड वेरी हाई रेज़ोल्यूशन रेडियोमीटर ( AVHRR ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक बहुउद्देश्यीय इमेजिंग उपकरण है जिसका उपयोग क्लाउड कवर, समुद्र की सतह के तापमान, बर्फ, हिम और वनस्पति कवर की वैश्विक निगरानी के लिये किया जाता है।
2. यह दृश्यमान निकट इंफ्रारेड रीजन में तीन सौर चैनलों का उपयोग करके पृथ्वी के उत्सर्जित विकिरण का पता लगाता है लेकिन इसमें थर्मल इंफ्रारेड चैनलों का अभाव है।
3. उपग्रहों की INSAT-1 शृंखला में एडवांस्ड वेरी हाई रेज़ोल्यूशन रेडियोमीटर (AVHRR) नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**154. 'भारत-म्याँमार संबंध' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के SAGAR विज़न के एक घटक के रूप में, भारत ने म्याँमार के राखीन राज्य में स्थित मोंगला बंदरगाह के विकास में प्रमुख भूमिका निभाई थी।
2. म्याँमार एकमात्र दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र है जिसकी भूमि सीमा पूर्वोत्तर भारत से लगती है।
3. म्याँमार की रणनीतिक अवस्थिति भारत के व्यापक क्षेत्रीय कूटनीति प्रयासों, विशेषकर "एक्ट ईस्ट" नीति के संदर्भ में भूमिका निभाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**155. 'रक्तचाप' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिवृक्क ग्रंथियाँ रक्तचाप को नियंत्रित करने वाले हार्मोन का उत्पादन करती हैं।
2. एल्डोस्टेरोन एक स्टेरॉयड हार्मोन है जो रक्त में सोडियम और पोटेशियम के स्तर को प्रबंधित करके रक्तचाप को नियंत्रित करता है।
3. एंटीडाययूरेटिक हार्मोन (ADH) शरीर के परासरण संतुलन (Osmotic Balance), रक्तचाप नियंत्रण, सोडियम होमियोस्टेसिस और वृक्क के कार्य में एक आवश्यक भूमिका निभाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**156. कुकी जनजाति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कुकी मूल रूप से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में प्राचीन समय में रहने वाले कई जनजातियों का एक जातीय समूह है।
2. वे बांग्लादेश और म्याँमार के कुछ हिस्सों में भी रहते हैं।
3. अधिकतर कुकी ईसाई हैं और मुख्यत: पहाड़ियों में रहते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**157. निम्नलिखित में से कौन-सा कानून केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ( CPCB ) की स्थापना के लिये ज़िम्मेदार है ?**

A. जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974
B. वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 1981
C. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986
D. जैविक विविधता अधिनियम, 2002

**158. निम्नलिखित मुद्दों पर विचार कीजिये:**

1. लिंग चयनात्मक गर्भपात
2. बाल लिंग अनुपात
3. बालिकाओं को रोज़गार
4. मासिक धर्म स्वच्छता

**नोट :**

**उपर्युक्त में से कितनी समस्याओं के समाधान हेतु 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना की शुरुआत की गई है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**159. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **मंगल ग्रह के मिशन** | **संगठन** |
|---|---|---|
| 1. | एक्सोमार्स रोवर (ExoMars rover) | यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी |
| 2. | होप मार्स मिशन | संयुक्त अरब अमीरात (UAE) |
| 3. | पर्सिवरेंस रोवर | फ्राँस |
| 4. | तियानवेन-1 | जापान |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

D. केवल तीन

D. सभी चार

**160. 'कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण( Cauvery Water Management Authority- CWMA)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. CWMA की स्थापना वास्तव में कावेरी जल प्रबंधन योजना के प्रावधानों के तहत जून 2018 में की गई थी।
2. इस प्राधिकरण का कार्य "कावेरी जल के भंडारण, वितरण, विनियमन और नियंत्रण" संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को लागू किया जाना और उसका अनुपालन सुनिश्चित करना है।
3. यह प्राधिकरण केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी जल बंटवारा विवाद का निपटान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**161. डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य डिजिटल व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण को विनियमित करना, वैध प्रसंस्करण आवश्यकताओं और संबंधित मामलों के साथ व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिकारों को संतुलित करना है।
2. "डेटा प्रिंसिपल" का अर्थ व्यक्तिगत डेटा संबंधित व्यक्ति से है।
3. सरकार विधेयक के प्रावधानों के अनुपालन के उल्लंघन की स्थिति में निर्णय लेने के लिये भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड की स्थापना करेगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**162. डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें डिजिटल पहचान, भुगतान प्रणाली और डेटा विनिमय प्लेटफ़ॉर्म शामिल हैं, जो राष्ट्रों को महत्त्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान करने, नागरिकों को सशक्त बनाने और डिजिटल समावेशन के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने में सक्षम बनाता है।
2. इंडिया स्टैक के माध्यम से भारत तीनों मूलभूत DPI विकसित करने वाला पहला देश बन गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**163. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जेनरेटिव AI नई सामग्री बनाने के लिये मौजूदा टेक्स्ट, ऑडियो फाइलों या चित्रों का उपयोग करने के लिये AI-सक्षम मशीनों की क्षमता को संदर्भित करता है।
2. 'मेक AI इन इंडिया एंड मेक AI वर्क फॉर इंडिया' की दृष्टि से, नीति आयोग ने 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम' के कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी है।
3. नेशनल मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (NM-ICPS) के तहत AI और मशीन लर्निंग पर टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब (TIH) की स्थापना की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**164. फाइव आइज़ अलायंस के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फाइव आइज़ एक खुफिया गठबंधन है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, भारत, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका जैसे देश शामिल हैं।
2. ये देश बहुपक्षीय UK-USA समझौते के पक्षकार हैं, जो सिग्नल इंटेलिजेंस में संयुक्त सहयोग के लिये एक संधि है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न 1 न 2

**165. G20 शिखर सम्मेलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. भारत ने 9 और 10 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली मेंG20 शिखर सम्मेलन की मेज़बानी की।
2. शिखर सम्मेलन का विषय "वसुधैव कुटुंबकम" था, जिसका अर्थ है "विश्व एक परिवार है"।
3. G20 देश अफ्रीकी संघ को G20 के अस्थायी सदस्य के रूप में स्वीकार करने पर सहमत हुए।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**166. ज़ूनोटिक प्रकोप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 21वीं सदी में ज़ूनोटिक रोगों की नई लहर व्यापक पैमाने पर फार्मिंग, पशु उत्पादों की उच्च मांग, आवास विखंडन और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों से प्रेरित है।
2. निपाह वायरस (NiV) की खोज पहली बार वर्ष 1999 में मलेशिया और सिंगापुर में सूअरों तथा मानव में बीमारी फैलने के बाद की गई थी।
3. केरल ने स्क्रब टाइफस, क्यासानूर वन रोग (मंकी फीवर) और निपाह वायरस रोग जैसे ज़ूनोटिक प्रकोप के संदर्भ में एक स्वास्थ्य योजना तैयार की।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**167. राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (NALSA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NALSA का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया था।
2. इसकी स्थापना वर्ष 1990 में कानूनी सहायता कार्यक्रमों की प्रभावशीलता की निगरानी और समीक्षा करने तथा अधिनियम के तहत कानूनी सेवाएँ प्रदान करने के लिये नियम एवं सिद्धांत विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी।
3. राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण ने अब अपने पैनल वकील-आधारित प्रतिनिधित्व को बढ़ाया है, जिसमें बचाव पक्ष के वकील समर्पित मुफ्त विधिक सहायता प्रदान करने वाले नए कार्यालय शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**168. होयसल मंदिरों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. होयसल के पवित्र मंदिर समूह को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) की विश्व विरासत सूची में शामिल गया है।
2. इसका निर्माण होयसल राजा विष्णुवर्धन ने 1116 ई. में चोलों पर अपनी विजय के उपलक्ष्य में करवाया था।
3. यह एक तारे के आकार का मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है और बेलूर में मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**169. "बेन्नू" जो हाल ही में चर्चा में था क्या है?**

A. एक क्षुद्रग्रह
B. पूर्वी घाट में खोजा गया एक नया पक्षी
C. केरल में फैल रही एक ज़ूनोटिक बीमारी
D. एक विलुप्त तितली

नोट :

**170. राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हरित हाइड्रोजन के वाणिज्यिक उत्पादन को प्रोत्साहित करने और भारत को ईंधन का शुद्ध निर्यातक बनाने का एक कार्यक्रम है।
2. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय इस मिशन के लिये नोडल मंत्रालय है।
3. हाइड्रोजन का व्यावसायिक उपयोग करने में उद्योग के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक हरित हाइड्रोजन निकालने की आर्थिक स्थिरता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**171. पूर्वव्यापी कराधान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह किसी राष्ट्र को विशेष वस्तुओं, सेवाओं या लेनदेन पर कर लगाने के साथ-साथ कानून के पारित होने के बाद शुरू होने वाले व्यवसायों पर शुल्क लगाने के लिये कानून बनाने की अनुमति देता है।
2. भारत विश्व का एकमात्र देश है जिसने कंपनियों पर पूर्वव्यापी रूप से कर लगाया है।
3. हाल ही में ऑनलाइन कैसीनो और गेमिंग प्लेटफॉर्म पर 28% जीएसटी लगाया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**172. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा ( NCF ), 2023 के उद्देश्य का सर्वोतम वर्णन है ?**

A. स्कूली शिक्षा की शुरुआत से ही कठिन विषयों की शुरुआत करना।
B. कक्षा 11-12 में विषयों के महत्त्व को कम करना।
C. सभी विषयों में तथ्यों को रटकर याद करने पर बल देना।
D. शिक्षा के लिये एक एकीकृत और बहु-विषयक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना।

**173. केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ( CCPA ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 2019 के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (CPA) के तहत की गई थी।
2. इसे उपभोक्ता अधिकारों के दुरुपयोग, अनुचित व्यापार प्रथाओं और जनता के हित में हानिकारक झूठी अथवा भ्रामक मार्केटिंग को विनियमित करने का अधिकार है।
3. हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) ने अनुचित व्यापार प्रथाओं के माध्यम से विक्रय करने वाले तथा सेवा शुल्क का आकलन करने वाले होटलों व रेस्तरां में उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिये नियम जारी किये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**174. नेटवर्क न्यूट्रैलिटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेटवर्क न्यूट्रैलिटी का सिद्धांत है कि बिना किसी भेदभाव अथवा किसी विशेष वेबसाइट, सेवा या एप्लिकेशन के सभी इंटरनेट ट्रैफिक के साथ समान व्यवहार किया जाने को प्राथमिकता दिया जाना।
2. नेटवर्क न्यूट्रैलिटी यह सुनिश्चित करती है कि इंटरनेट कंपनियाँ उपभोक्ता पहुँच पर एकाधिकार प्राप्त कर सकें।
3. नेटवर्क न्यूट्रैलिटी के बिना, इंटरनेट सेवा प्रदाता (ISP) अपने प्रभाव का उपयोग करके ग्राहकों को विशेष वेबसाइटों और सेवाओं तक निर्देशित कर सकते हैं, जबकि दूसरों तक पहुँच को अवरुद्ध कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**175. दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन ( Association of Southeast Asian Nations- ASEAN )के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ASEAN की स्थापना 8 अगस्त 1967 को नई दिल्ली में की गई थी।
2. ASEAN का आदर्श वाक्य "एक दृष्टि, एक पहचान, एक समुदाय" है।
3. हाल ही में, भारत के प्रधान मंत्री (PM) ने 20वें दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (ASEAN)-भारत शिखर सम्मेलन में भाग लिया तथा ASEAN देशों को आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढाँचे हेतु गठबंधन में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**176. GDP अपस्फीतिकारक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GDP अपस्फीतिकारक किसी अर्थव्यवस्था द्वारा किसी विशेष वर्ष में मौजूदा कीमतों पर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य तथा आधार वर्ष के दौरान प्रचलित कीमतों का अनुपात है।
2. GDP अपस्फीतिकारक में अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की समग्र श्रृंखला को शामिल नहीं किया जाता है
3. इसे मुद्रास्फीति के अधिक उपयोगी उपाय के रूप में देखा जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**177. आर्य समाज आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आर्य समाज की पहली इकाई औपचारिक रूप से दयानंद सरस्वती द्वारा वर्ष 1875 में बॉम्बे में स्थापित की गई थी।
2. इस आंदोलन का केंद्र दयानंद एंग्लो-वैदिक (Dayanand Anglo-Vedic, D.A.V.) विद्यालयों था, जिनकी स्थापना सबसे पहले वर्ष 1886 में लाहौर में हुई थी।
3. दयानंद के विचार उनकी प्रमुख कृति, सत्यार्थ प्रकाश (द टू एक्सपोज़िशन) में प्रकाशित किये गए थे।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**178. श्री नारायण गुरु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने "एक जाति, एक धर्म, सबके लिये एक ईश्वर" का नारा दिया था।
2. श्री नारायण गुरुदेव की कविताओं का अंग्रेज़ी अनुवाद "नॉट मेनी, बट वन" नाम से उपलब्ध है।
3. वह अद्वैत वेदांत के सबसे बड़े विरोधियों में से एक थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**179. अफ्रीकी संघ (AU) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अफ्रीकी महाद्वीप के देशों से बना एक महाद्वीपीय निकाय है, इसमें 25 सदस्य देश शामिल हैं।
2. इसे आधिकारिक तौर पर वर्ष 1991 में अफ्रीकी एकता संगठन (OAU) के उत्तराधिकारी के रूप में लॉन्च किया गया था।
3. अफ्रीकी संघ की संरचना का गठन करने वाले क्षेत्रीय आर्थिक समुदाय (Regional Economic Communities-RECs) तथा अफ्रीकी सहकर्मी समीक्षा तंत्र (African Peer Review Mechanism ) भी इसके प्रमुख निकाय हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**180. राष्ट्रीय वृद्धजन नीति, 1999 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय वृद्धजन नीति की घोषणा वृद्ध जनों का कल्याण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के उद्देश्य से की गई थी।
2. यह योजना BPL श्रेणी से संबंधित वरिष्ठ नागरिकों अथवा प्रतिमाह 15000 रुपए आय वाले लोगों को विभिन्न सहायता उपकरण प्रदान करती है।
3. इसका उद्देश्य उम्र बढ़ने की प्रक्रिया की बेहतर समझ के लिये व्यक्तियों, परिवारों और समूहों को जानकारी तथा शैक्षिक सामग्री प्रदान करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**181. माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अधिनियम द्वारा बच्चों और उनके उत्तराधिकारियों के लिये अपने वृद्धजनों का भरण-पोषण करना एक दायित्व बना दिया।
2. यह राज्य सरकारों को हर ज़िले में वृद्धाश्रम स्थापित करने की भी अनुमति देता है।
3. इस अधिनियम में न्यूनतम मासिक भत्ता 10,000 रुपये प्रति माह तय किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**182. 'भारत-कनाडा संबंध' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (CEPA), जिसमें वस्तुओं, सेवाओं, निवेश और व्यापार सुविधा में व्यापार शामिल है, पर वर्तमान में दोनों देशों के बीच तकनीकी स्तर पर बातचीत चल रही है।
2. कनाडा का बौद्धिक संपदा कार्यालय और भारत का औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग (DIPP) बौद्धिक संपदा अधिकार के क्षेत्र में सहयोग को मज़बूत करने पर सहमत हुए हैं।
3. IC-IMPACTS (सामुदायिक परिवर्तन और स्थिरता में तेज़ी लाने के लिये नवोन्मेषी बहुविषयक भागीदारी हेतु भारत-कनाडा केंद्र) पहला और एकमात्र कनाडा-भारत अनुसंधान उत्कृष्टता केंद्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**183. संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNFPA को संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक ट्रस्ट फंड के रूप में स्थापित किया गया था, और तब से यह संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर यौन तथा प्रजनन स्वास्थ्य के लिये उत्तरदायी एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है।
2. UNFPA संयुक्त राष्ट्र महासभा के ढाँचे के अंतर्गत एक सहायक निकाय के रूप में कार्य करता है।
3. UNFPA का अधिदेश संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC) द्वारा निर्धारित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**184 'निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जनसंख्या में बदलाव को सटीक रूप से प्रतिबिंबित करने के लिये किसी राष्ट्र के भीतर चुनावी निर्वाचन क्षेत्रों के लिये सीमाएँ निर्धारित करने की प्रक्रिया को परिसीमन कहा जाता है।
2. परिसीमन आयोग से अपेक्षा की जाती है कि वह किसी भी कार्यकारी प्रभाव से मुक्त होकर निष्पक्ष रूप से कार्य करेगा।
3. लोकसभा या राज्य विधानसभा परिसीमन आयोग के निर्देशों को उनके समक्ष प्रस्तुत किये जाने के बाद परिसीमन आयोग उनमें संशोधन कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**185. पीएम राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम में पेरिटोनियल डायलिसिस सेवाएँ शामिल नहीं हैं।
2. पेरिटोनियल डायलिसिस सेवा के तहत लोगों के पास उपचार के विकल्प होंगे जिनमे उनका उपचार घर पर किया जा सकता है।
3. पेरिटोनियल डायलिसिस अवसंरचनात्मक निर्माण, रखरखाव और स्टाफिंग की पर्याप्त लागत को काफी कम करने में मदद करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**186. 'आत्मसम्मान आंदोलन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आत्मसम्मान आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1925 में ई.वी. रामास्वामी नायकर द्वारा की गई थी।
2. आत्मसम्मान आंदोलन, जिसे द्रविड़ आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है, ने महिलाओं के अधिकारों को केंद्र में रखते हुए पिछड़ी जातियों के लिये समान अधिकारों की मांग की।
3. आत्म-सम्मान आंदोलन ने, विशेष रूप से आत्म-सम्मान विवाह प्रणाली की शुरुआत के रूप में एक बड़ी सामाजिक क्रांति को जन्म दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**187. 'राष्ट्रीय महिला आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय महिला आयोग(NCW) भारत सरकार द्वारा स्थापित एक संवैधानिक निकाय है, यह आम तौर पर महिलाओं को प्रभावित करने वाले सभी नीतिगत मामलों पर सरकार को सलाह देता है।
2. NCW दुर्व्यवहार, भेदभाव, उत्पीड़न अथवा उनके अधिकारों के उल्लंघन का शिकार हुई महिलाओं की शिकायतें भी प्राप्त करता है।
3. NCW के अभियानों के प्रमुख विषयों के अंतर्गत दहेज, राजनीति, धर्म, रोज़गार में महिलाओं के लिये समान प्रतिनिधित्व तथा श्रम हेतु महिलाओं का शोषण शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**188. 'ला नीना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक जलवायु पैटर्न है जो पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में सतही जल के असामान्य रूप से गर्म होने का वर्णन करता है।
2. ला नीना घटनाओं के दौरान, ट्रेड विंड्स सामान्य से भी अधिक तेज़ होती हैं, जो अधिक गर्म जल को एशिया की ओर धकेलती हैं।
3. ला नीना वर्ष के दौरान, सर्दियों के दौरान यहाँ का तापमान दक्षिण में सामान्य से अधिक गर्म और उत्तर में सामान्य से अधिक ठंडा होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**नोट :**

**189. निवर्तनी मानसून ( Retreating Monsoon ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निवर्तनी मानसून का तात्पर्य कुछ क्षेत्रों में हवा के पैटर्न और वर्षा के मौसमी व्युत्क्रमण से है।
2. निवर्तनी मानसून पश्चिमी तट से पूर्वी तट की ओर जाता है।
3. निवर्तनी मानसून के मौसम के दौरान आंध्र प्रदेश और उड़ीसा में चक्रवातों का खतरा बना रहता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**190. ज्वालामुखियों के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | |
|---|---|
| 1. टैम्बोरा पर्वत | A. इंडोनेशिया |
| 2. रुआपेहू पर्वत | B. न्यूज़ीलैंड |
| 3. फूजी पर्वत | C. जापान |
| 4. माउंट सेंट हेलेंस | D. संयुक्त राज्य अमेरिका |

**उपर्युक्त युग्म में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**191. 'रिंग ऑफ फायर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रिंग ऑफ फायर में अधिकांश सक्रिय ज्वालामुखी इसके पश्चिमी किनारे पर, रूस से न्यूजीलैंड तक पाए जाते हैं।
2. पोपोकाटेपेटल रिंग ऑफ फायर के सबसे खतरनाक ज्वालामुखियों में से एक है।
3. माउंट फूजी एक "ट्रिपल जंक्शन" पर स्थित है, जहाँ तीन विवर्तनी प्लेटें, अमूर प्लेट, ओखोटस्क प्लेट और फिलीपीन प्लेट परस्पर अभिक्रिया करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**192. 'ब्रिक्स' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्रिक्स देशों के बीच वाणिज्य और निवेश के लिये, ब्रिक्स सरकारें यूरोपीय संघ के सदस्यों की तरह यूरो के अनुरूप साझा मुद्रा का उपयोग कर रही हैं।
2. यह राष्ट्रों पर निगरानी रखने, शांति सैनिकों(पीसकीपर्स) को तैनात करने, या सदस्य देशों अथवा अन्य को सैन्य सहायता प्रदान करने में शामिल नहीं है।
3. ब्रिक्स वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्त्व करता है, यह विश्वभर सकल घरेलु उत्पाद का आधे से अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**193. गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NAM की शुरुआत प्रथम विश्व युद्ध के दौरान उन देशों को एकजुट करने हेतु की गई थी, जिन्होंने औपचारिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका या सोवियत संघ के साथ शामिल नहीं होने का फैसला किया था।
2. वर्ष 1955 में इंडोनेशिया में एशिया-अफ्रीका बांडुंग सम्मेलन के दौरान हुई चर्चाएँ इस संगठन की स्थापना का प्रेरक तत्त्व हैं।
3. इस संगठन का उद्देश्य वर्ष 1979 की हवाना घोषणा में "गुटनिरपेक्ष देशों की राष्ट्रीय स्वतंत्रता, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता" सुनिश्चित करना था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**194. निम्नलिखित में से कौन-सी तीर्थयात्रा चारधाम परियोजना का हिस्सा नहीं है?**

A. जगन्नाथ
B. बद्रीनाथ
C. केदारनाथ
D. गंगोत्री

## व्याख्या

**1.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ब्लू मून उस स्थिति का वर्णन करता है जब एक ही महीने में पूर्णिमा दो बार दिखाई देती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सुपर मून तब होता है जब चंद्रमा उपभू पर होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अपभू अपनी अण्डाकार कक्षा में चंद्रमा का पृथ्वी से सबसे दूर का बिंदु है।
- उपभू अपनी अण्डाकार कक्षा में चंद्रमा का पृथ्वी से निकटतम बिंदु है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**2.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (AQLI) जीवन प्रत्याशा पर कणीय प्रदूषण के प्रभाव को मापता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वायु प्रदूषण के कारण एक औसत भारतीय नागरिक लगभग 5.3 वर्ष की जीवन प्रत्याशा खो देता है।
- इसे शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान (EPIC) द्वारा जारी किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसी समय अंतराल में भारत में PM2.5 का स्तर 9.5 प्रतिशत, पाकिस्तान में 8.8 प्रतिशत और बांग्लादेश में 12.4 प्रतिशत बढ़ा।
- दक्षिण एशिया में वर्ष 2013 से वर्ष 2021 तक कण प्रदूषण 9.7 प्रतिशत बढ़ गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**3.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- स्वतंत्र पार्टी की स्थापना सी. राजगोपालाचारी द्वारा की गई थी, जो भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के नेता थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- एन.जी. रंगा ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में भी शामिल थे और मद्रास प्रांत से इसके सदस्य बने। **अतः कथन 2 सही है।**
- स्वतंत्र पार्टी का सबसे पहले और मुख्य रूप से सभी लोगों के लिये सामाजिक न्याय और समानता पर केंद्रित है, चाहे वे किसी भी धर्म, जाति, व्यवसाय या राजनीतिक झुकाव के हों। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

4.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पाँच स्थायी सदस्य संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, फ्राँस, चीन और यूनाइटेड किंगडम हैं।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के पाँच नए अस्थायी सदस्य अल्बानिया, ब्राजील, गैबॉन, घाना और संयुक्त अरब अमीरात हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

5.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- दक्षिण अफ्रीका द्वारा आयोजित 15वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भू-राजनीतिक परिवर्तनों और वैश्विक आर्थिक गतिशीलता की पृष्ठभूमि में महत्त्वपूर्ण महत्त्व रखता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस शिखर सम्मेलन का विषय "ब्रिक्स और अफ्रीका: पारस्परिक रूप से त्वरित विकास, सतत् विकास तथा समावेशी बहुपक्षवाद के लिये साझेदारी" है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया और अर्जेंटीना ब्रिक्स के नए सदस्य बन गए हैं, जिससे समूह की समावेशिता और प्रतिनिधित्व में वृद्धि हुई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

6.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- एशिया कप, 2022 टूर्नामेंट की मेजबानी संयुक्त अरब अमीरात ने की थी जहाँ श्रीलंका ने अपनी जीत दर्ज कराई। **अतः कथन 1 सही है।**
- एशिया कप का आयोजन एशियन क्रिकेट काउंसिल द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एशिया कप वनडे या T20 फॉर्मेट में खेला जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

7.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- साहित्य में वर्ष 2022 का नोबेल पुरस्कार फ्राँसीसी लेखिका "एनी एर्नाक्स" को "उस साहस और नैदानिक तीक्ष्णता के लिये दिया गया है जिसके साथ वह व्यक्तिगत स्मृति की जड़ों, अलगाव और सामूहिक बाधाओं को उज़ागर करती हैं"।
- साहित्य में वर्ष 2021 का नोबेल पुरस्कार उपन्यासकार अब्दुलरजाक गुरनाह को दिया गया।
- रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा क्वांटम यांत्रिकी में उनके कार्य के लिये वर्ष 2022 के लियेभौतिकी का नोबेल पुरस्कार जॉन एफ. क्लॉसर, एलेन एस्पेक्ट और एंटोन ज़िलिंगर को प्रदान किया गया। **अतः विकल्प A सही है।**

8.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) ने नागपुर सत्र, 1920 में असहयोग आंदोलन को मज़बूत करने का प्रयास किया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- कांग्रेस को आगे बढ़ाने के लिये 15 सदस्यों की एक कांग्रेस कार्य समिति (CWC) की स्थापना की गई। **अतः कथन 2 सही है।**
- गांधीजी ने घोषणा की कि यदि असहयोग कार्यक्रम पूरी तरह से लागू किया गया, तो एक वर्ष के भीतर स्वराज ला दिया जाएगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**नोट :**

**9.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- लोकसभा का अध्यक्ष वह सदस्य होता है जो सदन के सदस्यों में से चयनित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 1972 के 31वें संशोधन अधिनियम ने लोकसभा सीटों की संख्या 525 से बढ़ाकर 545 कर दी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- 1989 के 61वें संशोधन अधिनियम ने लोकसभा के लिये मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी। **अतः कथन 3 सही है।**

**10.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) संयुक्त राष्ट्र की यौन और प्रजनन स्वास्थ्य एजेंसी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- UNFPA लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है और महिलाओं, लड़कियों तथा युवाओं को अपने शरीर एवं अपने भविष्य पर नियंत्रण रखने हेतु सशक्त बनाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- UNFPA का लक्ष्य वर्ष 2030 तक परिवार नियोजन, निवारक मातृ मृत्यु, लैंगिक हिंसा और बाल विवाह तथा महिला जननांग विकृति सहित अपकारी प्रथाओं की अपूरित आवश्यकता को समाप्त करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**11.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- स्थगन से सदन की बैठक समाप्त हो जाती है जो अगली बैठक के लिये नियत समय पर फिर से बैठक करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि अगली बैठक के लिये कोई निश्चित समय/तिथि निर्धारित किये बिना बैठक समाप्त कर दी जाती है, तो इसे अनिश्चित काल के लिये स्थगन कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- संविधान ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों के लिये कोरम के रूप में सदस्यों की संख्या का दसवां हिस्सा तय किया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**12.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चंद्रयान-3 में एक स्वदेशी लैंडर मॉड्यूल (LM), प्रोपल्शन मॉड्यूल (PM) और एक रोवर शामिल है जिसका उद्देश्य अंतर ग्रहीय मिशनों के लिये आवश्यक नई प्रौद्योगिकियों को विकसित एवं प्रदर्शित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- लैंडर पर वैज्ञानिक पेलोड का उद्देश्य चंद्रमा के पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- चंद्रयान-3 को लॉन्च करने के लिये LVM3 M4 लॉन्चर का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**13.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- आदित्य L1 को 7 पेलोड के साथ लॉन्च किया गया:
  - विज़िबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (VELC)
  - सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (SUIT)
  - सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (SoLEXS)
  - हाई एनर्जी L1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (HEL1OS)

नोट :

- आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (ASPEX)
- प्लाज़्मा एनालाइज़र पैकेज फॉर आदित्य (PAPA)
- एडवांस्ड ट्राई-एक्सियल हाई रिज़ॉल्यूशन डिजिटल मैग्नेटोमीटर **अत: विकल्प B सही है।**

14.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- महात्मा गांधी ने डरबन में भारतीयों को संगठित किया और भारतीयों के लिये मतदान के अधिकार की वकालत करने के लिये वर्ष 1894 में नेटाल इंडियन कॉन्ग्रेस की स्थापना की। **अत: कथन 1 सही है।**
- उन्होंने भारतीयों के कल्याण के लिये समर्थन जुटाया और वर्ष 1903 में जोहान्सबर्ग में ट्रांसवाल ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की। **अत: कथन 2 सही है।**
- गांधीजी ने वर्ष 1906 में जोहान्सबर्ग में एशियाई लोगों पर प्रतिबंध लगाने वाले अध्यादेश के खिलाफ अपना पहला सत्याग्रह (अहिंसक प्रतिरोध) अभियान शुरू किया। **अत: कथन 3 सही है।**

15.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- लैग्रेंज पॉइंट्स अंतरिक्ष में वह विशेष स्थान हैं जहाँ सूर्य और पृथ्वी जैसे दो बड़े परिक्रमा करने वाले पिंडों की गुरुत्वाकर्षण शक्तियाँ एक दूसरे को संतुलित करती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इनका उपयोग अंतरिक्ष यान द्वारा अपने स्थान पर बने रहने के लिये आवश्यक ईंधन की खपत को कम करने के लिये किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- लैग्रेंज पॉइंट ऐसी अवस्थितियाँ हैं जहाँ दो बड़े द्रव्यमानों का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव एक छोटी वस्तु को उनके साथ गतिमान रहने के लिये आवश्यक केन्द्राभिमुख बल के बराबर होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

16.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- कोडैकानल सौर वेधशाला ने पुरानी तस्वीरों आदि से प्राप्त डिजीटल डेटा की सहायता से सूर्य सदियों से किस प्रकार से घूर्णन करता रहा है, इसका अनुमान लगाया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का एक स्वायत्त संस्थान है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस अनुमान से सूर्य के आंतरिक भाग में उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र, जिस कारण सनस्पॉट बनता है, का अध्ययन करने में मदद मिलेगी। **अत: कथन 3 सही है।**

17.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वजन (किलोग्राम) को ऊँचाई (मीटर) के वर्गमूल से भाग देने से प्राप्त मान को बॉडी मास इंडेक्स कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देश के अनुसार 18.5 से 24.9 के बीच के मान को सामान्य बॉडी मास इंडेक्स, 25 से उपर मान वाले को अधिक वजन तथा 30 या इससे अधिक के मान को मोटापे को रूप में परिभाषित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- किसी व्यक्ति की ऊँचाई और बॉडी मास इंडेक्स बचपन तथा किशोरावस्था के दौरान वातावरण के स्वास्थ्य और इससे प्राप्त पोषण की गुणवत्ता के मानवशास्त्रीय माप हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

18.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- ग्लोबल हंगर इंडेक्स (GHI) वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भूखमरी को व्यापक रूप से मापने और ट्रैक करने का एक उपकरण है।
- GHI स्कोर चार घटक संकेतकों पर आधारित हैं:
  - अल्पपोषण
  - चाइल्ड स्टंटिंग (उम्र के हिसाब से कम लंबाई)
  - चाइल्ड वेस्टिंग (ऊँचाई के हिसाब से कम वज़न)
  - बाल मृत्यु दर **अत: विकल्प A सही है।**

19.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना एक संघ का विषय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत की जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम में उल्लिखित नियमों के अनुसार की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जनगणना प्रत्येक दस वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

20.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- 'उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम,1991' पूजा स्थल को, पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से, एक धार्मिक संप्रदाय से दूसरे में अथवा एक ही संप्रदाय के भीतर परिवर्तित करने की रोकथाम करता है।**अत: कथन 1 सही है।**
- यह अधिनियम सुनिश्चित करता है कि पूजा स्थल की धार्मिक पहचान वही रहेगी जो 15 अगस्त, 1947 को थी।**अत: कथन 2 सही है।**
- अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद के नाम से जाना जाने वाला विशिष्ट पूजा स्थल अधिनियम के प्रावधानों में शामिल नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

21.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- लखनऊ समझौता भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (Indian National Congress- INC) और अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के बीच एक समझौता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस सत्र ने लगभग एक दशक के बाद कॉन्ग्रेस में नरमपंथियों और उग्रवादियों को फिर से एक मंच प्रदान किया है।
- अंबिका चरण मजूमदार ने वर्ष 1916 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के लखनऊ सत्र की अध्यक्षता की। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस समझौते का उद्देश्य भारत में स्वशासन और केंद्र सरकार में मुस्लिमों के एक तिहाई प्रतिनिधित्व की संयुक्त मांग के माध्यम से हिंदू-मुस्लिम एकता की छवि पेश करना था। **अत: कथन 3 सही है।**

22.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- राष्ट्रपति के चुनाव के संबंध में सभी संदेहों और विवादों की जाँच एवं निर्णय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किये जाते हैं जोकि अंतिम निर्णय होता है। **अत:कथन 1 सही है।**

नोट :

- राष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति के चुनाव को इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती है कि निर्वाचक मंडल अधूरा था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्तमान व्यवस्था राष्ट्रपति को संघ और राज्यों का समान रूप से प्रतिनिधि बनाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**23.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत में पर्यावरण प्रभाव आकलन वैधानिक रूप से पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 द्वारा समर्थित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इन्वेंटरी विश्लेषण और खतरे की संभावना तथा सूचकांक EIA प्रक्रियाओं का हिस्सा हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2006 के EIA संशोधन में विकासात्मक परियोजनाओं को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है, यानी, श्रेणी A (राष्ट्रीय स्तरीय मूल्यांकन) और श्रेणी B (राज्य स्तरीय मूल्यांकन)। **अत: कथन 3 सही है।**

**24.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय हरित अधिकरण (National Green Tribunal- NGT) की स्थापना राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 के तहत की गई है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- NGT को आवेदन दाखिल होने के 6 महीने के भीतर आवेदनों या अपीलों का अंतिम रूप से निपटान करना अनिवार्य है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके सदस्य 5 वर्ष की अवधि के लिये पद पर बने रहेंगे और पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**25.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत में उच्च न्यायालय की संस्था की शुरुआत वर्ष1862 में हुई जब कलकत्ता, बॉम्बे और मद्रास में उच्च न्यायालय स्थापित किये गए। **अत: कथन 1 सही है।**
- उच्च न्यायालय का क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार राज्य के क्षेत्र के साथ-साथ समाप्त होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष1956 के सातवें संशोधन अधिनियम ने संसद को दो या दो से अधिक राज्यों या दो या दो से अधिक राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के लिये एक सामान्य उच्च न्यायालय स्थापित करने हेतु अधिकृत किया। **अत:कथन 3 सही है।**

**26.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2006 के संशोधन के बाद, EIA चक्र में चार चरण शामिल हैं:
  - स्क्रीनिंग
  - स्कोपिंग
  - जन सुनवाई
  - मूल्यांकन **अत: विकल्प D सही है।**

नोट :

27.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- 'स्व-रोज़गार महिला संघ (Self-Employed Women's Association- SEWA)' की शुरुआत वर्ष 1920 में अनसूया साराभाई और महात्मा गांधी द्वारा स्थापित टेक्सटाइल लेबर एसोसिएशन (TLA) से हुई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- SEWA बैंक की स्थापना वर्ष 1974 में गरीब महिलाओं को छोटे ऋण प्रदान करने के लिये की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह एक पहल है जिसे अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) द्वारा एक माइक्रोफाइनेंस आंदोलन के रूप में मान्यता दी गई थी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

28.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- संविधान की एकात्मक अथवा गैर-संघीय विशेषताएँ:
  - एकल संविधान
  - संविधान का लचीलापन
  - आपातकाल का प्रावधान
  - एकल नागरिकता
  - एकीकृत न्यायपालिका
  - अखिल भारतीय सेवाएँ
  - राज्यपाल की नियुक्ति
- भारतीय संविधान की संघीय विशेषता:
  - दोहरी सरकार नीति
  - विभिन्न स्तरों के बीच शक्तियों का विभाजन
  - संविधान की कठोरता
  - न्यायपालिका की स्वतंत्रता
  - द्विसदन **अतः विकल्प A सही है।**

29.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- मौलिक कर्त्तव्य भारतीय संविधान के भाग IV-A में अनुच्छेद 51A के तहत अंतर्निहित हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- मौलिक कर्त्तव्यों की अवधारणा तत्कालीन USSR के संविधान से ली गई है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अनुच्छेद 51A(f) के तहत भारत मिश्रित संस्कृति वाला देश है, इसका "वसुधैव कुटुंबकम" G20 शिखर सम्मेलन 2023 का विषय भी है।
- निदेशक सिद्धांतों की तरह, कर्त्तव्य भी प्रकृति में गैर-न्यायसंगत हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

30.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- मैकाले की इच्छा थी कि सरकार केवल पाश्चात्य शिक्षा पर पैसा खर्च करे,प्राच्य शिक्षा पर नहीं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- उन्होंने डाउनवर्ड फिल्टरेशन नीति का भी समर्थन किया, जिसके तहत सरकार केवल थोड़ी संख्या में भारतीयों को शिक्षित करेगी जो बाद में बाकी आबादी को शिक्षित करेगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- उनकी रुचि भारतीयों का एक ऐसा समूह विकसित करने में थी जो ब्रिटिश उद्देश्यों का समर्थन कर सके और उनका पालन कर सके। **अतः कथन 3 सही है।**

**31.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- गैबॉन, पश्चिम में अटलांटिक महासागर से घिरा एक देश है, यह पहले फ्राँसीसी उपनिवेश था इसी कारण इसका फ्राँसीसी भाषा और संस्कृति से मजबूत संबंध है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह कैमरून, इक्वेटोरियल गिनी और कांगो गणराज्य के साथ भूमि सीमा साझा करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- लोन्गो नेशनल पार्क इस देश के सर्वश्रेष्ठ वन्यजीव-दर्शन स्थलों में से एक है। **अतः कथन 3 सही है।**

**32.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संवैधानिक निकायों की सूची:
  - निर्वाचन आयोग
  - संघ लोक सेवा आयोग
  - राज्य लोक सेवा आयोग
  - वित्त आयोग
  - वस्तु एवं सेवा कर परिषद
  - अनुसूचित जाति के लिये राष्ट्रीय आयोग
  - अनुसूचित जनजाति के लिये राष्ट्रीय आयोग
  - पिछड़ा वर्ग के लिये राष्ट्रीय आयोग
  - भाषाई अल्पसंख्यकों के लिये विशेष अधिकारी
  - भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
  - भारत के महान्यायवादी
  - राज्य के महाधिवक्ता **अतः विकल्प A सही है।**

**33.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015, एक बच्चे को 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह बच्चों की विभिन्न श्रेणियों को भी परिभाषित करता है, जिनमें अनाथ, आत्मसमर्पण करने वाले और परित्यक्त बच्चे शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस अधिनियम का लक्ष्य बच्चों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय के उद्देश्यों को प्राप्त करना है। **अतः विकल्प 3 सही है।**

**नोट :**

दृष्टि The Vision

**34.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रस्तावना मूलत: निम्नलिखित बातों/वस्तुओं का विचार देती है:
    - संविधान का स्रोत
    - भारतीय राज्य की प्रकृति
    - इसके उद्देश्यों का विवरण
    - इसके अंगीकरण की तिथि **अत: विकल्प B सही है।**

**35.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पीर पंजाल रेंज लघु हिमालय क्षेत्र में पर्वतों का एक समूह है। अत:कथन 1 सही नहीं है।
- पीर पंजाल रेंज जिसे पीर की गली भी कहा जाता है, मुगल रोड के माध्यम से कश्मीर घाटी को राजौरी और पुंछ से जोड़ता है।**अत: कथन 2 सही है।**
- जवाहर सुरंग बनिहाल रेंज के नीचे पीर पंजाल पर्वत के माध्यम से 2.5 किमी लंबी सुरंग है जो बनिहाल को पहाड़ के दूसरी ओर काजीगुंड से जोड़ती है।**अत: कथन 3 सही है।**

**36.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राजा राम मोहन राय आधुनिक भारत के पुनर्जागरण के जनक और समाज सुधारक थे। अत:, कथन 1 सही है।
- उन्हें दिल्ली के नाममात्र मुगल सम्राट अकबर द्वितीय द्वारा 'राजा' की उपाधि दी गई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- 'तुहफ़ात-उल-मुवाहिद्दीन' का प्रकाशन राजा राम मोहन राय ने किया था। **अत:कथन 3 सही है।**

**37.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत एक संघीय राज्य है एवं इसकी एकल तथा एकीकृत न्यायिक प्रणाली है जिसकी त्रिस्तरीय संरचना है, अर्थात् सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालय।
- वर्ष 1773 के रेग्युलेटिंग एक्ट के प्रवर्तन से कलकत्ता में पूर्ण शक्ति एवं अधिकार के साथ कोर्ट ऑफ रिकॉर्ड के रूप में सर्वोच्च न्यायाधिकरण (Supreme Court of Judicature) की स्थापना की गई। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- मद्रास एवं बंबई में सर्वोच्च न्यायालय जॉर्ज तृतीय द्वारा क्रमश: वर्ष 1800 एवं वर्ष 1823 में स्थापित किये गए थे। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत का संघीय न्यायालय भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत स्थापित किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**38.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अनुसार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) भारत में आपदा प्रबंधन के लिये शीर्ष वैधानिक निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय नीति, 2009 को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अनुरूप और उसके अनुसरण में तैयार किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- NDMA को उसके कार्यों के प्रदर्शन में सहायता करने के लिये सचिवों की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (NEC) बनाई गई है। **अतः कथन 3 सही है।**

**39.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- महिलाओं के लिये ग्लोबल क्लाइमेट रेजिलिएंस फंड (Global Climate Resilience Fund), क्लिंटन ग्लोबल इनिशिएटिव (Clinton Global Initiative- CGI) और स्व-रोज़गार महिला संघ (Self-Employed Women's Association- SEWA) की एक पहल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य धूप में काम करने वाली महिलाओं (विशेष रूप से निर्माण, अपशिष्ट पुनर्चक्रण, प्लास्टिक, खेती आदि जैसे अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों) की समस्याओं का समाधान प्रदान करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF) एवं हरित जलवायु कोष (GCF) क्योटो प्रोटोकॉल और पेरिस समझौते के अंर्तगत कार्य करते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**40.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ग्रीनहाउस गैस (GHG) वे गैसें हैं जो पृथ्वी के वायुमंडल में ऊष्मा को रोकती हैं, जिससे ग्रह गर्म होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ग्रीनहाउस गैसें पृथ्वी की सतह से अवरक्त विकिरण को अवशोषित करती हैं तथा इसे वापस सतह पर विकीर्ण करती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ग्रीनहाउस प्रभाव के बिना, पृथ्वी का औसत तापमान 14°C (57°F) से घटकर –18°C (–0.4°F) तक हो जाएगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**41.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- QUAD का लक्ष्य "मुक्त, स्पष्ट और समृद्ध" इंडो-पैसिफिक क्षेत्र सुनिश्चित करना और उसका समर्थन करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका तथा जापान इस "चतुर्भुज" गठबंधन का हिस्सा हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह एक सैन्य गठबंधन नहीं है तथा अन्य देशों के लिये खुला है जो अपने मूल्यों और हितों को साझा करते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**42.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हैजा एक तीव्र, दस्त संबंधी बीमारी है जो विब्रियो कॉलेरी (Vibrio Cholerae) जीवाणु से आँत के संक्रमण के कारण होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- किसी व्यक्ति को हैजा के जीवाणु से दूषित पानी पीने या भोजन खाने से हैजा हो सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- WHO द्वारा पूर्व-योग्य तीन के मौखिक हैजा टीके (OCV), डुकोरल, शंचोल और यूविचोल-प्लस हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

43.

उत्तर: A

व्याख्या:

- बाह्य अंतरिक्ष संधि, 1967 एक कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है जो अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष कानून की नींव रखती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह संधि विश्व के देशों को पृथ्वी की कक्षा में 'परमाणु हथियार या सामूहिक विनाश के किसी अन्य प्रकार के हथियारों को ले जाने वाले किसी भी पिंड' को स्थापित करने से निषिद्ध करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- कोई भी राष्ट्र बाह्य अंतरिक्ष, चंद्रमा या अन्य खगोलीय पिंडों पर संप्रभुता का दावा नहीं कर सकता। **अत: कथन 3 सही है।**

44.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ष 2014 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपना निर्णय सुनाते हुए कहा कि ट्रांसजेंडर लोगों को लिंग की तीसरी श्रेणी के रूप में माना जाना चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ वह मामला है जिसमें ट्रांसजेंडर को तीसरा लिंग घोषित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े समुदायों (SEBC) के लिये उपलब्ध प्रवेश एवं सरकारी नौकरियों में मौजूदा 50% आरक्षण में से किसी का भी लाभ उठा सकते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

45.

उत्तर: A

व्याख्या:

- नागरिक परमाणु दायित्व पर कानून यह सुनिश्चित करते हैं कि परमाणु घटना या आपदा के कारण परमाणु क्षति के लिये पीड़ितों को मुआवज़ा उपलब्ध हो। **अत: कथन 1 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (International Atomic Energy Agency- IAEA) परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व पर कई अंतर्राष्ट्रीय कानूनी दस्तावेज़ों के लिये डिपॉज़िटरी के रूप में कार्य करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत ने वर्ष 2016 में पूरक मुआवज़े पर अभिसमय (Convention on Supplementary Compensation- CSC) की पुष्टि की है, जिसे वर्ष 1997 में न्यूनतम राष्ट्रीय मुआवज़ा राशि स्थापित करने के उद्देश्य से अपनाया गया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

46.

उत्तर: C

व्याख्या:

- डॉ. एस.वी. राधाकृष्णन ने UNESCO में राजदूत का पद संभाला। **अत: कथन 1 सही है।**
- वह भारत के पहले उपराष्ट्रपति और स्वतंत्र भारत के दूसरे राष्ट्रपति बने। **अत: कथन 2 सही है।**
- वह साहित्य अकादमी फेलोशिप से सम्मानित होने वाले पहले व्यक्ति थे। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

47.

उत्तर: D

व्याख्या:

- डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने वर्ष 1923 में बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना की जो वंचितों के बीच शिक्षा एवं संस्कृति का प्रचार करने के लिये समर्पित थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- अंबेडकर ने वर्ष 1927 तक अस्पृश्यता के खिलाफ सक्रिय आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- पूना समझौता, 1932, एम के गांधी और बी. आर. अंबेडकर के बीच यरवदा सेंट्रल जेल में हस्ताक्षरित एक समझौता था। पूना समझौता, 1932 पर हिंदुओं के दलित वर्गों की ओर से अंबेडकर और अन्य हिंदुओं की ओर से मदन मोहन मालवीय और गांधी के बीच हस्ताक्षर किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

48.

उत्तर: B

व्याख्या:

- आसियान के मूलभूत सिद्धांत, जैसा कि वर्ष 1976 की दक्षिण पूर्व एशिया में मित्रता और सहयोग की संधि (Treaty of Amity and Cooperation in Southeast Asia- TAC) में निहित है:
  - सभी राष्ट्रों की स्वतंत्रता, संप्रभुता, समानता, क्षेत्रीय समेकता और राष्ट्रीय पहचान के लिये पारस्परिक सम्मान। **अतः कथन 1 सही है।**
  - एक दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - प्रत्येक राज्य को अपने राष्ट्रीय अस्तित्त्व को बाहरी हस्तक्षेप, तोड़फोड़ या ज़बरदस्ती से मुक्त होकर जीने का अधिकार। **अतः कथन 3 सही है।**
  - मतभेद या विवादों का शांतिपूर्ण ढंग से निपटान। **अतः कथन 4 सही नहीं है।**
  - धमकी या बल प्रयोग का त्याग।
  - आपस में प्रभावी सहयोग।

49.

उत्तर: A

व्याख्या:

- महाबलीपुरम तत्कालीन पल्लव राजवंश का एक महत्त्वपूर्ण शहर है जिसने 275 ईस्वी से 897 ईस्वी तक दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों पर शासन किया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी स्थापना 7वीं शताब्दी ईस्वी में पल्लव राजा नरसिंहवर्मन प्रथम ने की थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- महाबलीपुरम के प्रसिद्ध वास्तुशिल्प आकर्षण में तराशी हुई चट्टान उच्चावच (Sculpted Rock Relief) शामिल है जिसे आमतौर पर "अर्जुन की तपस्या (Arjuna's Penance)" या "गंगा का अवतरण (Descent of the Ganges)", नक्काशीदार गुफा मंदिरों का संग्रह और प्रतिष्ठित शोर मंदिर (Shore Temple) कहा जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

50.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं की सूची है। ये भाषाएँ हैं:
  - असमिया, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली, डोगरी। **अतः विकल्प A सही है।**

नोट :

51.

उत्तर: A

व्याख्या:

- पुरानी पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों को पूर्व निर्धारित फॉर्मूले के तहत पेंशन मिलती है जो अंतिम आहरित वेतन के 50% के बराबर होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पुरानी पेंशन योजना में वर्ष में दो बार महँगाई राहत में बदलाव का प्रावधान था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- पुरानी पेंशन योजना के तहत सामान्य भविष्य निधि का प्रावधान किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

52.

उत्तर: D

व्याख्या:

- AUKUS ऑस्ट्रेलिया, यू.के. और यू.एस. के बीच इंडो-पैसिफिक के लिये एक त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका इंडो-पैसिफिक झुकाव इसे दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामक कार्रवाइयों के खिलाफ गठबंधित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- AUKUS सदस्यों का उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे कि एप्लाइड ए.आई. क्वांटम प्रौद्योगिकियों और समुद्र के नीचे की क्षमताओं में सहयोग है। **अतः कथन 3 सही है।**

53.

उत्तर: C

व्याख्या:

- 'ग्लोबल स्टॉकटेक' पेरिस जलवायु सम्मेलन समझौते के तहत प्रस्तावित देशों के जलवायु परिवर्तन कार्यों के प्रभाव की पंचवर्षीय समीक्षा है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - पेरिस समझौते के अनुसार प्रत्येक देश को पंच-वर्षीय चक्रों में एक जलवायु कार्य योजना प्रस्तुत करनी होगी।
    - भारत जैसे देशों ने वैश्विक स्टॉकटेक के लिये 10 वर्ष की अवधि को प्राथमिकता दी, जबकि यूरोपीय संघ और अन्य ने पाँच वर्ष के चक्र की मांग की।
- पहला वैश्विक स्टॉकटेक वर्ष 2023 में होगा जो यह आकलन करेगा कि जलवायु परिवर्तन के लिये की जा रही कार्रवाइयों का निवल परिणाम पूर्व-औद्योगिक समय से वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस के भीतर रखने के लक्ष्य के अनुरूप था या नहीं। **अतः कथन 2 सही है।**
    - स्टॉकटेक केवल विश्व के "सामूहिक" प्रयासों का आकलन करेगा, व्यक्तिगत देशों के कार्यों का नहीं।
    - इसमें न केवल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिये किये गए कार्यों के परिणामों को शामिल किया जाएगा, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अनुकूल होने के लिये किये जा रहे कार्यों को भी शामिल किया जाएगा।
- स्टॉकटेक यह आकलन करेगा कि क्या विकसित देश पेरिस समझौते के अनुसार विकासशील देशों को धन और प्रौद्योगिकी प्रदान करके पर्याप्त मदद दे रहे हैं।
    - जलवायु परिवर्तन पर नवीनतम अंतर सरकारी पैनल (IPCC) की रिपोर्ट भी स्टॉकटेक में शामिल की जाएगी।

54.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ब्रिटिश 'यूजर एक्सपीरियंस शोधकर्त्ता' हैरी ब्रिग्नुल ने वर्ष 2010 में डार्क पैटर्न शब्द गढ़ा था। **अतः कथन 1 सही है।**
    - लाभ कमाने हेतु डार्क पैटर्न के उपयोग के मामले सामने आने लगे थे, किंतु उपभोक्ताओं को उनकी गोपनीयता पर पड़ने वाले प्रभाव और उनके द्वारा खर्च किये जा रहे समय, प्रयास तथा धन की जानकारी का अभाव था।

नोट :

- इन्हें भ्रामक पैटर्न भी कहा जाता है तथा इनका उपयोग जानबूझकर उपयोगकर्ताओं को ऐसे विकल्प चुनने हेतु हेरफेर करने के लिए किया जाता है जो उनके लिये सर्वोत्तम हितकारी न हों। **अतः कथन 2 सही है।**
- ये अनैतिक रणनीतियाँ कुछ संज्ञानात्मक और व्यवहार संबंधी पूर्वाग्रहों का फायदा उठाकर उपयोगकर्ताओं को उन वस्तुओं तथा सेवाओं को खरीदने के लिये प्रेरित करने हेतु डिज़ाइन की गई हैं जिनके लिये वे आमतौर पर भुगतान नहीं करते हैं।
- भारत में अभी तक डार्क पैटर्न से संबंधित कोई औपचारिक और विशिष्ट नियम नहीं हैं, लेकिन यह ऐसी प्रथाओं को रोकने तथा विनियमित करने के लिये कुछ दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार करने पर काम कर रहा है।
    - उपभोक्ता मामलों के विभाग ने 7 सितंबर, 2023 को सार्वजनिक परामर्श के लिये एक मसौदा दस्तावेज़ जारी किया, यह उपयोगकर्ता इंटरफेस/उपयोगकर्ता अनुभव (UI/UX) इंटरैक्शन में भ्रामक डिज़ाइन पैटर्न के रूप में डार्क पैटर्न को परिभाषित करता है जो उपभोक्ता स्वायत्तता को खराब करता है तथा उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**55.**

**उत्तरः C**

**ऍक्स्पः**

- एक राष्ट्र, एक चुनाव के पीछे केंद्रीय विचार पूरे देश में चुनावों की आवृत्ति को कम करने के लिये सभी राज्यों में एक साथ लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों का आयोजन करना है।
    - यह अवधारणा वर्ष 1967 तक प्रचलित थी, लेकिन दल-बदल, बर्खास्तगी और सरकार के विघटन जैसे विभिन्न कारणों से उतनी प्रभावी नहीं रह गई।
    - एक चुनाव का चक्र पहली बार वर्ष 1959 में टूटा जब केंद्र ने तत्कालीन केरल सरकार को बर्खास्त करने के लिये अनुच्छेद 356 लागू किया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- व्यवहार्यताः संविधान के अनुच्छेद 83(2) और 172 के अनुसार, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल पाँच वर्ष निर्धारित किया गया है, जब तक कि उन्हें समय से पहले भंग नहीं किया जाता। हालाँकि, कुछ शर्तों के तहत, जैसे कि अनुच्छेद 356 में वर्णित है, विधानसभाएँ पहले भी भंग की जा सकती हैं।
- तार्किक चुनौतियाँः यह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों, कर्मियों और अन्य संसाधनों की उपलब्धता तथा सुरक्षा के संदर्भ में तार्किक चुनौतियाँ प्रस्तुत करेगा। निर्वाचन आयोग को इतनी बड़ी कवायद के प्रबंधन मेंकई कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।
- विधिक चुनौतियाँः न्यायमूर्ति बी.एस. चौहान की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने बताया कि संविधान के मौजूदा ढाँचे के भीतर एक साथ चुनाव संभव नहीं हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**56.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- लद्दाख एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है जो अपने परिदृश्यों, मठों और बस्तियों के लिये जाना जाता है।
- सिंधु नदी लद्दाख से होकर बहती है और ज़ांस्कर एवं सिंधु नदियों का संगम एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। लद्दाख भारत का एकमात्र स्थान है जहाँ सिंधु नदी बहती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पैंगोंग त्सो चीन सीमा के पास एक खारे जल की झील है और कैंपिंग के लिये यह एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है।
    - भारत और चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के विषय में अलग-अलग धारणाएँ हैं, जो दोनों देशों के बीच वास्तविक सीमा के रूप में कार्य करती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेज़ांग ला की लड़ाई लद्दाख में लड़ी गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

**57.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- आसियान (ASEAN) की स्थापना इसके संस्थापकों द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी।
    - आसियान के संस्थापक राष्ट्र इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड हैं।
- वर्ष 1975 में वियतनाम युद्ध और वर्ष 1991 में शीत युद्ध की समाप्ति के बाद क्षेत्र में बदलती परिस्थितियों के बाद 1990 के दशक में आसियान में सदस्यों की संख्या दोगुनी हो गई।
    - इसमें ब्रुनेई (1984), वियतनाम (1995), लाओस और म्याँमार (1997), और कंबोडिया (1999) को शामिल किया गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इंडोनेशिया ने वर्ष 2023 के लिये आसियान की अध्यक्षता संभाली है। इस वर्ष का विषय "आसियान मामला: विकास का केंद्र" है। संक्षेप में, उद्देश्य क्षेत्र में शांति बनाए रखना, संगठन के भीतर एकता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**58.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- जैव ईंधन के उपयोग में तेज़ी लाने के लिये सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और व्यापार के बीच एक वैश्विक जैव इंधन गठबंधन के विकास का नेतृत्त्व भारत द्वारा किया जा रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें कुल 19 देश और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठन शामिल हैं जिनमें G20 सदस्य तथा गैर-सदस्य देश दोनों शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत, ब्राज़ील और अमेरिका इस गठबंधन के संस्थापक देश हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**59.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पहली पीढ़ी के जैव ईंधन का उत्पादन उपभोज्य खाद्य पदार्थों से किया जाता है जिसमें बायोअल्कोहल के लिये स्टार्च (चावल और गेहूँ), चीनी (चुकंदर व गन्ना), या बायोडीजल के लिये वनस्पति तेल शामिल होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- दूसरी पीढ़ी का जैव ईंधन मुख्य रूप से गैर-खाद्य फीडस्टॉक जैसे वन, उद्योग, कृषि अपशिष्ट और अपशिष्ट पदार्थ या प्रयुक्त वनस्पति तेलों से प्राप्त किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- तीसरी पीढ़ी को 'शैवाल ईंधन' के रूप में जाना जाता है तथा यह बायोडीजल और बायोअल्कोहल दोनों के रूप में शैवाल से प्राप्त होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- चौथी पीढ़ी के जैव ईंधन आनुवंशिक रूप से संशोधित पौधों से बनाए जाते हैं जो अधिक कार्बन को अवशोषित और संगृहीत करते हैं। पौधों को बायोमास के रूप में काटा जाता है, जिसे बाद में रासायनिक या थर्मोकेमिकल रूपांतरणों का उपयोग करके जैव ईंधन में परिवर्तित किया जाता है।

**60.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इस परियोजना का उद्देश्य चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) का मुकाबला करना है और इसमें भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्राँस, इटली, जर्मनी तथा अमेरिका शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- परियोजना भारत को मध्य पूर्व देशों और यूरोप के बीच कनेक्टिविटी प्रदान करने वाला एक रेल तथा शिपिंग गलियारा बनाएगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- रेल और शिपिंग कॉरिडोर ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट (PGII) के लिये साझेदारी का हिस्सा है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

61.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अफ्रीकी संघ (AU) महाद्वीपीय निकाय है, जो अफ्रीका के 55 सदस्य देशों से मिलकर बना है। **अत:कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य भारत और अफ्रीकी देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक एकीकरण को सुदृढ़ करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- विदेशी मामलों के मंत्रियों से बनी कार्यकारी परिषद नीतिगत मामलों को संभालती है और विधानसभा को सिफारिशें करती है। **अत:कथन 3 सही है।**

62.

उत्तर: D

- वर्ष 2023 तक, समूह में 21 सदस्य हैं: अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ (27) और अफ्रीकी संघ (55 देश)। **अत: विकल्प D सही है।**

63.

उत्तर: A

व्याख्या:

- G7 समूह वर्ष 1975 में गठित एक अंतरसरकारी संगठन है।
- इसके सदस्य देश वैश्विक आर्थिक प्रशासन, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा नीति जैसे सामान्य हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिये वार्षिक तौर पर बैठक करते हैं।
- यूके, कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका G7 देश हैं।
- G7 के सभी देश और भारत G20 का हिस्सा हैं। **अत: विकल्प A सही है।**

64.

उत्तर: D

व्याख्या:

- ग्रैंड स्लैम एक शब्द है जिसका उपयोग टेनिस में एक ही कैलेंडर वर्ष में सभी चार प्रमुख चैंपियनशिप जीतने के लिये किया जाता है। चार ग्रैंड स्लैम हैं: ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन, US ओपन। **अत: विकल्प D सही है।**

65.

उत्तर: A

व्याख्या:

- बिपरजॉय चक्रवात एक अत्यंत भयंकर चक्रवाती तूफ़ान था, यह मुख्यत: गुजरात और राजस्थान के कुछ हिस्सों में आया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- चक्रवात बिपरजॉय दक्षिणपूर्व अरब सागर के ऊपर विकसित हुआ था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस चक्रवात के प्रभाव सामान्य से अधिक अवधि तक बने रहे, अरब सागर की असामान्य ऊष्मता इसका प्रमुख कारण है। **अत: कथन 3 सही है।**

66.

उत्तर: B

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र संगठन के सदस्य राज्यों ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर तीसरे विश्व सम्मेलन में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सेंडाई फ्रेमवर्क पर सहमति जताई। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- आपदा न्यूनीकरण के लिये संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय रणनीति (United Nations International Strategy for Disaster Reduction- UNISDR) को सेंडाई फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन, अनुवर्ती कार्रवाई, समर्थन तथा समीक्षा का कार्यभार सौंपा गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह संधि वैकल्पिक है और सदस्य देशों के लिये बाध्यकारी नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**67.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- खाद्य और कृषि संगठन(Food and Agriculture Organization- FAO) द्वारा 'विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति' रिपोर्ट प्रकाशित की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- खाद्य और कृषि संगठन द्वारा वार्षिक तौर पर सबसे गहन जाँच के साथ तैयार की जाने वाली यह रिपोर्ट विश्व भर में कुपोषित लोगों की संख्या प्रस्तुत करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस रिपोर्ट में मैन्युअल वर्कर के औसत वेतन में 38% और वेतनभोगी कर्मचारी के औसत वेतन में 28% की वृद्धि दर्ज की गई है। **अतः कथन 3 सही है।**

**68.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- फोटोलिथोग्राफी के लिये डीप UV तकनीक विशेषतः प्रोजेक्शन ऑप्टिक्स पर आधारित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह लेज़र से निकलने वाले प्रकाश को निर्देशित और नियंत्रित करने के लिये लेंस (अपवर्तक) और दर्पण (परावर्तक) दोनों का उपयोग करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस प्रकार की प्रणाली क्रोमेटिक एबेरेशन को सीमित करते हुए स्रोत लेज़र प्रकाश की एक विस्तृत बैंडविड्थ को समायोजित करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**69.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढाँचे के लिये गठबंधन (Coalition for Disaster Resilient Infrastructure- CDRI) राष्ट्रीय सरकारों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों एवं कार्यक्रमों, बहुपक्षीय विकास बैंकों एवं वित्तपोषण तंत्र, निजी क्षेत्र और शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों की एक वैश्विक साझेदारी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के बाद यह भारत सरकार की दूसरी प्रमुख वैश्विक पहल है, और यह जलवायु परिवर्तन एवं आपदा लचीलेपन के मुद्दों में भारत के नेतृत्त्व को रेखांकित करती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**70.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- पुट्टास्वामी निर्णय में कहा गया है कि निजता का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत एक मौलिक संवैधानिक अधिकार के रूप में संरक्षित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वैश्विक मानवाधिकार ढाँचे के प्रति भारत की प्रतिबद्धता में निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार करना शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

**नोट :**

- इस अधिकार पर प्रतिबंध केवल उन राज्य कार्यों के माध्यम से लगाया जा सकता है जो इन तीन मानदंडों को पूरा करते हैं: विधायी जनादेश, एक वैध राज्य उद्देश्य और आनुपातिकता। **अतः कथन 3 सही है।**

**71.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- DNA परीक्षण प्रक्रिया के चार मुख्य चरण हैं: निष्कर्षण, परिमाणीकरण, प्रवर्द्धन, केशिका वैद्युतकण संचलन (Capillary electrophoresis)। **अतः विकल्प A सही है।**

**72.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 'गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA), 1967' के अनुसार गैरकानूनी गतिविधि से तात्पर्य किसी व्यक्ति अथवा संघ द्वारा भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को बाधित करने के इरादे से किये गये किसी भी कार्य से है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके अंतर्गत मृत्युदंड और आजीवन कारावास सर्वोच्च सज़ा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2004 के संशोधन में आतंकवादी गतिविधियों के लिये संगठनों पर प्रतिबंध लगाने हेतु अपराधों की सूची में "आतंकवादी अधिनियम" जोड़ा गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**73.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को अपनी शक्तियाँ और अधिकार दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 से प्राप्त होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भ्रष्टाचार निवारण पर संथानम समिति (1962-1964) द्वारा CBI की स्थापना की सिफारिश की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- हालाँकि, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय राज्य की सहमति के बिना देश में कहीं भी किसी अपराध की जाँच करने का आदेश CBI को दे सकते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**74.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ (2015) में, सर्वोच्च न्यायलय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66A को असंवैधानिक ठहराया। **अतः कथन 1 सही है।**
- न्यायलय ने धारा 66A में "अत्यधिक आक्रामक" शब्द को अस्पष्ट और सटीकता से रहित पाया। **अतः कथन 2 सही है।**
- धारा 66A में कंप्यूटर या किसी अन्य संचार उपकरण का उपयोग करके आपत्तिजनक संदेश भेजना अपराध माना गया। **अतः कथन 3 सही है।**

**75.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मूल न्यायाधिकार:
  - एक संघीय न्यायालय के रूप में, सर्वोच्च न्यायालय भारतीय संघ की विभिन्न इकाइयों के मध्य विवादों का निर्णय करता है। अधिक विस्तृत रूप से, कोई भी विवाद:
    - केंद्र और एक या अधिक राज्यों के बीच

नोट :

- एक तरफ केंद्र और किसी राज्य या राज्यों के बीच तथा दूसरी तरफ एक या एक से अधिक अन्य राज्य।
- दो या दो से अधिक राज्यों के बीच

◆ उपरोक्त संघीय विवादों में, सर्वोच्च न्यायालय के पास विशेष मूल क्षेत्राधिकार है। **अत: विकल्प C सही है।**

**76.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- एक राष्ट्र, एक चुनाव के पीछे केंद्रीय विचार पूरे देश में चुनावों की आवृत्ति को कम करने के लिये सभी राज्यों में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के समय को समकालिक करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- एक साथ चुनाव कराने के विचार का समर्थनवर्ष 1999 में बी.पी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने किया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह चक्र पहली बार वर्ष 1959 में खत्म हुआ जब केंद्र ने तत्कालीन केरल सरकार को बर्खास्त करने के लिये अनुच्छेद 356 लागू किया।**अत:कथन 3 सही है।**

**77.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 'हरामी नाला' गुजरात के कच्छ क्षेत्र में 22 किलोमीटर लंबा ज्वारीय चैनल है, जो भारत तथा पाकिस्तान के मध्य प्राकृतिक सीमा के रूप में कार्य करता है। **अत: विकल्प B सही है।**

**78.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सर क्रीक भारत और पाकिस्तान की सीमा पर सिंधु नदी डेल्टा के निर्जन दलदली भूमि में 96 किमी लंबा ज्वारीय मुहाना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह क्रीक अरब सागर में खुलती है और सामान्यत: गुजरात के कच्छ क्षेत्र को पाकिस्तान के सिंध प्रांत से विभाजित करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत और पाकिस्तान के बीच सर क्रीक विवाद कच्छ तथा सिंध के बीच समुद्री सीमा रेखा की व्याख्या मंध निहित है।
- इसका मूल नाम बाण गंगा था और औपनिवेशिक काल में इसका नाम सर क्रीक रखा गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**79.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 'निपाह वायरस' एक ज़ूनोटिक वायरस है जो जानवरों से इंसानों में फैलता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह वायरस चमगादड़ के मूत्र और संभावित रूप से चमगादड़ के मल, लार तथा जन्म के समय तरल पदार्थों में मौजूद होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- निपाह वायरस एन्सेफलाइटिस का कारण बनने वाला जीव पैरामाइक्सोविरिडे परिवार जीनस हेनिपावायरस का एक RNA या राइबोन्यूक्लिक एसिड वायरस है, और हेंड्रा वायरस से निकटता से संबंधित है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

80.

उत्तर: A

व्याख्या:

- बाढ़ का मैदान नदी के किनारे स्थित एक क्षेत्र है जो सामान्यत: नदी के जल स्तर में वृद्धि होने पर बाढ़ का अनुभव करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बाढ़ का दायरा बाढ़ के मार्ग की बाहरी सीमाओं से लेकर नदी घाटी के किनारे किसी भी चट्टान अथवा ऊँचे किनारों तक फैला होता है। यह जलप्रवाह मार्ग के बाहर स्थित होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- बाढ़ का किनारा एक प्राथमिक नदी चैनल है, जो रुक-रुक कर मौसमी हो सकता है, यह दर्शाता है कि वर्ष की कुछ अवधि के दौरान चैनल शुष्क रहता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

81.

उत्तर: B

व्याख्या:

- OPEC प्लस पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) और कज़ाकिस्तान, अज़रबैजान सहित अन्य तेल उत्पादक देशों के बीच गठबंधन को संदर्भित करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- OPEC प्लस देशों में 13 ओपेक सदस्य और अज़रबैजान, बहरीन, ब्रुनेई, कज़ाकिस्तान, मलेशिया, मैक्सिको, ओमान, रूस, दक्षिण सूडान एवं सूडान शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- गठबंधन का गठन वर्ष 2016 में वैश्विक बाज़ारों में तेल की अत्यधिक आपूर्ति को संबोधित करने के लिये किया गया था, जिसके कारण तेल की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट आई थी। **अत: कथन 3 सही है।**

82.

उत्तर: C

व्याख्या:

- करेवा कश्मीर की घाटी में पाए जाने वाले झीलीय भंडार हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- ये सपाट शीर्ष वाले टीले हैं जो कश्मीर घाटी को चारों तरफ से घेरते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- येस्तनधारी जीवों के जीवाश्म और कहीं-कहीं पीट (एक प्रकार की घास) से मिलकर बनते है। **अत: कथन 3 सही है।**

83.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण करने के लिये वर्ष 1851 में स्थापित एक वैज्ञानिक एजेंसी है।
- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, भारत के खान मंत्रालय के अधीन कार्यरत एक संगठन है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- व्यवस्थित भूवैज्ञानिक मानचित्रण (SGM) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा किया जाने वाला सबसे महत्त्वपूर्ण और बुनियादी मानचित्रण कार्यक्रम है। **अत: कथन 2 सही है।**
- GSI द्वारा संचालित खनिज संसाधन मूल्यांकन परियोजनाओं में लौह खनिज, आधार धातु, कीमती धातु व खनिज, अलौह और सामरिक खनिज, औद्योगिक एवं उर्वरक खनिज शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

84.

उत्तर: C

व्याख्या:

- इसकी स्थापना भारत के उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (UT) में अनुकूलन गतिविधियों का समर्थन करने के लिये की गई थी जो जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति संवेदनशील हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, इस निधि के लिये नामित राष्ट्रीय कार्यान्वयन इकाई (NIE) के रूप में कार्य करता है। **अतः, कथन 2 सही है।**
- यह एक केंद्रीय क्षेत्र योजना है जिसे वर्ष 2015-16 में स्थापित किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**85.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (EIA) एक प्रस्तावित विकासात्मक परियोजना के संभावित पर्यावरणीय प्रभावों के मूल्यांकन की एक प्रक्रिया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह लाभकारी और प्रतिकूल दोनों तरह के अंतर-संबंधित सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक एवं मानव-स्वास्थ्य प्रभावों को ध्यान में रखता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- EIA रिपोर्ट में एक पर्यावरण प्रबंधन योजना (EMP) और सामान्य दर्शकों के लिये एक गैर-तकनीकी सारांश शामिल है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**86.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार भारत में सर्वोच्च बहुविषयक विज्ञान पुरस्कार हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- शांति स्वरूप भटनागर CSIR के संस्थापक और निदेशक थे जिनके नाम पर इस पुरस्कार का नाम रखा गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत के प्रवासी नागरिक (OCI) और भारत में कार्यरत भारतीय मूल के व्यक्ति (PIO) इस पुरस्कार के लिये पात्र हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**87.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कुकी उन जातीय समूहों में से एक है जो भारत, म्याँमार और बांग्लादेश के उत्तरपूर्वी क्षेत्रों में निवास करते हैं।
- वे मुख्य रूप से भारत में मणिपुर और मिज़ोरम राज्यों, म्याँमार में चीन राज्य और बांग्लादेश में चटगाँव पहाड़ी इलाकों में पाए जाते हैं। कुकी जनजाति भूटान में निवास नहीं करती है। **अतः विकल्प A सही है।**

**88.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- रज़ाकार एक निजी सैन्य संगठन था जो हैदराबाद के निज़ाम मीर उस्मान अली खान के शासन का समर्थन करता था। **अतः कथन 1 सही है।**
- मीर उस्मान अली खान एक स्वतंत्र राज्य की अपनी मांग पर बहुत स्पष्ट था और उसने भारत के डोमिनियन में शामिल होने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया।
- रज़ाकार नामक सशस्त्र हिंसक कट्टरपंथियों ने वर्ष 1948 में हैदराबाद के हिंदू निवासियों को निशाना बनाया। **अतः कथन 2 सही है।**
- उन्होंने हैदराबाद के भारत के डोमिनियन में एकीकरण का विरोध किया। **अतः कथन 3 सही है।**
- लगभग चार दिनों तक चली सशस्त्र मुठभेड़ में, भारतीय सेना ने राज्य पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया और हैदराबाद भारत का अभिन्न अंग बन गया।

**नोट :**

**89.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) पर वर्ष 1992 में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में हस्ताक्षर किये गए थे। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- UNFCCC एक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता को कम करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय पार्टियों का सम्मेलन (COP) है। **अत: कथन 3 सही है।**

**90.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- खाद्य और कृषि संगठन (FAO), संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP), विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO), और विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH,OIE के रूप में स्थापित) द्वारा एक नई वन स्वास्थ्य संयुक्त कार्य योजना शुरू की गई थी।) **अत: विकल्प D सही है।**

**91.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पीर पंजाल श्रेणी लघु हिमालय क्षेत्र में पहाड़ों का एक समूह है। **अत: कथन 1 सही है।**
- हिमालय धौलाधार और पीर पंजाल पर्वतमाला की ओर धीरे-धीरे ऊँचाई दर्शाता है।
- पीर पंजाल श्रेणी भारत के हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर राज्य में पूर्व-दक्षिणपूर्व (ESE) से पश्चिम-उत्तरपश्चिम (WNW) तक विस्तृत है। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्रसिद्ध गैलाट पर्वत (Galyat Mountains) भी इसी श्रेणी में स्थित हैं।
- पीर पंजाल श्रेणी लघु हिमालय की सबसे बड़ी श्रेणी है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**92.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एंटीबॉडी, जिसे इम्युनोग्लोबुलिन भी कहा जाता है। यह एक सुरक्षात्मक प्रोटीन है जो शरीर में किसी बाह्य पदार्थ के प्रवेश की अनुक्रिया में प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा उत्पादित होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एंटीबॉडीज़ एंटीजन की पहचान कर उन्हें शरीर से बाहर निकालने के लिये उन पर हमला करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- IgG रक्त में मुख्य एंटीबॉडी है एवं इसमें बैक्टीरिया, रोगजनकों और विषाक्त पदार्थों के साथ बंध कर उसे गतिहीन करने की विशिष्ट क्षमता होती है।
- IgM का निर्माण मूलभूत Y-आकार की संरचनाओं की पाँच इकाइयों से होता है और यह मुख्य रूप से रक्त में वितरित होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**93.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन(National Research Foundation- NRF) एक इकाई है जिसे भारतीय विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड(Science and Engineering Research Board of India- SERB) से प्रतिस्थापित किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह अंत:विषय अनुसंधान को बढ़ावा देगा जो भारत की विकास संबंधी गंभीर चुनौतियों का समाधान करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- NRF की अध्यक्षता प्रधानमंत्री द्वारा की जायेगी और इसमें 10 प्रमुख निदेशालय शामिल होंगे। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**94.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत निर्वाचन आयोग इस अर्थ में एक अखिल भारतीय निकाय है कि यह केंद्र सरकार और राज्य सरकारों दोनों के लिये सामान्य है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- निर्वाचन आयोग को राज्यों में पंचायत और नगर पालिकाओं के चुनाव से कोई सरोकार नहीं है। इसके लिये भारत का संविधान एक अलग राज्य निर्वाचन आयोग का प्रावधान करता है।
- चुनाव आयुक्तों और क्षेत्रीय आयुक्तों की सेवा की शर्तें तथा कार्यालय का कार्यकाल राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मुख्य चुनाव आयुक्त और/या दो अन्य चुनाव आयुक्तों के बीच मतभेद की स्थिति में, मामले का निर्णय आयोग द्वारा बहुमत से किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**95.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- प्रेषण धन हस्तांतरण है जो प्रवासी अपने गृह देशों में अपने परिवारों और दोस्तों को भेजते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- वे कई विकासशील देशों के लिये आय और विदेशी मुद्रा का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2022 में प्रेषण के लिये शीर्ष पाँच प्राप्तकर्ता देश भारत, मैक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान थे। **अत: कथन 3 सही है।**

**96.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- डिकिंसोनिया एक विलुप्त आदिम जानवर है जो 600-500 मिलियन वर्ष पूर्व एडियाकरन काल में ऑस्ट्रेलिया, चीन, रूस, यूक्रेन के आसपास समुद्री तटों पर निवास करता था। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2021 में भारत के भीमबेटका रॉक शेल्टर्स में डिकिंसोनिया के जीवाश्म पाए जाने की सूचना मिली है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जीवाश्मों में कोलेस्ट्रॉल अणुओं की खोज के बाद इसे एक जंतु के रूप में वर्गीकृत किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**97.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग एक सांविधिक निकाय है जो प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के उद्देश्यों को लागू करने के लिये उत्तरदायी है। इसका विधिवत गठन मार्च 2009 में किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- एकाधिकार और प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार अधिनियम (MRTP Act), 1969 को निरस्त कर इसे प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय (Quasi-Judicial Body) है जो सांविधिक प्राधिकरणों को परामर्श देने के साथ-साथ अन्य मामलों को भी संबोधित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**नोट :**

98.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में कुनो नेशनल पार्क (KNP), मध्य प्रदेश ने नामीबिया से आठ अफ्रीकी चीतों के आगमन की पहली वर्षगांठ मनाई। **अत: विकल्प B सही है।**

99.

उत्तर: C

व्याख्या:

- एक अज्ञात उड़ने वाली वस्तु (UFO) एक अज्ञात उड़ने वाली वस्तु है जिसे आमतौर पर ऐसी विसंगतियाँ माना जाता है जो पूरी तरह से अज्ञात हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- विश्व UFO दिवस संगठन (WUFODO) ने 2 जुलाई को आधिकारिक विश्व UFO दिवस घोषित किया। **अत:कथन 2 सही है।**
- UFO दिवस वर्ष 1947 में रोसवेल, न्यू मैक्सिको में UFO दुर्घटना की घटना की याद में मनाया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

100.

उत्तर: B

व्याख्या :

- 'UNESCO के विश्व धरोहर स्थल' संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) द्वारा मान्यता प्राप्त विशिष्ट सांस्कृतिक और भौतिक महत्त्व वाली एक साइट है। **अत:कथन 1 सही है।**
- यह वर्ष 1972 में यूनेस्को द्वारा विश्व सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण के लिये अभिसमय की स्वीकृति के माध्यम से प्रदर्शित होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में केवल एक मिश्रित विश्व धरोहर स्थल जिसमें प्राकृतिक और सांस्कृतिक दोनों महत्त्व के घटक शामिल हैं, भारत के सिक्किम में स्थित है, जिसे कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

101.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) एक सरकारी एजेंसी है जो भारत में पुरातात्त्विक अनुसंधान और सांस्कृतिक ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण के लिये ज़िम्मेदार संस्था है।
- ASI की स्थापना वर्ष 1861 में अलेक्जेंडर कनिंघम द्वारा की गई थी, जो इसके पहले महानिदेशक भी बने।
- ASI का मुख्यालय नई दिल्ली में है।
- ASI भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की एक संबद्ध एजेंसी है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

102.

उत्तर: B

व्याख्या:

- शांतिनिकेतन, जो पश्चिम बंगाल के बीरभूम ज़िले में स्थित है, को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान पश्चिम बंगाल में पहला यूनेस्को प्राकृतिक स्थल है। यह यूनेस्को सूची में शामिल होने वाला पश्चिम बंगाल का दूसरा सांस्कृतिक प्रतीक होगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- शांतिनिकेतन में संपूर्ण विश्वभारती विश्वविद्यालय परिसर शामिल है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

103.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- रवीन्द्रनाथ टैगोर की साहित्यिक कृतियाँ:
  - उनकी साहित्यिक कृतियों में कविताएँ, लघु कथाएँ, उपन्यास, निबंध और नाटक शामिल हैं। उनके कुछ उल्लेखनीय कार्यों में 'द होम एंड द वर्ल्ड', 'गोरा', 'गीतांजलि', 'घरे-बैरे', 'मानसी', 'बालाका', 'सोनार तोरी' और 'काबुलीवाला' शामिल हैं।
  - उन्हें उनके गाने 'एकला चलो रे' के लिये भी याद किया जाता है। **अत: विकल्प D सही है।**

104.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- यह आंदोलन मूलत: भारत में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ एक शांतिपूर्ण और अहिंसक विरोध था। **अत: कथन 1 सही है।**
- विरोध प्रदर्शित करने के लिये भारतीयों को अपना पद त्यागने और स्थानीय निकायों में नामांकित सीटों से इस्तीफा देने के लिये कहा गया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- लोगों से विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने और केवल स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आह्वान किया गया। **अत: कथन 3 सही है।**

105.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (Employees' Provident Fund Organisation- EPFO) की स्थापना, कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 द्वारा की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- EPFO श्रम और रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रशासित संस्था है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संगठन को विभिन्न ज़ोन्स में विभाजित किया गया है जिसका नेतृत्व एक अतिरिक्त केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

106.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रपति भवन का डिज़ाइन सर एडविन लुटियंस ने बनाया था।
- सचिवालय, जिसमें उत्तर और दक्षिण दोनों ब्लॉक शामिल हैं, हर्बर्ट बेकर द्वारा डिज़ाइन किया गया था। **अत: विकल्प A सही है।**

107.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- गेहूँ शीत ऋतु की फसल है, यह समशीतोष्ण जलवायु वाले क्षेत्रों में सबसे अच्छी तरह उगती है। उचित वसंतीकरण (कुछ पौधों में पुष्पन गुणात्मक या मात्रात्मक तौर पर कम तापमान में अनावृत होने पर निर्भर करता है) के लिये इसे एक अच्छी शीतकालीन अवधि की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में गेहूँ मुख्य रूप से रबी की फसल है। यह आम तौर पर अक्तूबर से दिसंबर तक सर्दियों के महीनों में रबी मौसम के दौरान बोया जाता है और इसकी कटाई वसंत ऋतु,मार्च तथा अप्रैल में की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- जौ और सरसों भी रबी फसलें हैं।
- गेहूँ की सर्वोत्तम वृद्धि के लिये नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश उर्वरकों की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

108.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत में राष्ट्रपति राष्ट्र का औपचारिक प्रमुख होता है। राष्ट्रपति की भूमिका काफी हद तक प्रतीकात्मक है, वह प्रधानमंत्री की नियुक्ति और विदेशी राजनयिकों से प्रमाण-पत्र स्वीकार करने जैसे विभिन्न औपचारिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करता है। प्रधानमंत्री सरकार का प्रमुख होता है और भारत में सर्वोच्च कार्यकारी प्राधिकार होता है। प्रधानमंत्री सरकार चलाने, नीतिगत निर्णय लेने और घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिये उत्तरदायी होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- लोकसभा में बहुमत हासिल करने वाले राजनीतिक दल अथवा गठबंधन के नेता को राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाता है। पद ग्रहण करने के लिये उसे लोकसभा में अपना बहुमत साबित करना होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत में मंत्रीगण आम तौर पर संसद सदस्य (सांसद) होते हैं जो सरकार की कार्यकारी शाखा यानी मंत्रिपरिषद का हिस्सा होते हैं। वे विशिष्ट सरकारी विभागों व मंत्रालयों का कार्यभार उठाते हैं और नीति-निर्माण तथा शासन व्यवस्था बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिकांश मंत्री लोकसभा में बहुमत दल या गठबंधन से चुने जाते हैं तथा सरकार के निर्णयों एवं कार्यों के लिये सामूहिक रूप से ज़िम्मेदार होते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

109.

उत्तर: C

व्याख्या:

- NOTA, मतदाताओं को किसी विशेष चुनाव में लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों की अस्वीकृति को आधिकारिक तौर पर दर्ज करने की अनुमति देता है। यह मतदाताओं को उपलब्ध विकल्पों पर अपना असंतोष व्यक्त करने का विकल्प प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- NOTA विकल्प द्वारा प्राप्त वोटों की संख्या के बावजूद, यह चुनाव के परिणाम को सीधा प्रभावित नहीं करता। वास्तविक उम्मीदवारों में से जिस उम्मीदवार को सबसे अधिक वोट मिलते हैं उसे विजेता घोषित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- NOTA वोटों की कुल संख्या वास्तव में चुनाव परिणामों में प्रकाशित होती है। यह पारदर्शिता जनता और अधिकारियों को यह देखने की अनुमति देती है कि कितने मतदाताओं ने अपने असंतोष की अभिव्यक्ति के रूप में NOTA विकल्प को चुना। **अत: कथन 3 सही है।**

110.

उत्तर: D

व्याख्या:

- बासमती चावल की उत्पत्ति भारत (तथा पाकिस्तान के कुछ हिस्सों) से हुई है, यह भारतीय उपमहाद्वीप के हिमालय की तलहटी में खेती की जाने वाली एक प्रीमियम किस्म/ उच्च गुणवत्ता वाला चावल है।
- यह अपने लंबे अनाज के आकार, फूली हुई बनावट तथा विशेष मीठी सुगंध और स्वाद के लिये जाना जाता है।
- इसकी खेती हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में की जाती है। **अत: विकल्प D सही है।**

111.

उत्तर: B

व्याख्या:

- खालिस्तान आंदोलन का उद्देश्य भारत के पंजाब क्षेत्र में खालिस्तान नामक एक अलग, संप्रभु सिख राज्य की स्थापना करना था। यह आंदोलन अधिक स्वायत्तता और सिख पहचान की मान्यता की इच्छा से प्रेरित था तथा इसके कुछ नेताओं एवं समर्थकों ने भारत से पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- ऑपरेशन ब्लू स्टार और ऑपरेशन ब्लैक थंडर के बाद उन उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिये ऑपरेशन चलाया गया, जिन्होंने एक बार फिर स्वर्ण मंदिर परिसर में शरण ले ली थी। ऑपरेशन ब्लैक थंडर ऑपरेशन ब्लू स्टार की तुलना में कम विनाशकारी था लेकिन फिर भी इसमें मंदिर परिसर के अंदर एक सैन्य अभियान शामिल था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**112.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एशिया कप एक क्रिकेट टूर्नामेंट है जिसमें एशिया के विभिन्न देशों की टीमें शामिल होती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह इस क्षेत्र के प्रमुख क्रिकेट आयोजनों में से एक है और एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) द्वारा आयोजित किया जाता है, जो एशियाई देशों के क्रिकेट बोर्डों से बना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रारंभ में यह एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ODI) प्रतियोगिता थी, लेकिन हाल के वर्षों में एशिया कप के ऐसे संस्करण आए हैं जिनमें ट्वेंटी-20 (T20) मैच भी शामिल थे। **अतः कथन 3 सही है।**

**113.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कनाडा में विश्व की सबसे लंबी तटरेखा स्थित है, जो 200,000 कि.मी. से अधिक लंबी है। तीन महासागर कनाडा को लगभग 3.3 मिलियन वर्ग मील समुद्री सीमा पर अधिकार क्षेत्र देते हैं।
- कनाडा तीन महासागरों से घिरा हुआ है:
    - पूर्व में अटलांटिक महासागर
    - पश्चिम में प्रशांत महासागर
    - उत्तर में आर्कटिक महासागर **अतः विकल्प C सही है।**

**114.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- "नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क" भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति का एक महत्त्वपूर्ण तत्त्व है। इसे देश की उच्च शिक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव लाने के उद्देश्य से अभिकल्पित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- क्रेडिट ट्रांसफर तंत्र किसी छात्र/शिक्षार्थी को किसी भी समय सामान्य और व्यावसायिक दोनों प्रकार के शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र में प्रवेश करने और बाहर निकलने में सक्षम बनाएगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- "राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क" भारत के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के तत्त्वाधान में तैयार किया गया है। UGC एक वैधानिक निकाय है जो देश में विश्वविद्यालय शिक्षा के मानकों के समन्वय तथा रखरखाव के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 3 सही है।**

**115.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में नौ शास्त्रीय नृत्य रूप हैं, ये इस प्रकार हैं:
    - भरतनाट्यम, तमिलनाडु से
    - कथक, उत्तर प्रदेश से
    - कथकली, केरल से
    - कुचिपुड़ी, आंध्र प्रदेश से
    - मणिपुरी, मणिपुर से
    - मोहिनीअट्टम, केरल से
    - ओडिसी, ओडिशा से
    - सत्त्रिया, असम से **अतः विकल्प B सही है।**

नोट :

दृष्टि The Vision

116.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- इसका उद्देश्य सभी उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान किया जाना सुनिश्चित करने के लिये सभी उच्च शिक्षा संस्थानों(Higher Education Institutions- HEIs) को एक मानक बेंचमार्किंग स्तर पर लाना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह प्रस्तावित रूपरेखा सीखने के प्रत्येक स्तर के लिये विभिन्न मापदंडों की रूपरेखा तय करती है जिनका उपयोग प्रत्येक स्तर पर विद्यार्थियों का आकलन करने के लिये किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- NHEQF में शिक्षण के परिणाम, संवैधानिक और नैतिक सिद्धांतों का ज्ञान, रोज़गार केंद्रित कौशल, उद्यमिता मानसिकता तथा ज्ञान व कौशल का व्यावहारिक उपयोग जैसे प्रमुख तत्त्व शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

117.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन 2023 प्रासंगिक वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करते हुए सार्वभौमिक मूल्यों पर आधारित बुद्ध धम्म में इसका हल तलाशने का प्रयास करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह सार्वभौमिक शांति और सद्भाव की दिशा में काम करने के उद्देश्य से बुद्ध के शांति, करुणा तथा सद्भाव के संदेश को गहराई से समझने का प्रयास करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस शिखर सम्मेलन का विषय: 'समकालीन चुनौतियों के प्रति प्रतिक्रिया: दर्शनशास्त्र से अमल तक' है। **अत: कथन 3 सही है।**

118.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का विषय "ब्रिक्स और अफ्रीका: पारस्परिक रूप से त्वरित विकास, धारणीय विकास और समावेशी बहुपक्षवाद के लिये साझेदारी (BRICS and Africa: Partnership for Mutually Accelerated Growth, Sustainable Development and Inclusive Multilateralism)" है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस सम्मेलन के साथ ही मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया और अर्जेंटीना ब्रिक्स के सदस्य बन गए हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- ब्रिक्स देशों में पाई जाने वाली बड़ी बिल्लियाँ इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस के तहत संरक्षित नहीं हैं क्योंकि वे इस संगठन के सदस्य नहीं हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

119.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- गुटनिरपेक्ष आंदोलन(Non-Aligned Movement- NAM) शीत युद्ध के दौरान उन राष्ट्रों के एक गठन के रूप में शुरू हुआ जो औपचारिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका या सोवियत संघ के साथ जुड़ना नहीं चाह रहे थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस आंदोलन ने "विश्व राजनीति में एक स्वतंत्र मार्ग बनाने की मांग की है जिसके परिणामस्वरूप सदस्य राज्यों को प्रमुख शक्तियों के बीच संघर्ष में मोहरा नहीं बनना पड़े।"
- इस समूह की मूल अवधारणा वर्ष 1955 में इंडोनेशिया में आयोजित एशिया-अफ्रीका बांडुंग सम्मेलन में हुई चर्चा के दौरान उत्पन्न हुई। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- तीन मुख्य कारक जिन्होंने इसकी कार्यप्रणाली को प्रभावित किया है वे हैं स्वायत्त निर्णय का अधिकार, साम्राज्यवाद और नव-उपनिवेशवाद के खिलाफ लड़ाई, तथा सभी प्रमुख देशों के साथ बातचीत में संतुलन का उपयोग।
- NAM के सिद्धांत काफी हद तक पंचशील सिद्धांतों द्वारा निर्देशित थे। **अतः कथन 3 सही है।**

**120.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन (SWIFT) विश्व भर भर के बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के लिये एक विश्वसनीय संदेश प्रणाली है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे G10 देशों के केंद्रीय बैंकों, यूरोपीय सेंट्रल बैंक और बेल्जियम के नेशनल बैंक द्वारा नियंत्रित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- रूस-यूक्रेन संघर्ष की प्रतिक्रिया के रूप में अमेरिका तथा यूरोपीय आयोग द्वारा कई रूसी बैंकों को SWIFT संदेश प्रणाली से बाहर रखा गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**121.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अब्राहम समझौते का तात्पर्य तीन देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिये इज़राइल, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात के बीच हुए समझौते से है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- समझौतों के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन दूतावास स्थापित करेंगे तथा राजदूतों का आदान-प्रदान करेंगे। **अतःकथन 2 सही है।**
- UAE और बहरीन पर्यटन, व्यापार, स्वास्थ्य सेवा एवं सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में इज़राइल के साथ मिलकर कार्य करेंगे।
- अब्राहम समझौते ने विश्व के मुसलमानों के लिये इज़राइल में ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करने और जेरूसलम में अल-अक्स मस्जिद में शांतिपूर्वक प्रार्थना करने का द्वार भी खोल दिया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**122.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सौर विकिरण प्रबंधन जलवायु इंजीनियरिंग का एक रूप है जिसका उद्देश्य पृथ्वी ऊष्मित करने से पूर्व सूर्य की कुछ ऊर्जा को वापस अंतरिक्ष में परावर्तित करके ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- स्ट्रैटोस्फेरिक एरोसोल इंजेक्शन के अंतर्गत ऊपरी वायुमंडल (Stratosphere) में सल्फेट एरोसोल जैसे परावर्तक कणों को इंजेक्ट किया जाता है जिससे पृथ्वी पर आने वाले कुछ सौर विकिरण को पुनः अंतरिक्ष में बिखेरने में मदद मिलती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- समुद्री बादल के चमकने (Marine Cloud Brightening-MCB) में समुद्र के ऊपर निम्न स्तर के बादलों (Marine Stratocumulus) में समुद्री जल अथवा अन्य पदार्थों की बारीक बूँदों का छिड़काव शामिल है, जहाँ वे बादल संघनन नाभिक के रूप में कार्य करेंगे और बादलों की परावर्तनशीलता एवं दृढ़ता को बढ़ाएंगे। **अतः कथन 3 सही है।**

**123.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- क्लाइमेट ओवरशूट कमीशन को 1.5°C तापमान लक्ष्य को पार करने से जुड़े जोखिमों का आकलन करने और इन जोखिमों को कम करने के लिये विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रिया रणनीतियों की खोज करने का काम सौंपा गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- क्लाइमेट ओवरशूट कमीशन सबसे तीव्र शासन अंतराल पर विशेष ध्यान देने के साथ, ओवरशूट जोखिमों को कम करने के लिये एक एकीकृत नीति प्रतिक्रिया की सुविधा हेतु मौजूदा बहुपक्षीय कानूनी ढाँचे की क्षमता की समीक्षा करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- क्लाइमेट ओवरशूट कमीशन सतत् विकास लक्ष्यों और अन्य प्रासंगिक शासन ढाँचे के संदर्भ में काम करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

124.

उत्तर: D

व्याख्या:

- क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, बुनियादी ढाँचे और परिवहन से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिये इज़राइल और संयुक्त अरब अमीरात के बीच अब्राहम समझौते के बाद अक्तूबर, 2021 में I2U2 का गठन किया गया था।
- I2U2 पहल भारत, इज़राइल, अमेरिका और यूएई का एक नया समूह है। **अतः विकल्प D सही है।**

125.

उत्तर: B

व्याख्या:

- अंटार्कटिका में अंटार्कटिक अभिसरण के अंदर द्वीप क्षेत्र भी शामिल हैं। अंटार्कटिक क्षेत्र के द्वीप हैं:
  - दक्षिण ऑर्कनी द्वीप समूह, दक्षिण शेटलैंड द्वीप समूह, दक्षिण जॉर्जिया और दक्षिण सैंडविच द्वीप समूह, सभी पर ब्रिटेन का दावा है। इसके अतिरिक्त,
  - पीटर I द्वीप और बाउवेट द्वीप पर नॉर्वे द्वारा दावा किया गया।
  - हर्ड और मैकडोनाल्ड द्वीप पर ऑस्ट्रेलिया द्वारा दावा किया गया।
  - स्कॉट द्वीप और बैलेनी द्वीप पर न्यूज़ीलैंड द्वारा दावा किया गया। **अतः विकल्प B सही है।**

126.

उत्तर: A

व्याख्या:

- दक्षिण गंगोत्री भारतीय अंटार्कटिक कार्यक्रम के एक भाग के रूप में अंटार्कटिका में स्थापित पहला भारतीय वैज्ञानिक अनुसंधान बेस स्टेशन था। **अतः कथन 1 सही है।**
- मैत्री अंटार्कटिका में शिरमाकर ओएसिस नामक चट्टानी पहाड़ी क्षेत्र पर स्थित भारत का दूसरा स्थायी अनुसंधान केंद्र है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत का पहला स्थायी आर्कटिक अनुसंधान स्टेशन हिमाद्रि है। भारती, अंटार्कटिका में भारत का नवीनतम अनुसंधान स्टेशन है जो वर्ष 2012 से परिचालन में है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

127.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अंटार्कटिका पाँचवाँ सबसे बड़ा महाद्वीप है जो लगभग 14 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, जो इसे यूरोप और ओशिनिया (आमतौर पर ऑस्ट्रेलिया) दोनों महाद्वीपों से बड़ा बनाता है। इसकी विशाल बर्फ की चादरों में विश्व का लगभग 60% ताज़ा जल मौजूद है, जो वैश्विक जलवायु विनियमन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह महाद्वीप अपनी अत्यधिक ठंड, कठोर वातावरण और अद्वितीय पारिस्थितिक तंत्र के लिये जाना जाता है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रति तेज़ी से संवेदनशील हो रहे हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित अंटार्कटिका, अंटार्कटिक अभिसरण द्वारा परिभाषित एक ठंडा क्षेत्र है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अंटार्कटिक अभिसरण एक विशिष्ट सीमा है जहाँ ठंडा अंटार्कटिक जल गर्म उप-अंटार्कटिक जल से मिलता है। यह अभिसरण एक महत्त्वपूर्ण पारिस्थितिक संक्रमण क्षेत्र को चिह्नित करता है, जो समुद्री जीवन और जलवायु पैटर्न को प्रभावित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

128.

उत्तर: D

व्याख्या:

- रक्तचाप शरीर की धमनियों की भित्तियों पर रक्त संचार द्वारा लगाया गया बल है। **अत: कथन 1 सही है।** जब रक्तचाप बहुत अधिक होता है तब हाइपरटेंशन की स्थिति उत्पन्न होती है
- उच्च रक्तचाप को सामान्यत: सिस्टोलिक रक्तचाप स्तर 140 mmHg से अधिक या उसके बराबर या डायस्टोलिक रक्तचाप स्तर 90 mmHg से अधिक या उसके बराबर होने के रूप में परिभाषित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल (IHCI) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा शुरू की गई थी। **अत: कथन 3 सही है।**

129.

उत्तर: A

व्याख्या:

- आपातकाल की उद्घोषणा को इसके जारी होने की तारीख से एक महीने के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
- आपातकाल की उद्घोषणा को राष्ट्रपति किसी भी समय उत्तरोत्तर उद्घोषणा द्वारा रद्द कर सकता है। ऐसी उद्घोषणा के लिये संसदीय अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यदि संसद सत्र नहीं चल रहा हो तो राष्ट्रपति राज्य के विषयों पर अध्यादेश जारी कर सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

130.

उत्तर: C

व्याख्या:

- आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (Periodic Labour Force Survey - PLFS) कार्य राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (National Sample Survey Office- NSSO) द्वारा शुरू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य तीन महीने के अल्प समय अंतराल में केवल शहरी क्षेत्रों के लिये प्रमुख रोज़गार और बेरोज़गारी संकेतकों का 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' (CWS) के आधार पर आकलन करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- श्रमिक जनसंख्या अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर, बेरोज़गारी दर CWS के तहत अनुमानित संकेतक हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

131.

उत्तर: D

व्याख्या:

- ग्लोबल बर्डन ऑफ डिज़ीज़ (GBD) अध्ययन राष्ट्रों, समय अवधि, आयु समूहों एवं लिंगों में मृत्यु दर और विकलांगता का व्यापक अवलोकन प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ग्लोबल बर्डन ऑफ डिज़ीज़ (GBD) अध्ययन बीमारियों, चोटों और जोखिम कारकों से स्वास्थ्य हानि की मात्रा निर्धारित करने का सबसे बड़ा व सबसे विस्तृत वैज्ञानिक प्रयास है, **अत: कथन 2 सही है।**
- 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में कुपोषण के कारण होने वाली मृत्यु दर में वर्ष 1990 से वर्ष2017 तक दो-तिहाई की गिरावट आई है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

132.

उत्तर: B

व्याख्या:

- माइक्रो-एल.ई.डी., स्व-प्रकाशमान डायोड हैं जिनमें ऑर्गेनिक लाइट एमिटिंग डायोड (OLED) डिस्प्ले तकनीक की तुलना में अधिक चमक और बेहतर रंग उत्पन्न होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- माइक्रो-एल.ई.डी. तकनीक नीलम के उपयोग पर आधारित है जो अनिश्चित काल तक चमकने की क्षमता के लिये जानी जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- माइक्रो-एल.ई.डी. डिस्प्ले में अकार्बनिक सामग्री जैसे- गैलियम नाइट्राइड का उपयोग करते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

133.

उत्तर: A

व्याख्या:

- इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान के उद्देश्य:
  - कूलिंग की मांग को कम करना: ICAP प्राथमिक तौर पर ऊर्जा-कुशल भवन डिज़ाइनों को बढ़ावा देने, बेहतर इन्सुलेशन और ठंडी छतों तथा दीवारों को व्यापक रूप से अपनाने के माध्यम से भारत की कूलिंग की मांग को कम करने पर केंद्रित है। इस योजना का उद्देश्य कूलिंगआवश्यकताओं से संबंधित बढ़ती ऊर्जा खपत को कम करना है।
  - सतत् कूलिंग प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना: यह योजना पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल कूलिंगप्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देती है। इसमें प्राकृतिक कूलिंग तकनीक, ऊर्जा-कुशल एयर कंडीशनिंग सिस्टम और निम्न ग्लोबल वार्मिंग क्षमता वाले रेफ्रिजरेटर शामिल हैं।
  - नीति और नियामक ढाँचे को मज़बूत करना: ICAP का उद्देश्य कुलिंग प्रौद्योगिकियों और प्रथाओं से संबंधित नीति तथा नियामक ढाँचे को बेहतर बनाना है। इसके अंतर्गत ऊर्जा-कुशल उपकरणों के लिये मानकों और लेबलिंग का निर्माण तथा प्रवर्तन, उच्च ग्लोबल वार्मिंग क्षमता वाले रेफ्रिजरेंट के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना शामिल है।

134.

उत्तर: C

व्याख्या:

- "चरम जलवायु घटनाओं के लिये भारत को तैयार करना (Preparing India for Extreme Climate Events)" नामक रिपोर्ट ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद द्वारा जारी की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ऐसा पहली बार है जब इस रिपोर्ट में देश में चरम मौसम की घटनाओं वाले हॉटस्पॉट को चिह्नित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विश्लेषण से पता चला कि वर्ष 2005 से वार्षिक स्तर पर चक्रवातों से प्रभावित ज़िलों की औसत संख्या तीन गुना और आवृत्ति दोगुनी हो गई है। **अतः कथन 3 सही है।**

135.

उत्तर: C

व्याख्या:

- इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान (ICAP) विभिन्न क्षेत्रों में कूलिंग की दिशा में एक एकीकृत दृष्टिकोण प्रदान करता है, जिसमें अन्य बातों के अलावा, कूलिंग मांग में कमी, रेफ्रिजरेंट परिवर्तन, ऊर्जा दक्षता में वृद्धि और चल रहे सरकार के कार्यक्रमों/योजनाओं के साथ तालमेल बिठाकर वर्ष 2037-38 तक बेहतर प्रौद्योगिकी विकल्प शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो भारत का ऊर्जा दक्षता नियामक है और विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मानक और लेबलिंग कार्यक्रम जिसे लोकप्रिय रूप से स्टार रेटिंग कार्यक्रम के रूप में जाना जाता है, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विकसित किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

The Vision

**136.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की स्थापना वर्ष 1969 में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर रोवर उतारने वाला पहला देश है। **अत: कथन 2 सही है।**
- परमाणु ऊर्जा विभाग की स्थापना वर्ष 1950 के दशक की शुरुआत में की गई थी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**137.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वैकल्पिक विवाद समाधान (Alternative Dispute Resolution- ADR) से आशय उन तंत्रों के समूह से है जो विवादित पक्षों को न्यायालय के हस्तक्षेप के बिना अपने मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने में सक्षम बनाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मध्यस्थता अधिनियम, 2023 के अनुसार प्रत्येक पक्ष को भारतीय न्यायालय में जाने से पहले मुकदमा-पूर्व मध्यस्थता के माध्यम से अपने विवादों को निपटाने के लिये कदम उठाना अनिवार्य है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस अधिनियम के तहत न्यायालय और संबंधित संस्थानों को मध्यस्थों का एक पैनल का निर्माण करना अनिवार्य है। **अत: कथन 3 सही है।**

**138.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत के G20 महिला नेतृत्व वाले विकास एजेंडे के स्तंभों में से एक महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्तमान में भारत में सभी उद्यमों में से केवल 14% ही महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसाय हैं। छठी आर्थिक जनगणना के अनुसार भारत में कुल 58.5 मिलियन उद्यमियों में महिला उद्यमियों की हिस्सेदारी 13.76% (लगभग 8.05 मिलियन) है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**139.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- यह खुदरा खरीदार के दृष्टिकोण से मूल्य परिवर्तन को मापता है। CPI भोजन, चिकित्सा देखभाल, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि वस्तुओं और सेवाओं की कीमत में अंतर की गणना करता है, जिन्हें भारतीय उपभोक्ता उपयोग के लिये खरीदते हैं। **अत:कथन 1 सही है।**
- इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- CPI के लिये आधार वर्ष 2012 है। **अत:कथन 3 सही नहीं है।**

**140.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारतीय रिज़र्व बैंक के घरेलू वित्तीय बचत के नवीनतम आँकड़ों के अनुसार भारत की सकल वित्तीय बचत दर वर्ष 2020-21 में लगभग 15% से घटकर वर्ष 2022-23 में 10% हो गई। **अत: कथन 1 सही है।**
- निम्न सकल बचत का मतलब है कि लोग बचत कम कर रहे हैं और उपभोग अधिक कर रहे हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- उपभोग में वृद्धि का प्रमुख कारण कोरोना महामारी पर नियंत्रण के बाद मांग में वृद्धि को माना जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**नोट :**

141.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ग्रीनवॉशिंग शब्द का प्रयोग पहली बार वर्ष 1986 में एक अमेरिकी पर्यावरणविद् और शोधकर्त्ता जे वेस्टरवेल्ड द्वारा किया गया था। ग्रीनवॉशिंग वह प्रयास है जिसमें कंपनियाँ और सरकारें सभी प्रकार की गतिविधियों को जलवायु-अनुकूल के रूप में चिह्नित करती हैं, जिससे उत्सर्जन में कमी आए या उत्सर्जन से बचा जा सके। **अत: कथन A.सही उत्तर है।**
- इनमें से कई दावे अप्रमाणिक, भ्रामक या संदिग्ध हैं।
- हालाँकि यह संस्था की छवि को बढ़ाने में मदद करता है, लेकिन वे जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिये कुछ नहीं करते हैं।
- शेल एवं बीपी और कोका कोला जैसी तेल दिग्गज कंपनियों सहित कई बहुराष्ट्रीय निगमों को ग्रीनवॉशिंग के आरोपों का सामना करना पड़ा है।

142.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सड़क परिवहन वाहनों के लिये पेट्रोल विकल्प के रूप में उपयोग किया जाने वाला प्रमुख ईंधन बायोएथेनॉल है।**अत:कथन 1 सही है।**
- इथेनॉल का उत्पादन करने के लिये आवश्यक चीनी का मुख्य स्रोत ईंधन या ऊर्जा फसलों से आता है।
- बायोएथेनॉल ईंधन मुख्य रूप से चीनी किण्वन प्रक्रिया द्वारा उत्पादित किया जाता है, हालाँकि इसे भाप के साथ एथिलीन की रासायनिक प्रक्रिया द्वारा भी निर्मित किया जा सकता है।**अत:कथन 2 सही है।**
- These crops are grown specifically for energy use and include corn, maize and wheat crops, waste straw, willow and popular trees, sawdust, reed canary grass, cord grasses.
- ये फसलें विशेष रूप से ऊर्जा उपयोग के लिये उगाई जाती हैं और इनमें मक्का, मक्का और गेहूँ की फसलें, बेकार पुआल, विलो और लोकप्रिय पेड़, चूरा, रीड कैनरी घास, कॉर्ड घास शामिल हैं।
- इथेनॉल एक उच्च ऑक्टेन ईंधन है और इसने पेट्रोल में ऑक्टेन बढ़ाने वाले पदार्थ के रूप में सीसे का स्थान ले लिया है।**अत: कथन 3 सही है।**
- जब इथेनॉल का दहन होता है, तो इसके परिणामस्वरूप कार्बन डाइऑक्साइड और जल का निर्माण होता है।

143.

उत्तर: D

व्याख्या:

- CBAM एक नीति उपकरण है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करके कार्बन उत्सर्जन को कम करना है कि आयातित वस्तुएँ यूरोपीय संघ के भीतर उत्पादित उत्पादों के समान कार्बन लागत के अधीन हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- CBAM यह सुनिश्चित करेगा कि उसके जलवायु उद्देश्य कार्बन-सघन आयात से कमज़ोर न हों और शेष विश्व में स्वच्छ उत्पादन को बढ़ावा मिले। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसका भारत द्वारा यूरोपीय संघ को लौह, इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों जैसी धातुओं के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इन्हें तंत्र के तहत अतिरिक्त जाँच का सामना करना पड़ेगा। **अत: कथन 3 सही है।**
  - यूरोपीय संघ को किये जाने वाले भारत के प्रमुख निर्यात, जैसे लौह अयस्क और इस्पात, 19.8% से 52.7% तक कार्बन लेवी के कारण जाँच का सामना करते हैं।

नोट :

144.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में बनाए गए वैश्विक शासन के प्रमुख स्तंभ संयुक्त राष्ट्र और ब्रेटन वुड्स प्रणाली थे, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) तथा विश्व बैंक भी शामिल हैं। कुछ समय बाद टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौता (GATT) को इस त्रिमूर्ति में जोड़ा गया, जिसे विश्व व्यापार संगठन द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र चार्टर ने अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- केवल अस्थायी सदस्यों की श्रेणी का विस्तार करने के लिये वर्ष 1965 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर में संशोधन किया गया था।
  - हालाँकि कम्युनिस्ट चीन को वर्ष 1972 में ताइवान को स्थायी सदस्य के रूप में बदलने की अनुमति दी गई थी। यह एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन था, लेकिन यह बिना किसी चार्टर संशोधन के प्रभावित हुआ। **अत: कथन 3 सही है।**

145.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (GBA) की घोषणा भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा 9 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन के मौके पर की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह जैव ईंधन के सबसे बड़े उपभोक्ताओं और उत्पादकों को एकजुट करके और जैव ईंधन को ऊर्जा संक्रमण के मूल के रूप में स्थापित करके जैव ईंधन को अपनाने की सुविधा प्रदान करने के लिये सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और उद्योग का एक गठबंधन विकसित करने की एक पहल है। इससे रोज़गार सृजन एवं आर्थिक विकास में भी योगदान मिलने की उम्मीद है। **अत: कथन 2 सही है।**
- GBA सदस्य संयुक्त राज्य अमेरिका (52%), ब्राज़ील (30%) और भारत (3%) जैसे जैव ईंधन के प्रमुख उत्पादक एवं उपभोक्ता हैं, जो उत्पादन में लगभग 85% हिस्सेदारी व इथेनॉल की खपत में लगभग 81% योगदान देते हैं। **अत:कथन 3 सही है।**

146.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा(IMEC) दो महाद्वीपों में विस्तृत एक अंतर्राष्ट्रीय रेल और शिपिंग मार्ग है, जिसके बारे में अमेरिका का कहना है कि इससे एशिया, अरब की खाड़ी एवं यूरोप के बीच बेहतर कनेक्टिविटी व आर्थिक एकीकरण के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस परियोजना के लिये सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, भारत, संयुक्त अरब अमीरात, फ्राँस, जर्मनी, इटली और अमेरिका के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये गए हैं। रूस इसके साझेदार देशों में से एक नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- IMEC में दो अलग-अलग गलियारे शामिल होंगे - पूर्वी गलियारा जो भारत को अरब की खाड़ी से जोड़ता है और उत्तरी गलियारा जो अरब की खाड़ी को यूरोप से जोड़ता है। **अत: कथन 3 सही है।**

147.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- नई दिल्ली में आयोजित G20 राष्ट्रोंके शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद ने भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद (SPC) की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता की। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- SPC का गठन अक्तूबर 2019 में प्रधानमंत्री मोदी की रियाद यात्रा के दौरान किया गया था। इसकी दो समितियाँ हैं: राजनीतिक-सुरक्षा-सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग समिति और अर्थव्यवस्था व निवेश समिति। **अत: कथन 2 सही है।**
- सऊदी अरब में कुशल और अकुशल दोनों क्षेत्रों में बड़ी संख्या में भारत के प्रवासी कार्यरत हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

148.

उत्तर: C

व्याख्या:

- केंद्र सरकार ने अगस्त, 2023 में संसद में तीन विधेयक पेश किये। इन्हें भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 और भारतीय साक्ष्य (BS) विधेयक, 2023 कहा गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन्हें क्रमशः मौजूदा भारतीय दंड संहिता, 1860, आपराधिक प्रक्रिया संहिता (CrPC), 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर प्रतिस्थापित किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- BNSS के तहत किसी भी पुलिस स्टेशन में संज्ञेय अपराध दर्ज करने का स्पष्ट प्रावधान है, चाहे अपराध किसी भी क्षेत्र में हुआ हो।
    - हालाँकि यह अभ्यास (जिसे प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करना, या शून्य पर FIR के रूप में जाना जाता है) कई वर्षों से प्रयोग में है, BNSS के तहत इसके औपचारिक समावेश से शिकायतकर्त्ताओं को बिना इधर-उधर भागे अपने मामलों को अधिकार के रूप में दर्ज कराने में मदद मिल सकती है। **अतः कथन 3 सही है।**

149.

उत्तर: B

व्याख्या:

- संविधान का अनुच्छेद 85 संसद का सत्र आयोजित कराने से संबंधित है।
- संसद का सत्र बुलाने की शक्ति सरकार के पास होती है। यह निर्णय संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा लिया जाता है जिसे राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक रूप दिया जाता है, जिनके नाम पर अंततः सांसदों को सत्र के लिये बुलाया जाता है।
- भारत में कोई निश्चित संसदीय कैलेंडर नहीं है, (अर्थात संविधान द्वारा प्रदान नहीं किया गया), परंपरा के अनुसार एक वर्ष में संसद की तीन सत्रों की बैठकें होती है।
- संविधान में "विशेष सत्र" शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - यह शब्द कभी-कभी उन सत्रों को संदर्भित करता है जिन्हें सरकार विशिष्ट अवसरों के लिये बुलाती है, जैसे संसदीय अथवा राष्ट्रीय उपलब्धियों के स्मरणोत्सव के अवसर पर। **अतः कथन 2 सही है।**
- संविधान निर्दिष्ट करता है कि दो संसदीय सत्रों के बीच छह महीने का अंतराल नहीं होना चाहिये। यह प्रावधान औपनिवेशिक विरासत की देन है, संविधान निर्माताओं ने इसे वर्ष 1935 के भारत सरकार अधिनियम से लिया था। **अतः कथन 3 सही है।**

150.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अब्राहम समझौता इज़रायल और कई अरब राज्यों के बीच वर्ष 2020 में हस्ताक्षरित समझौतों की एक शृंखला है, जो मध्य पूर्व में राजनयिक संबंधों में एक ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है।
- यहूदियों और अरबियों के कथित सामान्य पूर्वज, बाइबिल के इब्राहीम और भाईचारे की अभिव्यक्ति के संदर्भ में इस समझौते को 'अब्राहम समझौते' का नाम दिया गया था।
- इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता वाले अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर किये। **अतः कथन 1 सही है।**
    - I2U2 समूह का गठन इज़रायल, भारत, संयुक्त अरब अमीरात तथा संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- संबद्ध क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, बुनियादी ढाँचे और परिवहन से संबंधित मुद्दों का हल करने के लिये इज़रायल और यूएई के बीच अब्राहम समझौते के बाद अक्तूबर 2021 में I2U2 का गठन किया गया था।
- I2U2 पहल भारत, इज़रायल, अमेरिका और यूएई का एक नया समूह है।
    - इस समूह के नाम में 'I2' का अर्थ भारत और इज़रायल है, जबकि 'U2' का अर्थ संयुक्त राज्य अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

151.

उत्तर: A

व्याख्या:

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में महिलाओं के लिये एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रत्येक परिसीमन अभ्यास के बाद महिलाओं के लिये आरक्षित सीटों में बदलाव किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

152.

उत्तर: D

व्याख्या:

- परिसीमन का शाब्दिक अर्थ है किसी देश या विधायी निकाय वाले प्रांत में क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं तय करने का कार्य या प्रक्रिया। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में, ऐसे परिसीमन आयोगों का गठन 4 बार किया गया है- वर्ष 1952 में परिसीमन आयोग अधिनियम, 1952 के तहत, वर्ष 1963 में परिसीमन आयोग अधिनियम, 1962 के तहत, वर्ष 1973 में परिसीमन अधिनियम, 1972 के तहत और वर्ष 2002 में परिसीमन अधिनियम, 2002 के तहत। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में परिसीमन आयोग एक शक्तिशाली निकाय है जिसके आदेशों में कानून की शक्ति होती है और किसी भी न्यायालय के समक्ष उस पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। ये आदेश भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्दिष्ट तिथि से लागू होते हैं। इसके आदेशों की प्रतियाँ लोक सभा और संबंधित राज्य विधान सभा के समक्ष रखी जाती हैं, लेकिन उनके द्वारा उनमें कोई संशोधन की अनुमति नहीं है। **अत: कथन 3 सही है।**

153.

उत्तर: A

व्याख्या:

- एडवांस्ड वेरी हाई रेज़ोल्यूशन रेडियोमीटर (AVHRR) बहुउद्देश्यीय इमेजिंग उपकरण का उपयोग क्लाउड कवर, समुद्र की सतह के तापमान, बर्फ, हिम और वनस्पति कवर विशेषताओं की वैश्विक निगरानी के लिये किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह छह चैनलों में क्षितिज से क्षितिज तक पृथ्वी के बाहर जाने वाले विकिरण को महसूस कर सकता है, अर्थात, दृश्य-निकट इंफ्रारेड रीजन में तीन सौर चैनल और नादिर पर 1 किमी के स्थानिक रेज़ोल्यूशन के साथ तीन थर्मल इंफ्रारेड चैनल। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वेरी हाई रेज़ोल्यूशन रेडियोमीटर (VHRR) एक दो-चैनल रेडियोमीटर है जो दृश्य और इंफ्रारेड बैंड में पृथ्वी की छवियाँ प्रदान करता है।
- उपग्रहों की INSAT-1 शृंखला एक AVHRR ले जाती है जो दृश्य और थर्मल इंफ्रारेड रीजन में छवियाँ प्रदान करती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

154.

उत्तर: B

व्याख्या:

- सिटवे पोत परियोजना भारत के "सागर" (क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास) विज़न का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है, जिसे पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों को मज़बूत करने तथा हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग, आर्थिक विकास व सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये शुरू किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- म्याँमार एकमात्र दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र है जिसकी भूमि सीमा पूर्वोत्तर भारत से लगती है। **अत:, कथन 2 सही है।**
- म्याँमार की रणनीतिक अवस्थिति भारत के व्यापक क्षेत्रीय कूटनीति प्रयासों में भी भूमिका निभाती है, खासकर "एक्ट ईस्ट" नीति के संदर्भ में। **अत: कथन 3 सही है।**

**155.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अधिवृक्क ग्रंथियाँ हार्मोन का उत्पादन करती हैं जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करती हैं। इन हार्मोनों में एल्डोस्टेरोन, कोर्टिसोल, कैटेकोलामाइंस शामिल हैं।**अत: कथन 1 सही है।**
- एल्डोस्टेरोन: यह स्टेरॉयड हार्मोन शरीर में नमक और जल के संतुलन को नियंत्रित करता है। यह रक्त में सोडियम और पोटेशियम के स्तर को प्रबंधित करके रक्तचाप को बनाए रखने में मदद करता है।**अत: कथन 2 सही है।**
- कोर्टिसोल: यह हार्मोन शर्करा संतुलन को नियंत्रित करता है।
- कैटेकोलामाइंस: ये हार्मोन, जैसे एपिनेफ्रिन और नॉरपेनेफ्रिन, फाइट-ऑर-फ्लाइट अनुक्रिया में शामिल होते हैं।
- एंटीडाययूरेटिक हार्मोन (ADH) एक हार्मोन है जो रक्तचाप और ऑस्मोलैलिटी को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ADH को वैसोप्रेसिन के नाम से भी जाना जाता है। यह हाइपोथैलेमस में निर्मित होता है और पिट्यूटरी ग्रंथि में संग्रहीत होता है। **अत:कथन 3 सही है।**

**156.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- कुकी कई जनजातियों का एक जातीय समूह है जो मूल रूप से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में रहते थे। वे मिज़ो पहाड़ियों के मूल निवासी हैं और मूल रूप से मणिपुर, मिज़ोरम और असम राज्यों में रहते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- कुकी भारत, बांग्लादेश और म्याँमार की कई पहाड़ी जनजातियों में से एक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मैतेई ज्यादातर हिंदू हैं और इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि नागा और कुकी, जो मुख्य रूप से ईसाई हैं, ज्यादातर पहाड़ियों में रहते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**157.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) का गठन एक सांविधिक संगठन के रूप में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत सितंबर 1974 को किया गया। **अत: विकल्प A सही है।**

**158.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना जनवरी 2015 में लिंग चयनात्मक गर्भपात और गिरते बाल लिंग अनुपात के समाधान के उद्देश्य से शुरू की गई थी, यह अनुपात वर्ष 2011 में प्रति 1,000 लड़कों पर 918 लड़कियाँ था। **अत: विकल्प B सही है।**

**159.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विभिन्न मंगल मिशन::
    - एक्सोमार्स रोवर (ExoMars rover) (2021) : यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (European Space Agency)

नोट :

- होप मार्स मिशन (Hope Mars Mission) : संयुक्त अरब अमीरात (UAE) का पहला अंतरग्रहीय मिशन
- पर्सिवरेंस रोवर (Perseverance Rover) : NASA (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- तियानवेन-1 (Tianwen-1) : चीन का मंगल मिशन (2021)

- केवल दो युग्म सही सुमेलित हैं। **अतः विकल्प B सही है।**

**160.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कावेरी जल प्रबंधन योजना की शुरुआत अंतर-राज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 की धारा 6ए द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस प्राधिकरण का कार्य "कावेरी जल के भंडारण, वितरण, विनियमन और नियंत्रण" संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को लागू किया जाना और उसका अनुपालन सुनिश्चित करना है। **अतः, कथन 2 सही है।**
- यह प्राधिकरण केरल, पुडुचेरी, कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी जल बँटवारा विवाद का निपटान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**161.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023:**

- यह डिजिटल व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण हेतु प्रावधान करने वाला एक ऐसा अधिनियम है जो व्यक्तियों को अपने व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के अधिकार और साथ ही उस व्यक्तिगत डेटा को वैध उद्देश्यों के लिये तथा उससे संबंधित अथवा प्रासंगिक मामलों हेतु प्रोयोजन करने में सहायता प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- डेटा प्रिंसिपल उस व्यक्ति को संदर्भित करता है जिसका डेटा एकत्र किया जाता है तथा वह व्यक्ति कहाँ है- (i) बच्चे, इसमें बच्चे के माता-पिता अथवा वैध अभिभावक को शामिल किया जाता है; (ii) दिव्यांग व्यक्ति, इसमें दिव्यांग की ओर से कार्य करने वाले उसके वैध अभिभावक को शामिल किया जाता है; **अतः कथन 2 सही है।**

**इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिये केंद्र सरकार अधिसूचना द्वारा निर्धारित एक विशेष तिथि पर एक बोर्ड की स्थापना कर सकती है जिसे भारत का डेटा संरक्षण बोर्ड के नाम से जाना जाएगा।( 2 ) बोर्ड उपर्युक्त नाम से एक निगमित निकाय होगा। अतः कथन 3 सही है।**

**162.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर ( DPI )**

- डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) डिजिटल पहचान, भुगतान अवसंरचना और डेटा विनिमय समाधान जैसे ब्लॉक या प्लेटफॉर्म को संदर्भित करता है जो देशों को अपने लोगों को आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने, नागरिकों को सशक्त बनाने और डिजिटल समावेशन को सक्षम करके जीवन में सुधार करने में मदद करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत, इंडिया स्टैक के माध्यम से, डेटा एम्पावरमेंट प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) पर निर्मित सभी तीन मूलभूत DPI, डिजिटल पहचान (आधार), रियल-टाइम फास्ट पेमेंट (UPI) और अकाउंट एग्रीगेटर विकसित करने वाला पहला देश बन गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- DEPA एक डिजिटल ढाँचा बनाता है जो उपयोगकर्ताओं को तृतीय-पक्ष इकाई के माध्यम से अपनी शर्तों पर अपना डेटा साझा करने की अनुमति देता है, जिन्हें कंसेंट मैनेजर के रूप में जाना जाता है।

नोट :

163.

उत्तर: B

व्याख्या:

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/कृत्रिम बुद्धिमत्ता:**

- AI का आशय कंप्यूटर या कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट के ऐसे कार्य करने की क्षमता से है जो सामान्यत: मनुष्यों द्वारा किये जाते हैं क्योंकि ऐसे कार्यों के निष्पादन हेतु मानव बुद्धि और विवेक की आवश्यकता होती है।
- जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नई सामग्री बनाने के लिये मौजूदा टेक्स्ट, ऑडियो फाइलों या चित्रों का उपयोग करने के लिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-सक्षम मशीनों की क्षमता को संदर्भित करता है। जेनरेटिव AI का उपयोग अभी भी शुरुआती चरण में है और जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी का विकास तथा सुधार जारी रहेगा, इसका प्रभाव बढ़ने की संभावना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अनुसंधान करने और अपनाने के लिये एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय रणनीति प्रकाशित की है। इसके बाद 'मेक AI इन इंडिया एंड मेक AI वर्क फॉर इंडिया' की दृष्टि से, MeitY ने AI आधारित समाधानों के विकास और सभी के लिये #AI के ज़िम्मेदार एवं परिवर्तनकारी उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम' के कार्यान्वयन को मंज़ूरी दे दी है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिज़िकल सिस्टम (NM-ICPS) पर राष्ट्रीय मिशन लागू कर रहा है। इस मिशन के तहत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) खड़गपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब (TIH) की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अगली पीढ़ी के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, तकनीशियनों व टेक्नोक्रेट के निर्माण के लिये अत्याधुनिक प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण प्रदान करना है। **अत: कथन 3 सही है।**

164.

उत्तर: B

व्याख्या:

**फाइव आइज़ अलायंस:**

- फाइव आइज़ एक खुफिया गठबंधन है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका जैसे देश शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ये देश बहुपक्षीय UK-USA समझौते के पक्षकार हैं, जो सिग्नल इंटेलिजेंस में संयुक्त सहयोग के लिये एक संधि है। **अत: कथन 2 सही है।**

165.

उत्तर: B

व्याख्या:

- 18वाँ G20 शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली, भारत में आयोजित किया गया था। यह पहली बार था जब भारत ने G20 शिखर सम्मेलन की मेज़बानी की। **अत: कथन 1 सही है।**
- शिखर सम्मेलन का विषय "वसुधैव कुटुंबकम" था, जिसका अर्थ है "विश्व एक परिवार है"। **अत: कथन 2 सही है।**
- G20 देश अफ्रीकी संघ को G20 के स्थायी सदस्य के रूप में स्वीकार करने पर सहमत हुए, जो मंच में विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

166.

उत्तर: C

व्याख्या:

- व्यापक और/या औद्योगिक पैमाने पर खेती, पशु स्रोत खाद्य पदार्थों की उच्च मांग, वनों के विनाश, वन्यजीव आवास विखंडन तथा जलवायु संकट व कई प्रमुख निर्धारकों की परस्पर क्रिया के कारण इस सहस्राब्दी के अंत में ज़ूनोटिक बीमारियों (जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली) की एक नई लहर सामने आई है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- सितंबर 1998 में इपोह, मलेशिया के पास प्रारंभिक NiV प्रकोप को समान लक्षणों और सुअर के साथ संबंध के कारण भ्रमवश से जापानी एन्सेफलाइटिस (JE) समझ लिया गया था। जापानी एन्सेफलाइटिससे निपटने के उपायों के बावजूद, यह नेगेरी तक फैल गया और मार्च 1999 में, इसने आयातित सूअरों के माध्यम से सिंगापुर में बूचड़खाने के श्रमिकों को संक्रमित किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- केरल ने स्क्रब टाइफस, क्यासानूर वन रोग (मंकी फीवर) और निपाह वायरस रोग जैसे ज़ूनोटिक प्रकोप के संदर्भ में एक स्वास्थ्य योजना तैयार की है। **अतः कथन 3 सही है।**

**167.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण:**

- NALSA का गठन कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश पैट्रन-इन-चीफ हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- NALSA की स्थापना 1995 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत कानूनी सहायता कार्यक्रमों की प्रभावशीलता की निगरानी और समीक्षा करने तथा अधिनियम के तहत कानूनी सेवाएँ प्रदान करने के लिये नियमों एवं सिद्धांतों को विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण ने अब अपने पैनल वकील-आधारित प्रतिनिधित्व को बढ़ाया है, जिसमें बचाव पक्ष के वकील समर्पित मुफ्त विधिक सहायता प्रदान करने वाले नए कार्यालय शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**168.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**होयसल मंदिर:**

- होयसल के पवित्र समूह, कर्नाटक के बेलूर, हलेबिड और सोमनाथपुर के प्रसिद्ध होयसल मंदिरों को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) की विश्व विरासत सूची में जोड़ा गया है। यह समावेशन भारत में 42वें UNESCO विश्व धरोहर स्थल का प्रतीक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक तारे के आकार का मंदिर है, जो भगवान विष्णु को समर्पित है और बेलूर में मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका निर्माण होयसल राजा विष्णुवर्धन ने 1116 ई. में चोलों पर अपनी विजय के उपलक्ष्य में करवाया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**169.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 8 सितंबर 2016 को लॉन्च किये गए नासा के ऑरिजिंस, स्पेक्ट्रल इंटरप्रिटेशन, रिसोर्स आइडेंटिफिकेशन और सिक्योरिटी-रेजोलिथ एक्सप्लोरर (OSIRIS-REx) अंतरिक्ष यान की सहायता से पृथ्वी के निकटीय क्षुद्रग्रह बेन्नु (पूर्व में 1999 RQ36) से क्षुद्रग्रह के पहले नमूनों को सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लाया गया है। सात वर्ष की लंबी यात्रा के बाद यह अंतरिक्ष यान 4.5 अरब वर्ष पुराने बहुमूल्य नमूने लेकर आया है।
- पृथ्वी के निकट से तीव्रता से गुज़रने के दौरान ओसिरिस-रेक्स नमूना कैप्सूल रिलीज़ किया गया, यह क्षुद्रग्रह नमूनों को संरक्षित करते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका के यूटा रेगिस्तान में सुरक्षित रूप से लैंड हुआ। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस कैप्सूल में कार्बन-समृद्ध क्षुद्रग्रह बेन्नु का मलबा है, जो मात्रा में कम से कम एक कप जितना हो सकता है। यह नमूना 4.5 अरब वर्ष पूर्व की पृथ्वी और जीवन के बारे में अमूल्य जानकारी प्रदान करेगा। **अतः विकल्प A सही है।**

नोट :

170.

उत्तर: C

व्याख्या:

**राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन:**

- यह हरित हाइड्रोजन के व्यावसायिक उत्पादन को प्रोत्साहित करने और भारत को ईंधन का शुद्ध निर्यातक बनाने हेतु एक कार्यक्रम है। यह मिशन हरित हाइड्रोजन मांग में वृद्धि लाने के साथ-साथ इसके उत्पादन, उपयोग और निर्यात को बढ़ावा देगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय इस मिशन के लिये नोडल मंत्रालय है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह औद्योगिक, परिवहन और ऊर्जा क्षेत्रों का डीकार्बोनाइज़ेशन आयातित जीवाश्म ईंधन एवं फीडस्टॉक पर निर्भरता कम करने, घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, रोज़गार की संभावनाएँ उत्पन्न करने तथा नई प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने में योगदान देगा। **अतः कथन 3 सही है।**

171.

उत्तर: B

व्याख्या:

**पूर्वव्यापी कराधान**

- यह किसी राष्ट्र को विशेष वस्तुओं, सेवाओं या लेनदेन पर कर लगाने के साथ-साथ कानून के पारित होने के बाद प्रारंभ होने वाले व्यवसायों पर शुल्क लगाने के लिये कानून स्थापित करने में सक्षम बनाता है। पूर्वव्यापी कराधान उन व्यवसायों को नुकसान पहुँचाता है जिन्होंने जानबूझकर या अनजाने में कर नियमों को गलत तरीके से समझा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वस्तु एवं सेवा कर परिषद ने जुलाई में ऑनलाइन कैसीनो और गेमिंग प्लेटफॉर्म पर लागू होने वाले जीएसटी स्लैब के साथ-साथ उस राशि के बारे में एक विवाद सुलझाया जिस पर इस कर का आकलन किया जाना चाहिये। इन कंपनियों के व्यवसाय मॉडल, जो पूरी तरह से अपनी स्वयं का शुल्क वसूलने की मांग की और साथ ही ग्राहकों द्वारा लगाई गई कुल राशि पर 28% की दर प्रस्तावित की, लेकिन यह स्पष्ट रूप से एक समझदारी भरा निर्णय था। **अतः कथन 3 सही है।**
- भारत सहित कई देशों, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, कनाडा, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और इटली में कंपनियों पर पूर्वव्यापी कर लगाया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

172.

उत्तर: D

व्याख्या:

- NCF, का उद्देश्य सीमित शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के मुद्दे का समाधान करना एवं शिक्षा के लिये बहु-विषयक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। यह विषयों को एकीकृत करने और समग्र शिक्षण वातावरण बनाने का प्रयास करता है, जो इसके ढाँचे का एक प्रमुख उद्देश्य है। **अतः विकल्प D सही है।**

173.

उत्तर: C

व्याख्या:

**केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ( CCPA ):**

- इसकी स्थापना वर्ष 2019 के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (CPA) के तहत की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे उपभोक्ता अधिकारों के दुरुपयोग, अनुचित व्यापार प्रथाओं और जनता के हित में हानिकारक झूठी अथवा भ्रामक मार्केटिंग को विनियमित करने का अधिकार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके पास CPA, 2019 की धारा 18 के तहत उपभोक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा, प्रचार और, सबसे महत्त्वपूर्ण, रक्षा करने और अधिनियम के माध्यम से उनके अधिकारों के उल्लंघन को रोकने का अधिकार है।

नोट :

- इसके अतिरिक्त, यह उपभोक्ता अधिकारों को बढ़ाने के साथ यह भी सुनिश्चित करता है कि कोई भी व्यक्ति अनुचित व्यापार प्रथाओं में संलग्न न हो, इसे उपभोक्ताओं के अधिकारों को लागू करने के लियेदिशा-निर्देश जारी करने का भी अधिकार है।
- हाल ही में, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) ने अनुचित व्यापार प्रथाओं से बचने तथा सेवा शुल्क का आकलन करने वाले होटलों और रेस्तरां में उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिये नियम जारी किए। **अतः कथन 3 सही है।**

174.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**नेटवर्क तटस्थता:**

- नेट-न्यूट्रैलिटी का सिद्धांत है कि सभी इंटरनेट ट्रैफिक के साथ बिना किसी भेदभाव या किसी विशेष वेबसाइट, सेवा या एप्लिकेशन की प्राथमिकता के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- किसी की वित्तीय स्थिति या उपयोग की जाने वाली वेबसाइटों के आकार और कार्यक्षमता के बावजूद, नेट न्यूट्रैलिटी यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक व्यक्ति को इंटरनेट पर जानकारी और सेवाओं तक समान पहुँच प्राप्त है।
- नेटवर्क न्यूट्रैलिटी यह सुनिश्चित करती है कि इंटरनेट कंपनियाँ उपभोक्ता तक इंटरनेट पहुँच पर एकाधिकार नहीं रख सकतीं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- नेट न्यूट्रैलिटी के बिना, इंटरनेट सेवा प्रदाता संभावित रूप से उपयोगकर्त्ताओं को कुछ वेबसाइटों और सेवाओं तक पहुँच के साथ ही दूसरों तक पहुँच सीमित करने के लिये अपनी बाज़ार शक्ति का उपयोग कर सकते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

175.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- आसियान (ASEAN) की स्थापना 8 अगस्त, 1967 को बैंकॉक, थाईलैंड में आसियान के संस्थापक सदस्यों इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ASEAN का आदर्श वाक्य "एक दृष्टि, एक पहचान, एक समुदाय" है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत के प्रधानमंत्री ने भारत-आसियान सहयोग को मज़बूत करने के लिये 12-सूत्रीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसमें कनेक्टिविटी, डिजिटल परिवर्तन, व्यापार और आर्थिक जुड़ाव, समकालीन चुनौतियों का समाधान, जन-जन के बीच संपर्क तथा रणनीतिक जुड़ाव को मज़बूत करना शामिल है।
- आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढाँचे हेतु गठबंधन में शामिल होने के लिये आसियान देशों को आमंत्रित कर आपदा प्रबंधन में सहयोग का आह्वान किया गया।**अतः कथन 3 सही है।**

176.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**GDP अपस्फीतिकारक:**

- GDP अपस्फीतिकारक, जिसे अंतर्निहित मूल्य अपस्फीतिकारक भी कहा जाता है, मुद्रास्फीति का एक माप है। यह किसी अर्थव्यवस्था द्वारा किसी विशेष वर्ष में मौजूदा कीमतों पर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य तथा आधार वर्ष के दौरान प्रचलित कीमतों का अनुपात है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अनुपात हमें उत्पादन में वृद्धि के बजाय बढ़ी/ऊँची कीमतों के कारण सकल घरेलू उत्पाद में हुई वृद्धि को दर्शाता है।
- अपस्फीतिकारक में अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की समग्र शृंखला को शामिल किया जाता है जो कि थोक अथवा उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों के लिये सीमित कमोडिटी बास्केट के विपरीत है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसलिये इसे मुद्रास्फीति के अधिक उपयोगी उपाय के रूप में देखा जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

177.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**आर्य समाज आंदोलन:**

- आर्य समाज की पहली इकाई औपचारिक रूप से दयानंद सरस्वती द्वारा वर्ष 1875 में बॉम्बे में स्थापित की गई थी तथा बाद में इसका मुख्यालय लाहौर में स्थापित/हस्तांतरित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस आंदोलन का केंद्र दयानंद एंग्लो-वैदिक (D.A.V.) विद्यालय था। पहला D.A.V. विद्यालय वर्ष 1886 में लाहौर में स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य पश्चिमी शिक्षा के महत्त्व को बढ़ावा देना था। **अतः कथन 2 सही है।**
- आर्य समाज की सहायता से हिंदुओं का आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास बढ़ा जिसने श्वेतों की श्रेष्ठता और पश्चिमी संस्कृति के मिथक को कमज़ोर किया।
- दयानंद के विचार उनकी प्रमुख कृति, सत्यार्थ प्रकाश (द टू एक्सपोज़िशन) में प्रकाशित किये गए थे। **अतः कथन 3 सही है।**

178.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**श्री नारायण गुरु:**

- श्री नारायण गुरु का जन्म 22 अगस्त, 1856 को केरल के तिरुवनंतपुरम के पास एक चेमपज़ंथी नामक गाँव (Chempazhanthy) में मदन असन और उनकी पत्नी कुट्टियम्मा (Kuttiyamma) के घर हुआ था।
- उन्होंने "एक जाति, एक धर्म, सबके लिये एक ईश्वर" (ओरु जति, ओरु माथम, ओरु दैवम, मानुष्यानु) का प्रसिद्ध नारा दिया। अतः कथन 1 सही है
- भारत के उपराष्ट्रपति द्वारा श्री नारायण गुरु की कविताओं का अंग्रेज़ी अनुवाद, "नॉट मैनी, बट वन" (Not Many, But One) लॉन्च किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- वह अद्वैत वेदांत, आदि शंकराचार्य द्वारा प्रतिपादित गैर-द्वैत (Non-duality) के सिद्धांत के सबसे प्रमुख समर्थकों एवं पुनर्मूल्यांकनकर्त्ताओं में से एक थे। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

179.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**अफ्रीकी संघ (AU):**

- अफ्रीकी संघ (AU) अफ्रीकी महाद्वीप के देशों से बना एक महाद्वीपीय निकाय है, इसमें 55 सदस्य देश शामिल हैं।**अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अफ्रीकी एकता संगठन की स्थापना वर्ष 1963 में अफ्रीका के स्वतंत्र राज्यों द्वारा की गई थी। इस संगठन का उद्देश्य अफ्रीकी राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है।
- लागोस प्लान ऑफ एक्शन को अफ्रीकी एकता संगठन द्वारा वर्ष 1980 में अपनाया गया। इस योजना ने अफ्रीका को अंतर-अफ्रीकी व्यापार को बढ़ावा देकर पश्चिम पर निर्भरता को कम करने का सुझाव दिया।
- वर्ष 2002 में अफ्रीकी एकता संगठन को अफ्रीकी संघ से प्रतिस्थापित कर दिया गया, जिसका लक्ष्य "महाद्वीप के आर्थिक एकीकरण" में तेज़ी लाना था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अफ्रीकी संघ की संरचना का गठन करने वाले क्षेत्रीय आर्थिक समुदाय (Regional Economic Communities- RECs) तथा अफ्रीकी सहकर्मी समीक्षा तंत्र (African Peer Review Mechanism) भी इसके प्रमुख निकाय हैं । **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**180.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय वृद्धजन नीति(National Policy on Older Persons- NPOP) की घोषणा वृद्ध जनों का कल्याण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के उद्देश्य से की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत BPL श्रेणी सेसंबंधित वरिष्ठ नागरिकों अथवा प्रतिमाह 15000 रुपए से आय वाले लोगों को विभिन्न सहायता उपकरण प्रदान की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अटल वयो अभ्युदय योजना का उद्देश्य व्यक्तियों, परिवारों और समूहों को उम्र बढ़ने की प्रक्रिया की बेहतर समझ के लिये जानकारी तथा शैक्षिक सामग्री प्रदान करना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**181.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत वरिष्ठ नागरिकों को भरण-पोषण प्रदान करना बच्चों और उनके उत्तराधिकारियों के लिये कानूनी दायित्त्व है। **अत: कथन 1 सही है।**
- आवश्यक मासिक भत्ते का भुगतान न करने पर सज़ा स्वरुप 5,000 रुपए अथवा तीन महीने तक की कारावास या दोनों हो सकती है।
- यह राज्य सरकारों को हर ज़िले में वृद्धाश्रम स्थापित करने की भी अनुमति देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- रखरखाव का स्तर तय करने के लिये राज्य सरकारें प्रत्येक उप-खंड में रखरखाव न्यायाधिकरण स्थापित कर सकती हैं। ज़िला स्तर पर अपीलीय न्यायाधिकरण भी स्थापित किये जा सकते हैं।
- इस अधिनियम में अधिकतम मासिक भत्ता 10,000 रुपए प्रति माह तय किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**182.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (Comprehensive Economic Partnership Agreement- CEPA), जिसमें वस्तुओं, सेवाओं, निवेश और व्यापार सुविधा में व्यापार शामिल है, पर वर्तमान में दोनों देशों के बीच तकनीकी स्तर पर बातचीत चल रही है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कनाडा के बौद्धिक संपदा कार्यालय और भारत के औद्योगिक नीति तथा संवर्द्धन विभाग (Department of Industrial Policy and Promotion- DIPP) ने बौद्धिक संपदा अधिकार के क्षेत्र में सहयोग को मज़बूत करने पर सहमति जताई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- IC-IMPACTS (सामुदायिक परिवर्तन और स्थिरता में तेज़ी लाने के लिये नवोन्मेषी बहुविषयक भागीदारी हेतु भारत-कनाडा केंद्र) पहला और एकमात्र कनाडा-भारत अनुसंधान उत्कृष्टता केंद्र है। **अत: कथन 3 सही है।**

**183.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (United Nations Population Fund- UNFPA) को संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक ट्रस्ट फंड के रूप में स्थापित किया गया था, और तब से यह संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के अंतर्गत यौन तथा प्रजनन स्वास्थ्य के लिये ज़िम्मेदार एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- UNFPA के पास जनसंख्या संबंधी मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने और इनसे निपटने के लिये रणनीतियों का सुझाव देने का अधिकार है।

**नोट :**

- UNFPA संयुक्त राष्ट्र महासभा के ढाँचे के भीतर एक सहायक निकाय के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- UNFPA स्वास्थ्य से संबंधित सतत् विकास लक्ष्य- 3, शिक्षा से संबंधित लक्ष्य- 4 और लैंगिक समानता पर केंद्रित लक्ष्य- 5 को पूरा करने में प्रत्यक्ष योगदान देता है।
- UNFPA का अधिदेश संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC) द्वारा निर्धारित किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**184.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

- जनसंख्या में बदलाव को सटीक रूप से प्रतिबिंबित करने के लिये किसी राष्ट्र के भीतर चुनावी निर्वाचन क्षेत्रों के लिये सीमाएँ निर्धारित करने की प्रक्रिया को परिसीमन कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- परिसीमन आयोग से अपेक्षा की जाती है कि वह किसी भी कार्यकारी प्रभाव से मुक्त होकर निष्पक्ष रूप से कार्य करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक बार परिसीमन आयोग के आदेश लोकसभा या राज्य विधानसभा के समक्ष प्रस्तुत हो जाने के बाद, परिसीमन आयोग उन आदेशों में कोई बदलाव नहीं कर सकते। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**185.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम में पेरिटोनियल डायलिसिस सेवाएँ शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- डायलिसिस के दो प्राथमिक प्रकार हेमोडायलिसिस और पेरिटोनियल डायलिसिस हैं।
- पेरिटोनियल डायलिसिस सेवा के तहत लोगों के पास उपचार के विकल्प होंगे जिनमे उनका उपचार घर पर किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- पेरिटोनियल डायलिसिस अवसंरचनात्मक निर्माण, रखरखाव और स्टाफिंग की पर्याप्त लागत को काफी कम करने में मदद करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- बड़े पैमाने पर पेरिटोनियल डायलिसिस कार्यक्रम उपचार लागत को काफी कम कर सकता है।

**186.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- आत्मसम्मान आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1925 में ई.वी. रामास्वामी नायकर द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस आंदोलन में लोग आत्म-सम्मान और सबसे अधिक आत्मविश्वास की भावना से भरे हुए थे, क्योंकि यह ब्राह्मणों द्वारा किये गए सामाजिक अन्याय का विरोध करने के उद्देश्य से प्रेरित था।
- आत्मसम्मान आंदोलन, जिसे द्रविड़ आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है, ने महिलाओं के अधिकारों को केंद्र में रखते हुए पिछड़ी जातियों के लिये समान अधिकारों की मांग की। **अतः कथन 2 सही है।**
- लोग अपनी जाति का नाम त्यागने में गर्व महसूस करने लगे।
- आत्म-सम्मान आंदोलन ने, विशेष रूप से आत्म-सम्मान विवाह प्रणाली की शुरुआत के रूप में एक बड़ी सामाजिक क्रांति को जन्म दिया। **अतः कथन 3 सही है।**

**नोट :**

187.

उत्तर: A

व्याख्या:

- राष्ट्रीय महिला आयोग (National Commission for Women- NCW) भारत सरकार का वैधानिक निकाय है, जो आम तौर पर महिलाओं को प्रभावित करने वाले सभी नीतिगत मामलों पर सरकार को सलाह देता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी स्थापना जनवरी 1992 में राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के तहत की गई थी।
- यह आयोग दुर्व्यवहार, भेदभाव, उत्पीड़न अथवा उनके अधिकारों के उल्लंघन का शिकार हुई महिलाओं की शिकायतें भी प्राप्त करता तथा उनकी जाँच करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- NCW का उद्देश्य भारत में महिलाओं के अधिकारों का प्रतिनिधित्व करना और उनके समस्याओं और चिंताओं के लिये आवाज उठाना करना है।
- NCW के अभियानों के प्रमुख विषयों के अंतर्गत दहेज, राजनीति, धर्म, रोज़गार में महिलाओं के लिये समान प्रतिनिधित्व तथा श्रम हेतु महिलाओं का शोषण शामिल है। **अत: कथन 3 सही है।**

188.

उत्तर: B

व्याख्या:

- ला नीना, ENSO का "ठंडा चरण" है और एक पैटर्न है जो उष्णकटिबंधीय पूर्वी प्रशांत क्षेत्र की असामान्य ठंडक का वर्णन करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - ला नीना का प्रभाव अल नीनो के विपरीत होता है।
- ला नीना घटनाओं के दौरान, ट्रेड विंड्स सामान्य से भी अधिक तेज़ होती हैं, जो अधिक गर्म जल को एशिया की ओर धकेलती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ला नीना के कारण अधिक गंभीर चक्रवात की घटनाएँ हो सकती हैं।
- ला नीना वर्ष के दौरान, सर्दियों में यहाँ का तापमान दक्षिण में सामान्य से अधिक गर्म और उत्तर में सामान्य से अधिक ठंडा होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

189.

उत्तर: A

व्याख्या:

- निवर्तनी मानसून का तात्पर्य कुछ क्षेत्रों में हवा के पैटर्न और वर्षा के मौसमी व्युत्क्रमण से है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह वर्षा के मौसम से शुष्क मौसम में संक्रमण के दौरान होता है।
- निवर्तनी मानसून उत्तर-पश्चिम भारत से बंगाल और केरल की ओर जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- निवर्तनी मानसून को उत्तर-पूर्वी मानसून के नाम से भी जाना जाता है।
- निवर्तनी मानसून के मौसम के दौरान आंध्र प्रदेश और उड़ीसा में चक्रवातों का खतरा बना रहता है। **अत: कथन 3 सही है।**

190.

उत्तर: D

व्याख्या:

- इंडोनेशिया का माउंट टैम्बोरा, जिसमे वर्ष 1815 में विस्फोट हुआ था, इतिहास का सबसे बड़ा ज्वालामुखी विस्फोट था।
- न्यूज़ीलैंड का माउंट रुआपेहु रिंग ऑफ फायर (अग्नि वलय) में सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है, जिसमें वार्षिक रूप से छोटे-छोटे विस्फोट होते हैं और लगभग प्रत्येक 50 वर्षों में बड़े विस्फोट होते हैं।
- माउंट फूजी जापान का सबसे ऊँचा और सबसे प्रसिद्ध पर्वत न्यूज़ीलैंड के माउंट रुआपेहू में एक सक्रिय ज्वालामुखी है। **अत: विकल्प D सही है।**

नोट :

**191.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में 450 से अधिक सक्रिय और प्रसुप्त ज्वालामुखियाँ हैं।
- रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में अधिकांश सक्रिय ज्वालामुखी इसके पश्चिमी किनारे पर, रूस से न्यूज़ीलैंड तक पाए जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1800 के बाद से रिंग ऑफ फायर के अंदर प्रमुख ज्वालामुखीय घटनाएँ घटी हैं, जिनमें माउंट टैम्बोरा, इंडोनेशिया (1815), माउंट रुइज़, कोलंबिया (1985), और माउंट पिनातुबो, फिलीपींस (1991) का विस्फोट शामिल है।
- पॉपोकैटेपेटल रिंग ऑफ फायर के सबसे खतरनाक ज्वालामुखियों में से एक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- रिंग ऑफ फायर के पूर्वी हिस्से में कई सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्र हैं, जिनमें अलेउतियन द्वीप समूह, पश्चिमी अमेरिका में कैस्केड पर्वत, ट्रांस-मैक्सिकन ज्वालामुखी बेल्ट और एंडीज पर्वत शामिल हैं।
- माउंट फूजी एक "ट्रिपल जंक्शन" पर स्थित है, जहाँ तीन विवर्तनी प्लेटें, अमूर प्लेट, ओखोटस्क प्लेट और फिलीपीन प्लेट परस्पर क्रिया करती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**192.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ब्रिक्स, ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का समूह है, इसका उदय मुख्यत: साझा आर्थिक हितों और चुनौतियों का सामना करने हेतु एक आर्थिक ब्लॉक के रूप में हुआ।
- यह नाटो की तरह सैन्य अथवा सुरक्षा सहायता प्रदान नहीं करता है।
- हालाँकि वर्तमान में ब्रिक्स देशों के लिये विशेष रूप से व्यापार और निवेश के लिये ऐसी कोई मुद्रा नहीं है, ब्रिक्स के प्रतिनिधित्वों ने ब्रिक्स देशों के लिये एकीकृत मुद्रा विकसित करने की संभावनाओं पर विचार करने का निर्णय लिया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- नाटो(जो रक्षा और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित है) के विपरीत, ब्रिक्स आर्थिक सहयोग तथा विकास पर केंद्रित है।
- यह राष्ट्रों पर निगरानी रखने, शांति सैनिकों(पीसकीपर्स) को तैनात करने, या सदस्य देशों अथवा अन्य को सैन्य सहायता प्रदान करने में शामिल नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ब्रिक्स वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक बड़े हिस्से(विश्व की जीडीपी का 36%) का प्रतिनिधित्व करता है, यह विश्व की जीडीपी का 36% हिस्सा है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**193.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) की स्थापना प्रथम शीत युद्ध के दौरान उन देशों को एकजुट करने हेतु की गई थी, जिन्होंने औपचारिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका या सोवियत संघ के साथ शामिल नहीं होने का फैसला किया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1955 में इंडोनेशिया में एशिया-अफ्रीका बांडुंग सम्मेलन के दौरान हुई चर्चाएँ इस संगठन की स्थापना का प्रेरक तत्त्व हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस संगठन का उद्देश्य वर्ष 1979 की हवाना घोषणा में "गुटनिरपेक्ष देशों की राष्ट्रीय स्वतंत्रता, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता" सुनिश्चित करना था। **अत: कथन 3 सही है।**

**194.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- चारधाम परियोजना का लक्ष्य "हिमालय में चारधाम तीर्थस्थलों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री तक कनेक्टिविटी में सुधार करना है, जिससे इन केंद्रों तक यात्रा सुरक्षित, द्रुत और अधिक सुविधाजनक हो सके।" **अत: विकल्प A सही है।**

**नोट :**